रांची, गुरुवार | 14 मई 2026 | वर्ष-27, अंक-101, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12, संवत 2083 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10






| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 34.4° | अधिक. 33.0° |
| न्यून. 19.0° | न्यून. 17.0° |

## उद्योग मंत्री ने कोलकाता में झारक्राफ्ट के नए इंपोरियम का किया उद्घाटन, कहा

# महिलाएं सशक्त होंगी, ग्रामीण रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/कोलकाता।** झारखंड की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रयास करते हुए बुधवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के थिएटर रोड में झारक्राफ्ट के नए इंपोरियम का उद्घाटन किया गया। राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि यह इंपोरियम केवल उत्पादों की बिक्री का केंद्र नहीं होगा, बल्कि यह झारखंड के हजारों कारीगरों के सपनों, मेहनत और आत्मविश्वास का प्रतीक बनेगा। इससे ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि झारक्राफ्ट लगातार राज्य के कारीगरों, बुनकरों और ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके हुनर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने का कार्य कर रहा है। संजय प्रसाद यादव ने कहा कि आज का यह अवसर हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का क्षण है।



### नया इंपोरियम झारखंड के हजारों कारीगरों की मेहनत और आत्मविश्वास का है प्रतीक

**नया इंपोरियम दो राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने का करेगा कार्य :** इस अवसर पर झारखंड के उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि कोलकाता कला, साहित्य और संस्कृति का केंद्र रहा है। ऐसे शहर में झारक्राफ्ट के इस नए इंपोरियम की स्थापना दो राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने का कार्य करेगी। यहां आने वाले ग्राहकों को झारखंड की पारंपरिक कला और आधुनिक डिजाइन का सुंदर संगम देखने को मिलेगा।

झाक्राफ्ट के नए इंपोरियम का शुभारंभ कोलकाता जैसे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगर में होना हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि झारखंड अपनी प्राकृतिक संपदा के साथ-साथ समृद्ध हस्तशिल्प, हथकरघा, तसर सिल्क, डोकरा कला, बांस एवं लकड़ी के शिल्प और जनजातीय संस्कृति के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक गरिमा सिंह ने उद्घघाटन समारोह में आए हुए सभी विशिष्ट आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि झारक्राफ्ट का यह नया इंपोरियम कोलकाता के लोगों के बीच विशेष लोकप्रियता प्राप्त करेगा शेष पेज 11 पर

## दृष्टिपात

### ईंधन बचत को लेकर राज्यपाल के काफिले में अब सिर्फ 4 गाड़ियां



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर ईंधन संरक्षण और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बुधवार को बताया कि लोक भवन झारखंड में उनके कारकेड में वाहनों की संख्या घटाकर मात्र चार कर दी गई है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंधन संरक्षण अभियान से प्रेरित बताया गया। राज्यपाल ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य ऊर्जा बचत और संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देना है।

### रांची में हुई गर्जन के साथ झमाझम बारिश तापमान में गिरावट

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों अच्छी बारिश हो रही है। 15 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में बारिश के साथ वज्रपात होने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद गर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम साफ हो गया और सुहाना हो गया। बारिश होने से तापमान में भी तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

## स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने मेरिल कंपनी के साथ की बैठक, कहा

# जिला अस्पतालों में लगेंगी फुली ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें

- राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में भी लगाई जाएंगी
- दूसरे चरण में सीएचसी और पीएचसी तक होगा विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में फुली ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें स्थापित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में इन मशीनों को स्थापित किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में राज्य के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्तर तक इसका विस्तार किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को पैथोलॉजी जांच करने के लिए मशीन बनाने वाली मेरिल कंपनी के साथ बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान कंपनी ने मशीन का प्रेजेंटेशन भी दिया।

अजय कुमार सिंह ने कहा कि 15 जून तक सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में मशीनों की स्थापना हो। प्रेजेंटेशन के दौरान मेरिल कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य के अस्पतालों में पूर्व से लगी सेमी ऑटोमेटिक पैथोलॉजिकल शेष पेज 11 पर



### स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार



हेमंत सोरेन सरकार राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के प्रति लगातार प्रयासरत है। राज्य सरकार झारखंड के निवासियों की सुलभ चिकित्सा के लिए 'हेल्थ सर्किट' और सरकारी अस्पतालों के उन्नयन पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सरकार की सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों को आपस में जोड़ने की योजना है, जिससे कि मरीजों को एक से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करना आसान हो। अस्पतालों का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में 24गुणा7 कार्यक्षमता और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य में ही कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक मशीनें और सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत राज्यकर्मियों, पेंशनभोगियों और विश्वविद्यालय कर्मियों के लिए 5 लाख का कैशलेस इलाज किए जाने की व्यवस्था है।

**जांच रिपोर्ट सीधे मरीज के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जा सकेगी :** मेरिल कंपनी की ओर से मशीनों पर 10 वर्षों तक मेंटेनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। नई मशीनों के माध्यम से यूरिन और ब्लड से संबंधित लगभग सभी पैथोलॉजिकल जांचें की जा सकेंगी। मशीन से प्राप्त जांच रिपोर्ट सीधे मरीज के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जा सकेगी। कंपनी संबंधित मैनपावर को प्रशिक्षण देने के साथ सॉफ्टवेयर संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी निभाएगी।



### पीएलएफआई के हार्डकोर उग्रवादी राजेश महतो को किया गया गिरफ्तार

- एक देसी पिस्टल, दो कारतूस, उग्रवादी पर्चे और मोबाइल फोन बरामद


**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के हार्डकोर उग्रवादी राजेश महतो उर्फ राजेश यादव को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, दो कारतूस, उग्रवादी पर्चे और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में कर्रा थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी खूंटी के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बुधवार को प्रेस वार्ता में दी।

एसपी ने बताया कि मंगलवार (12 मई) को गुप्त सूचना मिली थी कि कर्रा थाने का प्राथमिकी अभियुक्त और पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य राजेश महतो किसी काम से खूंटी आने वाला है। सूचना के सत्यापन और गिरफ्तारी के लिए तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। शेष पेज 11 पर

### सीबीएसई की 12वीं परीक्षा के परिणाम घोषित

## रांची की बेटी भव्या रंजन ने कला संकाय में किया टॉप




भव्या रंजन

#### शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन व अनुशासित माहौल से सफलता

भव्या रंजन ने पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक एक ही स्कूल में पढ़ाई करने को भी अपनी सफलता का अहम कारण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और अनुशासित माहौल ने उन्हें लक्ष्य के प्रति केंद्रित रखा। भव्या अब इतिहास विषय से स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई करना चाहती हैं। इसके साथ ही वह सिविल सर्विसेज की तैयारी भी जारी रखेंगी। उनका अगला लक्ष्य सिविल सर्विसेज में सफलता प्राप्त करना है।

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस**

रांची के ऑक्सफोर्ड स्कूल की छात्रा भव्या रंजन ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में कला संकाय में 99.8 प्रतिशत अंकों के साथ नेशनल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी सफलता के बाद स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है, वहीं परिजनों और शिक्षकों ने इसे मेहनत, अनुशासन, और निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम बताया है। ज्ञात हो कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। सीबीएसई की ओर से जारी नतीजों के अनुसार, इस वर्ष परीक्षा में कुल 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारते हुए लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

इधर, भव्या रंजन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल के शैक्षणिक माहौल को दिया। उन्होंने बताया कि स्कूल में शुरू किए गए 'टारगेट 100' समूह से उन्हें काफी लाभ मिला। इस विशेष समूह में उन विद्यार्थियों को शामिल किया गया था, जिनका लक्ष्य हर विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करना था। समूह के तहत प्रतिदिन प्रश्न दिए जाते थे और कठिन विषयों पर शिक्षकों द्वारा तुरंत मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता था। भव्या के मुताबिक, इससे न केवल पढ़ाई व्यवस्थित हुई, बल्कि आत्मविश्वास भी लगातार बढ़ता गया। उन्हें 500 अंकों की परीक्षा में 499 अंक प्राप्त हुए हैं। भव्या की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता भी बेहद भावुक और गौरवान्वित हैं। पिता राजीव रंजन ने कहा कि बेटी ने परिवार का सपना पूरा किया है शेष पेज 11 पर

## रांची अरगोड़ा चौक में बस पर की गई फायरिंग, चार आरोपी गिरफ्तार

- बाल-बाल बची बस चालक की जान, आरोपियों के पास से देसी पिस्टल व दो मोबाइल जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा चौक पर मंगलवार की देर रात एक बस पर फायरिंग की गई। फायरिंग के बाद अपराधियों ने मौके से फरार होने की कोशिश की, तभी पुलिस ने खदेड़ कर एक अपराधी को दबोच लिया। हालांकि, दो अन्य अपराधी फरार होने में कामयाब रहे। बाद में पुलिस ने फरार होने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, हथियार उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कुंदन कुमार सोनी, अभिजीत कुमार उर्फ अन्नो सिंह, नितिन पांडेय उर्फ अमन और गोलू राम उर्फ गोलू शामिल हैं। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने प्रेस वार्ता में कहा कि मंगलवार की देर रात जीवन ज्योति शेष पेज 11 पर

### गिरिडीह में छह शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

- बेंगाबाद के चरनबारी और कोठाहरिया जंगल से देशभर के लोगों को बना रहे थे शिकार

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में साइबर ठगों ने अब पुलिस से बचने के लिए जंगलों को अपना नया 'सेफ हाउस' बना लिया है। गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के चरनबारी और कोठाहरिया जंगल में चल रहे एक हाईटेक 'जंगल कंट्रोल रूम' का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से छह शातिर साइबर अपराधियों को रंगे हाथ दबोचा है शेष पेज 11 पर

## टाटानगर यार्ड के रिहायशी इलाके में घुसा तेंदुआ

- प्रशासन ने की रात के समय अकेले बाहर न निकलने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

### जोजोबेड़ा रेललाइन के पास भी तेंदुए को देखे जाने की है चर्चा



**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** जमशेदपुर में पिछले 24 घंटों से तेंदुए की मौजूदगी ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। पहले टाटानगर रेलवे यार्ड में दिखने के बाद अब यह जंगली जानवर रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। बुधवार को मकदमपुर स्थित मुंशी बाड़ी इलाके में एक घर के अंदर तेंदुआ घुस जाने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं, जोजोबेड़ा रेललाइन के पास भी तेंदुए को देखे जाने की चर्चा है।


जानकारी के अनुसार, मकदमपुर निवासी भानु लाल और आभा देवी के घर में अचानक तेंदुआ घुस आया। घर के अंदर जंगली जानवर को देखते ही परिवार के सदस्य डर गए और शोर मचाने लगे। लोगों की आवाज सुनकर तेंदुआ भी घबरा गया और वहां से भाग निकला। गनीमत रही कि इस दौरान कोई घायल नहीं हुआ, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की निगरानी शुरू कर दी। पुलिस की टीम लगातार गश्त कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सूचना देने के काफी देर बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। बताया जा रहा है कि तेंदुए की दहशत की शुरुआत टाटानगर रेलवे यार्ड से हुई थी, जहां झाड़ियों के बीच धब्बेदार जंगली जानवर को घूमते हुए देखा गया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वन विभाग ने यार्ड इलाके में ट्रैप कैमरे भी लगाए थे। शेष पेज 11 पर

### अफवाह से बेचैन लोगों ने डीजल-पेट्रोल स्टॉक करना शुरू किया, कई पंप खाली

## पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं : डीलर्स एसोसिएशन

**सुनील बादल**

**रांची।** राजधानी रांची सहित आसपास के शहरों में पेट्रोल और डीजल की कमी अचानक बढ़ी हुई दिख रही है। शहर के कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन की सप्लाई प्रभावित होने से आम लोगों के साथ-साथ ट्रक चालकों और लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल पूरी तरह खत्म हो चुका है, जबकि कुछ जगहों पर सीमित मात्रा में ही तेल बचा हुआ है। रांची से दूसरे राज्यों में चलने वाले चालक चिंतित हैं जिनका कहना है कि किसी राज्य में तेल की कमी नहीं है । राजधानी रांची के आसपास नामकुम से रिंग रोड, कोकर से नेवरी चौक और अरगोड़ा से दलादली चौक तक कई पेट्रोल पंपों पर मंगलवार को सप्लाई प्रभावित रही। आसपास के शहरों के कई पेट्रोल पंप पर तेल भराने के लिए वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। प्रधानमंत्री की ईंधन बचाने की अपील के बाद ईंधन संकट की आशंका को देखते हुए लोग अब गैलन में भी पेट्रोल और डीजल स्टोर करने लगे हैं। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि डिपो से पहले क्रेडिट में तेल मिलता था या डीओडी यानी कभी भी दिन में ड्राफ्ट या ऑनलाइन भुगतान पर तेल मिलता तथा पर अब एडवांस में ड्राफ्ट जमा करना पड़ रहा है जिससे बैंक बंद होने या बीच में रविवार या किसी छुट्टी पड़ने पर नियमित आपूर्ति में बाधा होने के कारण परेशानी बढ़ रही है। यदि जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में संकट और गहरा सकता है। एक पेट्रोल पंप संचालक ने बताया कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों को अब ऊपर एडवांस पेमेंट करना पड़ता है जिस कारण वे डीलर से एडवांस मांग रहे हैं आपूर्ति की कमी नहीं है । यदि किसी पेट्रोल पंप के पास तीन टैंकर हैं तो उन्हें एक-एक का क्रमवार एडवांस जमाकर प्रबंधन से इस कमी से बच सकता है । दक्षिण छोटानागपुर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजहंस मिश्रा ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बंद करने का कोई आदेश नहीं दिया है । संभवतः लोग प्रधानमंत्री के पेट्रोलियम बचत की अपील को ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं और आवश्यकता से अधिक खरीददारी कर रहे हैं जबकि आपूर्ति में कोई कमी नहीं है ।



## झारखंड के पूर्व विधायक और मंत्री माधव लाल सिंह का रांची में निधन



लंबे समय से बीमार चल रहे थे, गोमिया विस क्षेत्र का चार बार किया प्रतिनिधित्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता माधव लाल सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। रांची के बरियातू स्थित पल्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अस्पताल में सुबह 9:05 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से झारखंड की राजनीति में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बोकारो से रांची रेफर किया गया था। डॉक्टरों की टीम लगातार उनका इलाज कर रही थी, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। माधव लाल सिंह ने बोकारो जिले के गोमिया विधानसभा क्षेत्र का चार बार प्रतिनिधित्व किया था। वह वर्ष 1985, 1990, 2000 और 2009 में विधायक चुने गए थे। संयुक्त बिहार से लेकर झारखंड राज्य गठन के बाद तक उन्होंने क्षेत्रीय और जनसरोकार शेष पेज 11 पर

### राज्यपाल, सीएम व नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक

**रांची।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही, इसे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, झारखंड के पूर्व मंत्री एवं गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। शेष पेज 11 पर

**गुफरान अहमद ने सभी सिविल सर्जन को पत्र लिखकर दिए निर्देश**

# एनएचएम में सभी भुगतान डीबीटी व आधार आधारित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने स्वास्थ्य सेवाओं के लाभार्थियों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए भुगतान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मिशन के निदेशक, वित्त गुफरान अहमद ने सभी सिविल सर्जन को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि एनएचएम अंतर्गत संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का भुगतान अब अनिवार्य रूप से आधार आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किया जाएगा। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आलोक में, वर्तमान वित्तीय वर्ष से सभी भुगतान प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्देश जारी दिया है।

मुख्य रूप से विभिन्न श्रेणियों में भुगतान अब सीधे लाभार्थियों के खातों में जाएगा, जिसमे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों को पोषण सहायता, डॉट प्रदाताओं का पारिश्रमिक और निजी क्षेत्र के सूचनादाताओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि, स्वास्थ्य सहियाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि, अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों का भुगतान, जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत मिलने वाले लाभ, परिवार नियोजन सेवाओं के लिए दिए जाने वाले भुगतान आदि शामिल है। निदेशक वित्त ने स्पष्ट किया है कि आधार आधारित भुगतान प्रणाली से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भुगतान में होने वाली देरी को भी कम किया जा सकेगा। सभी संबंधित अधिकारियों को इस व्यवस्था का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# रांची में यातायात व्यवस्था बेहतर करने की तैयारी

**नियम तोड़ने वालों के लिए चलेगा विशेष अभियान**

● यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन को लेकर विस्तृत चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर पुलिस अधीक्षक (यातायात) रांची की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस उपाधीक्षक-प्रथम, यातायात रांची, पुलिस उपाधीक्षक-द्वितीय, परिचारी प्रवर तथा सभी यातायात थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक यातायात ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि ब्लैक शीशा, फैंसी नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, रेस ड्राइविंग तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले वाहनों एवं नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों पर भी विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। ऑटो और टोटो चालकों को अनिवार्य रूप से यूनिफॉर्म पहनने का निर्देश देने की बात भी बैठक में कही गई। पुलिस अधिकारियों ने इस बात पर चिंता जताई कि कई यातायात पोस्टों पर लेफ्ट फ्री लेन में भी वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है। सभी यातायात थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा यातायात नियमों का सही तरीके से पालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में गलत तरीके से लिखे गए नंबर प्लेट और नंबर प्लेट पर लेप लगाने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्कूल खुलने और छुट्टी के समय यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए, संबंधित क्षेत्रों में अधिकारियों को लगातार भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक यातायात ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी बिंदुओं का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।

# 20 मई को देशभर में दवा दुकानें रहेंगी बंद



**रांची।** ऑनलाइन दवा बिक्री और नई दवा नीति के विरोध में देशभर के केमिस्ट संगठनों ने 20 मई को एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। हड़ताल के दौरान सभी प्रकार की दवा दुकानें बंद रहेंगी। केमिस्ट संगठनों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे दवा व्यवसायियों पर असर पड़ रहा है, वहीं नई दवा नीति में कई ऐसे प्रावधान हैं जिनका वे विरोध कर रहे हैं। हड़ताल के कारण आम लोगों को दवाइयों की खरीद में परेशानी हो सकती है। संगठनों ने लोगों से अपील की है कि आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था पहले से कर लें, ताकि हड़ताल के दिन किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

# कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार शर्म नहीं बल्कि जश्न का विषय : प्रतुल

● पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को बेल मिलने पर पटाखा फोड़ना और नाचना दुर्भाग्यपूर्ण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि टेंडर घोटाले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से बेल मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा पटाखे फोड़ना, नाच-गाना करना और उत्सव मनाना झारखंड की राजनीति के नैतिक पतन का सबसे बड़ा उदाहरण है।उन्होंने कहा कि हद तो तब हो गई जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और उनके सहयोगियों ने जिस प्रकार "बेल उत्सव" मनाया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार शर्म का नहीं बल्कि जश्न का विषय बन चुका है। प्रतुल ने कहा कि जिस व्यक्ति के निजी सचिव के सहायक के यहां से ईडी की छापेमारी में 32 करोड़ से अधिक नकद बरामद हुआ, जिस मामले में उस सहायक जहांगीर आलम ने स्वयं स्वीकार किया कि पैसा आलमगीर आलम का है, उस मामले में बेल मिलने पर कांग्रेसियों का नाचना पूरे राज्य की जनता का अपमान है। बेल को कांग्रेस "बाइज्जत बरी" की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि देश की जनता जानती है कि बेल न्यायिक प्रक्रिया का एक हिस्सा है, भ्रष्टाचार मुक्त होने का प्रमाणपत्र नहीं। प्रतुल ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और झामुमो गठबंधन की सरकार ने शायद नया नारा बना लिया है 'जहां घोटाला, वहां शर्म नहीं बल्कि जश्न मनेगा'। प्रतुल ने कहा कि आज झारखंड की स्थिति यह है कि गांवों में पेयजल योजनाएं दम तोड़ चुकी हैं। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद लोग बूंद-बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं। कई जलमीनार शोपीस बन चुकी हैं। प्रतुल ने कहा कि राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वो 3000 करोड़ के टेंडर घोटाले को "उपलब्धि" मानती है? क्या उनके युग में कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति है कि जनता के पैसे की लूट पर जश्न मनाया जाए?

# भाजपा झूठ और प्रोपेगेंडा की राजनीति कर रही है : लाल किशोर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि भाजपा के पास मुद्दों का अकाल है, इसलिए वे झूठ और प्रोपेगेंडा का सहारा ले रहे हैं। आलमगीर आलम की पत्नी निशत आलम को पाकुड़ में रिकॉर्ड वोट से जीता कर वहां की जनता पहले ही क्लीन चिट दे चुकी है और पार्टी को अदालत पर भी पूरा भरोसा है, जल्द ही न्याय मिलने की उम्मीद है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से बेल मिली है, जो यह साबित करता है कि न्यायिक प्रक्रिया अपना काम कर रही है। भाजपा का काम केवल जांच एजेंसियों को हथियार बनाकर विपक्ष को बदनाम करना है। जब अदालत ने उन्हें राहत दी है, तो यह हमारे लिए खुशी की बात है और कार्यकर्ता अपनी खुशी का इजहार लोकतांत्रिक तरीके से कर रहे हैं। भाजपा को न्यायपालिका के फैसले पर सवाल उठाने के बजाय आत्मचिंतन करना चाहिए। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि प्रतुल शाह देव और उनकी पार्टी केवल कमीशन और करप्शन की बात करके जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। जिस टेंडर घोटाले की वे बात करते हैं, वह पूरी तरह से भाजपा द्वारा प्रायोजित राजनीतिक साजिश है। भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा ही झूठ है। वे यह भूल जाते हैं कि केंद्र की उनकी सरकार के संरक्षण में देश के बड़े-बड़े उद्योगपति जनता का हजारों करोड़ लेकर विदेश भाग गए, उस पर भाजपा मौन क्यों है? राज्य की बदहाल स्थिति के भाजपाई आरोपों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। हमारी सरकार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के माध्यम से जनता तक पहुंच रही है।

# भाजपा अपने गिरेबान में झांके, फिर कांग्रेस पर लगाए आरोप : सोनाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा नेताओं द्वारा राजनीतिक शुचिता और भ्रष्टाचार को लेकर दिए जा रहे बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो नेता राजनीतिक शुचिता की बात करते हैं, उन्हें पहले अपने दल का चेहरा आईने में देखने की आवश्यकता है। भाजपा में भ्रष्टाचार, बलात्कार और हत्या जैसे गंभीर आरोपों से घिरे नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, ऐसे में कांग्रेस पर आरोप लगाना भाजपा का राजनीतिक पाखंड है।

सोनाल शांति ने कहा कि शारदा चिटफंड घोटाले और लुई बर्गर स्कैम से जुड़े आरोपों का सामना कर चुके नेताओं को भाजपा ने महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया है। उन्होंने कहा कि कैमरे के सामने कथित रूप से घूस लेते पकड़े गए नेताओं को भाजपा संरक्षण देती रही है और दूसरी ओर कांग्रेस पर नैतिकता का पाठ पढ़ाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रेम खांडू की संपत्ति में असामान्य वृद्धि को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। साथ ही उनके कार्यकाल में सरकारी ठेकों और संसाधनों के आवंटन को लेकर भी कई बार सवाल खड़े हुए, जिन पर न्यायपालिका द्वारा भी टिप्पणियां की गईं। भाजपा को इन मुद्दों पर जवाब देना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कुलदीप सेंगर, मनोहर लाल धाकड़ तथा महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी नेताओं को संरक्षण देने वाली भाजपा को नैतिकता पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने राजनीतिक हितों के अनुसार आरोपियों के प्रति अलग-अलग रवैया अपनाती रही है।

सोनाल शांति ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के खिलाफ भाजपा द्वारा राजनीतिक साजिश रची गई। उन्होंने दावा किया कि आलमगीर आलम के आवास या अन्य ठिकानों से कोई बरामदगी नहीं हुई और उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के तहत निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि यदि केवल एजेंसियों की कार्रवाई के आधार पर किसी को दोषी मान लिया जाए, तो भाजपा को अपने नेताओं के संदर्भ में भी जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। वर्ष 2019 से 2024 के बीच ईडी द्वारा अनेक विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई की गई, लेकिन दोषसिद्धि के मामले बेहद कम रहे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि एजेंसियों का दुरुपयोग राजनीतिक उद्देश्य से किया जा रहा है। सोनाल शांति ने कहा कि आलमगीर आलम कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं और उन्हें जमानत मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। वहीं भाजपा ऐसे नेताओं को सम्मान देती है, जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप रहे हैं, और फिर कांग्रेस पर आरोप लगाने का प्रयास करती है।

**किसानों के मुद्दे पर 15 से 20 तक राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर किया धरना कार्यक्रम का ऐलान**

# सरकार किसानों के साथ कर रही है वादाखिलाफी : आदित्य

नवीन मेल संवाददाता



बेमौसम बारिश और इसके साथ भारी ओला वृष्टि से किसानों को हुई है भारी क्षति

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने राज्य सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादाखिलाफी सहित उनसे जुड़े अन्य सभी मुद्दे को लेकर 15 मई से लेकर 20 मई तक राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम का ऐलान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि महागठबंधन सरकार ने चुनाव पूर्व किसानों को लेकर कई बड़े बड़े वादे किए थे, उन वादों को पूरा करने में सरकार नाकाम साबित हुई है। परन्तु सरकार बनते ही यह सरकार उन्हें भूल गई। किफायती दर पर खाद देने की बात तो दूर उल्टे उसकी कालाबाजारी की जा रही है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना को हेमंत सरकार ने बंद करने का काम किया। फिर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भी अवरोध पैदा किया गया। वर्तमान हेमंत सरकार पूरी तरह किसान और गरीब विरोधी है। इस सरकार का चेहरा पूरी तरह बेनकाब किया जाएगा। वहीं श्री साहू ने बेमौसम बारिश और इसके साथ भारी ओला वृष्टि से किसानों को हुई क्षति को लेकर राज्य सरकार से किसानों को उचित मुआवजे देने की भी मांग की है। श्री साहू ने कहा कि बेमौसम बारिश और भारी ओला वृष्टि रांची सहित राज्य के कई जिलों के किसानों के लिए अभिशाप बन रही है। इससे किसानों के फसलों को काफी नुकसान हुआ है। खासकर तरबूज, खीरा, ककड़ी और सब्जियों को भारी नुकसान होने की सूचना प्राप्त हो रही है। किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। कुछ किसानों ने तो कई कई एकड़ खेतों में फसल लगाया था, इसके नष्ट होने से उनकी कमर ही टूट गई है। राज्य सरकार को तत्काल अपने स्तर से इसका सर्वेक्षण कराकर किसानों को हुए इस नुकसान का सही सही आकलन कर उन्हें उचित मुआवजा भुगतान करने की दिशा में तत्काल पहल करनी चाहिए।

श्री साहू ने कहा कि कई जगहों पर गरीबों के घर भी क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आ रही है। अभी तो बेमौसम बरसात हो रही है, जल्द ही मानसून भी दस्तक देगी, इसलिए बेघर हुए लोगों की सुध लेनी चाहिए। नहीं तो पीड़ित परिवार को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। इन्हें भी सरकार अपने स्तर से राहत मुहैया कराए।

# आईआरएस व डीवीडीएमएस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** एनएचएम एवं राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आईपीएस कॉन्फ्रेंस हॉल में इंडोर इनडोर अवशिष्ट स्प्रे (आईआरएस) एवं डीवीडीएमएस विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मलेरिया नियंत्रण एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए फील्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों की क्षमता वृद्धि करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभागियों के पंजीकरण एवं स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। तकनीकी सत्रों में डीवीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से दवा प्रविष्टि एवं मांग प्रक्रिया, आईआरएस की रिपोर्टिंग प्रणाली, स्टेंसिलिंग एवं वेक्टर नियंत्रण की भूमिका पर जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने आईआरएस में एंटोमोलॉजिकल भूमिका, प्री एवं पोस्ट वेक्टर डेंसिटी, मॉनिटरिंग मैकेनिज्म, प्रमुख चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही आईईसी/बीसीसी गतिविधियों के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के प्रयोग, स्प्रे उपकरणों की सफाई, उपयोग के बाद रखरखाव तथा कीटनाशक अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण पर भी विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में स्प्रे पंप का प्रायोगिक प्रदर्शन एवं हैंड्स-ऑन डेमोंस्ट्रेशन कराया गया, जिससे प्रतिभागियों को फील्ड कार्य का व्यावहारिक अनुभव मिला। इस अवसर पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिरेंद्र कुमार ने कहा कि आईआरएस गतिविधियों को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करना आवश्यक है।

**समझौता** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा और एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

# शैक्षणिक सहयोग व संयुक्त अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा ने संयुक्त राज्य अमेरिका के सार्वजनिक अनुसंधान विश्वविद्यालय, एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों संस्थानों के बीच यह गठबंधन शैक्षणिक सहयोग, संकाय सहभागिता, छात्र विकास और संयुक्त पहलों के अवसरों को बढ़ावा देगा। यह समझौता ज्ञापन संकाय विकास एवं विनिमय, छात्र सहभागिता पहलों, शैक्षणिक कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करेगा। इसके साथ ही यह साझा शिक्षण पद्धतियों, पाठ्यक्रम निर्माण दृष्टिकोणों और बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा एवं एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच व्यापक शैक्षणिक संवाद को भी प्रोत्साहित करेगा। इस दौरान हुई चर्चाओं में दोनों संस्थानों द्वारा शैक्षणिक सहयोग, इंजीनियरिंग शिक्षा, अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव और भविष्य के संस्थागत सहयोग के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस समझौते पर बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना और एलुमनाई एवं इंटरनेशनल रिलेशंस की डीन डॉ. श्रद्धा शिवानी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से फुल्टन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में प्रेसिडेंट्स प्रोफेसर, स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड ऑगमेंटेड इंटेलिजेंस की वाइस डीन (एकेडमिक एवं स्टूडेंट अफेयर्स) तथा एएसयू-एमएवाईओ सेंटर फॉर इनोवेटिव इमेजिंग की निदेशक डॉ. टेरेसा वू; एकेडमिक एवं स्टूडेंट अफेयर्स के वरिष्ठ निदेशक जेरेमी हेल्म; दक्षिण-पूर्व एशिया के एसोसिएट वाइस प्रोवोस्ट, सहायक डीन एवं ग्लोबल आउटरीच एंड एक्सटेंडेड एजुकेशन के कार्यकारी निदेशक जेफरी गॉस; स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के एसोसिएट डीन, मैकेनिकल एवं एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर तथा एएसयू एनर्जी एफिशिएंसी सेंटर के निदेशक डॉ. पैट्रिक फेलन; तथा इरा ए. फुल्टन स्कूल्स ऑफ इंजीनियरिंग के डीन एवं प्रोफेसर काइल स्क्वायर्स भी उपस्थित रहे। संस्थान के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना ने कहा, "यह सहयोग भारतीय उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण की एक रणनीतिक पहल है। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा की तकनीकी दक्षता को एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी के वैश्विक नवाचार के साथ जोड़कर हम एक बहु-विषयक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहे हैं, जो शिक्षा और रोजगार के बीच के ऐतिहासिक अंतर को कम करता है। हम अपने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पाठ्यक्रम एवं अनुसंधान अनुभव प्रदान कर रहे हैं, जो भारत की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा के अनुरूप है। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच निरंतर संवाद के लिए एक औपचारिक आधार तैयार करेगा तथा भविष्य में सहयोगात्मक शैक्षणिक एवं अनुसंधान पहलों को लेकर आगे की चर्चाओं को प्रोत्साहित करेगा।

## दृष्टिपात

### कुरमी समाज ने राज्यपाल को भेंट की रघुनाथ महतो की प्रतिमा



**रांची।** कुरमाली भाषा परिषद के तत्वावधान में राजधानी रांची स्थित लोक भवन में आज कुरमी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो की प्रतिमा महामहिम को भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को रघुनाथ महतो के संघर्ष, बलिदान और समाज के प्रति उनके योगदान की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि ऐसे वीर सपूतों का इतिहास नई पीढ़ी तक पहुंचना चाहिए। उल्लेखनीय है कि रघुनाथ महतो की उक्त प्रतिमा राजभवन परिसर में स्थापित की जाएगी, जिससे आने वाली पीढ़ियों को उनके साहस और देशभक्ति से प्रेरणा मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे कुरमी समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, शैलेन्द्र महतो, कुरमाली भाषा परिषद् के अध्यक्ष डॉ राजा राम महतो, अधिवक्ता मृत्युंजय प्रसाद, समाजसेवी सत्यनारायण महतो एवं सखीचंद महतो शामिल थे।

### पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन पर कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया शोक



**रांची।** पूर्व मंत्री एवं गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह के निधन पर झारखंड के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि माधव लाल सिंह का जनसेवा और राजनीति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण एवं अनुकरणीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सिंह सदैव जनता के लिए उपलब्ध रहते थे और अपने शांत, सौम्य एवं सहज व्यवहार के कारण लोगों के बीच उनकी विशेष पहचान थी। उन्होंने कहा कि उनके निधन से झारखंड के राजनीतिक जगत में ऐसा खालीपन उत्पन्न हुआ है जिसे भर पाना कठिन है। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने सदैव राजनीतिक शुचिता और मर्यादा का पालन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

### छात्रा पर आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध, आजसू ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन




**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की डोरंडा इकाई ने डोरंडा कॉलेज परिसर में एक छात्रा के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी और कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्र संगठन ने मामले में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन आजसू छात्र संघ डोरंडा इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा गया। छात्र नेताओं ने कहा कि कॉलेज परिसर में इस प्रकार की घटनाएं शिक्षा के वातावरण को दूषित करती हैं और छात्राओं की सुरक्षा एवं सम्मान पर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करना कॉलेज प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आजसू नेताओं ने मांग की कि दोषी व्यक्तियों की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कॉलेज परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अमन साहू, प्रदेश सचिव राजेश सिंह, डोरंडा अध्यक्ष अभिषेक राज दुबे, अंगद, प्राची प्रिया, शुभम, आशीष, अनुराग सहित कई छात्र कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झारखंड आदिवासी कांग्रेस में अनुसूचित जनजाति विकास परिषद के सदस्यों का मनोनयन

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया द्वारा झारखंड आदिवासी कांग्रेस के अंतर्गत प्रदेश अनुसूचित जनजाति विकास परिषद के सदस्यों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों का मनोनयन किया गया है। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को पत्र लिखकर जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि परिषद में कई वरिष्ठ नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है, जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी।

**अनुसूचित जनजाति विकास परिषद के सदस्य :** डॉ रामेश्वर उरांव, डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा, बंधु तिर्की, राजेश कच्छप, शिल्पी नेहा तिर्की, नमन विक्सल कौनगाड़ी, रामचंद्र सिंह, भूषण बारा, सोनाराम सिंकू, गीता श्री उरांव, जोसाई मार्डी एवं राज उरांव।

**विशेष आमंत्रित सदस्य :** देवेंद्रनाथ चांपिया, थियोडोर कीरो, दीनबंधु बोईपाई, शशि पन्ना, बॉबी भगत, दयामणि बारला, सतीश पॉल मुंजनी, बेलस तिर्की, चैतू उरांव, शिवकुमार भगत, सुंदरी तिर्की, रमा खलको, विनय उरांव, राजनिल तिग्गा, सुखेर भगत, सोमनाथ मुंडा, रंजन बोईपाई, दीपिका बेसरा एवं स्टीफन मरांडी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस नई टीम के गठन से आदिवासी समाज के विकास एवं संगठनात्मक मजबूती को नई दिशा मिलेगी।

### नीट पेपर लीक पर राजद का हमला, एनटीए निष्पक्ष संस्था नहीं, हो कार्रवाई : कैलाश



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता कैलाश यादव ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लगातार दूसरी बार नीट परीक्षा में पेपर लीक होना बेहद गंभीर मामला है और इससे सरकार की कार्यशैली एवं परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मंगलवार को जारी बयान में कैलाश यादव ने कहा कि नीट, जेईई मेन, यूजीसी नेट और सीयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं का आयोजन करने वाली एनटीए अब निष्पक्ष संस्था नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि संस्था में भाजपा और संघ विचारधारा से जुड़े लोगों का प्रभाव है, जिसके कारण लगातार पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भी नीट परीक्षा के दौरान पेपर लीक का मामला सामने आया था, जिसको लेकर देशभर में छात्रों और विपक्षी दलों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद सरकार ने परीक्षा रद्द नहीं की थी। वहीं 2026 में दोबारा मामला सामने आने के बाद परीक्षा रद्द करनी पड़ी, जो सरकार की विफलता को दर्शाता है। कैलाश यादव ने आरोप लगाया कि एनटीए व्यापार का केंद्र बिंदु बन गया है और पेपर लाखों रुपए में बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक संकट से गुजर रहा है और ऐसी परीक्षाओं के आयोजन में हजारों करोड़ रुपये खर्च होते हैं। इसके बावजूद पेपर लीक होना और परीक्षाएं रद्द होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मामले की सीबीआई जांच कराने का फैसला उचित है, लेकिन इससे सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। उन्होंने मांग की कि एनटीए को तत्काल भंग किया जाए तथा उसके चेयरमैन सहित पूरी टीम पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही पेपर लीक सिंडिकेट में शामिल लोगों को सार्वजनिक कर सख्त दंड देने की मांग भी की।



## सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में डीपीएस का शानदार रिजल्ट

# रियान ने 99.6% अंक लाकर रचा इतिहास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं।

ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम के छात्र रियान शारदा ने इंग्लिश सहित बेस्ट फोर विषयों में 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के ओवरऑल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं साइंस स्ट्रीम में शिवांशी शर्मा ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कॉमर्स स्ट्रीम में अन्वेषा साबू 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहीं। विद्यालय द्वारा जारी परिणाम के अनुसार कुल 767 विद्यार्थियों में से 127 छात्रों ने 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 362 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 555 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किए। उल्लेखनीय है कि 159 छात्रों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की।

इस शानदार सफलता पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. जया चौहान ने खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही यह परिणाम है। प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**» 362 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 555 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किए।**

# खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ का शहर से होगा तबादला

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले में चल रहे प्री एसआईआर कार्यों की समीक्षा करते हुए खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने संबंधित निर्वाची निबंधक पदाधिकारियों को ऐसे बीएलओ को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि जो शिक्षक बीएलओ के रूप में कार्यरत हैं और संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट नहीं कर रहे हैं, उनका शहर से स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाए। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर कार्य से बचने वाले बीएलओ पर भी सख्त रुख अपनाते हुए जिलास्तरीय मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य वास्तव में अस्वस्थ कर्मियों और बीमारी का बहाना बनाकर कार्य से बचने वालों की पहचान करना है।

# डीसी को बताईं जिला परिषद क्षेत्र की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने बुधवार को समाहरणालय में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को जिला परिषद क्षेत्र की समस्याओं व विकास कार्यों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत, मॉडल स्टेडियम निर्माण समेत कई अहम मांगें रखीं। मुलाकात के दौरान जिला परिषद सदस्य नगड़ी प्रखंड पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं ग्रामीणों ने रांची-गुमला पथ से टिकरा टोली स्कूल तक पीसीसी सड़क निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और छात्र-छात्राओं सहित आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी

### सड़क निर्माण की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने नगड़ी परियोजना अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की जर्जर स्थिति का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने भवनों की शीघ्र मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कराने की मांग करते हुए कहा कि खराब भवनों के कारण बच्चों एवं महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा महिला पर्यवेक्षिका पर क्षेत्र भ्रमण के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। वहीं युवाओं को खेलकूद की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगड़ी प्रखंड में अत्याधुनिक मॉडल स्टेडियम निर्माण का भी आग्रह किया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति

ज्ञापन में पंचायत हाकेदाग, नागेडीह एवं दोवाडू में पीसीसी सड़क निर्माण कर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग भी शामिल थी। उपायुक्त ने ज्ञापन प्राप्त कर सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।



## अवैध विज्ञापन पर कार्रवाई, 25 हजार वसूला जुर्माना

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए लगातार विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों एवं दीवारों पर आकर्षक कलाकृतियां एवं पेंटिंग बनाई गई हैं, जिनका उद्देश्य न केवल शहर की सौंदर्यता को बढ़ाना है, बल्कि नागरिकों के बीच स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश प्रसारित करना भी है। इन कलाकृतियों एवं पेंटिंग के माध्यम से शहर की पहचान को सकारात्मक रूप दिया जा रहा है, जिससे रांची को एक स्वच्छ एवं आकर्षक शहर के रूप में विकसित किया जा सके। नगर निगम द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं ताकि सार्वजनिक स्थलों का संरक्षण हो तथा शहर की दीवारें स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनी रहें। इसके बावजूद यह देखा जा रहा है कि कुछ संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों द्वारा सार्वजनिक दीवारों एवं स्थलों पर अवैध रूप से पोस्टर, बैनर एवं विज्ञापन चिपकाए अथवा पेंट किए जा रहे हैं, जिससे शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है तथा नगर निगम द्वारा किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों को नुकसान पहुंच रहा है। इसी क्रम में रांची नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए एक निजी प्रतिष्ठान (सिक्योरिटी एजेंसी) के विरुद्ध सार्वजनिक दीवार पर अवैध रूप से विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में 25,000 (पच्चीस हजार) रुपए का जुर्माना लगाया गया है। निगम द्वारा संबंधित संस्था को भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से बचने की चेतावनी भी दी गई है।

## समर्पण शाखा ने लोगों को खिलाया आइसक्रीम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में पहाड़ी मंदिर में आइसक्रीम वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
यह सेवा कार्य शाखा सदस्य पायल जैन के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें लोगों के बीच आइसक्रीम का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के गरीब लोगों तक सहायता पहुंचाकर सेवा एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना था।

## निगम ने बरियातू रोड से बूटी मोड़ तक चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम द्वारा बरियातू रोड, बड़गई चौक, पीएचईडी चौक से बूटी मोड़ तक सघन अतिक्रमण मुक्त अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान मार्ग के दोनों ओर अवैध रूप से लगाए गए ठेला, गुमटी एवं अस्थायी संरचनाओं को हटाया गया। निगम की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए दो दुकान, छह काउंटर, 70 फ्रूट कैरेट तथा चार ठेला जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त पांच अवैध संरचनाओं को भी हटाया गया।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई अपरा एकादशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में अपरा एकादशी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह विशेष पूजा-अर्चना से हुआ। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हरि विष्णु एवं श्रीराधा-कृष्ण का स्मरण करते हुए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति गीतों, मंत्रोच्चार और जयकारों से आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा।इस अवसर पर श्री राधा रानी का विशेष एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। उन्हें सुंदर पोशाक एवं जड़ित आभूषणों से सुसज्जित किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दिव्य श्रृंगार से सजे श्री राधा रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर की भव्य सजावट और भजन संकीर्तन से भक्तिमय माहौल ने सभी को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडे ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई, उन्होंने भगवान को लड्डू, मेवा, फल एवं केसरिया दूध का विशेष भोग अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने भी भगवान के चरणों में पुष्प एवं प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

## सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में कलकत्ता पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

# वसीम जाफर बने स्कूल टॉपर आईपी में 100 प्रतिशत अंक मिले





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष विद्यालय के सभी परीक्षार्थी सफल घोषित हुए। मानविकी संकाय के छात्र वसीम जाफर ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही उन्होंने इंफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेज (आईपी) विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। विद्यालय में दूसरे स्थान पर सालेहा रिजवी रहीं, जिन्होंने 91.6% अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में प्रणीत कुमार ने 90.4%, शिवम झा ने 90% तथा पियूष पवार ने 89% अंक हासिल किए। वहीं वाणिज्य संकाय में लक्ष्मी कुमारी ने 87% एवं शिल्पी कुमारी ने 86% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय का प्रदर्शन गत वर्ष की तुलना में और बेहतर रहा। वर्ष 2025 में विद्यालय का सर्वोच्च परिणाम 96.6% था, जो इस वर्ष बढ़कर 97% हो गया। इस बार 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल चार छात्र रहे। इसके अलावा 10 छात्रों ने 80% से 90% के बीच तथा 21 छात्रों ने 70% से 80% के बीच अंक प्राप्त किए। विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम पर उपाध्यक्ष प्रभाष कुमार झा, प्राचार्या प्रियम्दा झा, निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्र एवं शैक्षणिक सलाहकार टीपी झा सहित सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में प्राचार्या एवं शिक्षकों ने टॉपर्स को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया।





## श्री श्याम मंदिर में अचला एकादशी पर संकीर्तन का भव्य आयोजन



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को अचला एकादशी के अवसर पर दिनभर धार्मिक वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नियमित दर्शनार्थियों के साथ-साथ एकादशी पर विशेष रूप से आने वाले भक्तों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बाबा श्याम के दर्शन किए।
प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती संपन्न हुई, जिसके बाद मंदिर परिसर में बाबा श्याम का दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा मौजूद रहे।

## आज / कल




## आईक्यूएसी बैठक में गुणवत्ता सुधार पर मंथन

# शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता को सर्वोच्च प्राथमिकता : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की दूसरी बैठक कुलपति प्रो. सारंग मेढेकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय की संस्थागत गुणवत्ता प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाना तथा शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए भविष्य उन्मुख रणनीति तैयार करना था।
बैठक में विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, संकाय सदस्यों, आईक्यूएसी सदस्यों और बाहरी विशेषज्ञों ने भाग लेते हुए विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।
आईक्यूएसी निदेशक प्रो. टी.के. बसंतिया ने बैठक के प्रमुख बिंदुओं को प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की बदलती शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप आईक्यूएसी के पुनर्गठन और उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुनर्गठित निकाय शिक्षण, अनुसंधान, विस्तार गतिविधियों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में गुणवत्ता मानकों को और प्रभावी ढंग से लागू करेगा।
उन्होंने पिछले तीन महीनों के दौरान आईक्यूएसी द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। रिपोर्ट में शैक्षणिक विकास, अनुसंधान प्रोत्साहन, छात्र सहायता सेवाओं और डिजिटल प्रशासन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के प्रयासों को रेखांकित किया गया। कुलपति प्रो. सारंग मेढेकर ने विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार, कार्यशालाओं, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम और छात्र-केंद्रित गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्ता आधारित शिक्षा ही संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है।
बैठक में आगामी पांच वर्षों के लिए गुणवत्ता उन्नयन रणनीतियों पर विशेष चर्चा हुई। होटल ग्रीन होराइजन के निदेशक चंद्रकांत रायपत ने विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## दृष्टिपात

### सीबीएसई 12वीं में डीएवी हेहल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**रांची।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम जारी होते ही डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्रों ने तीनों संकायों विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी में बेहतरीन परिणाम हासिल कर परचम लहराया। इस उल्लेखनीय परिणाम पर विद्यालय के प्राचार्य बिपिन राय ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता और असफलता दोनों ही परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखते हुए निरंतर बेहतर प्रयास करना ही वास्तविक सफलता की कुंजी है। प्राचार्य ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी बधाई देते हुए उनके सहयोग की सराहना की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं के सभी वर्ग शिक्षक एवं विषय शिक्षक भी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में अपरा एकादशी व्रतोत्सव का हुआ आयोजन



**रांची।** राजधानी रांची स्थित प्रसिद्ध दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में बुधवार को ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की अपरा (अचला) एकादशी का व्रतोत्सव विधिवत आगमोक्त परंपरा के अनुसार श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में बुधे-भद्रा सिद्धियोग के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच षोडशोपचार पूजा का आयोजन किया गया। पूजा के दौरान भगवान वेंकटेश्वर का आवाहन, आसन, पाद्य, अर्घ्य, मधुपर्क, वस्त्र, यज्ञोपवीत, आभूषण, गंध, पुष्प, धूप एवं दीप आदि विधियों से तिरुवाराधन संपन्न किया गया। इसके पश्चात भगवान के दिव्य एवं मनोहारी स्वरूप का भव्य नीराजन महाआरती के साथ मंगलमय दर्शन कराया गया। तत्पश्चात पद्मावती वल्लभ भगवान को वेदोक्त विधि से तैयार विभिन्न फलाहारी एवं षड्-रसयुक्त स्वादिष्ट व्यंजनों का बालभोग नैवेद्य अर्पित किया गया।

### लोरेटो कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



रांची। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन सृजन शाखा रांची की ओर से मंगलवार को लोरेटो कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल में आत्मरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षिकाओं एवं स्कूल स्टाफ को आत्म सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और आपात स्थिति में खुद की रक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाना था।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया रचनात्मक अभिव्यक्ति दिवस

# ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने ड्राइंग, पेंटिंग क्ले मॉडलिंग व पेपर क्राफ्ट में दिखाई प्रतिभा

नवीन मेल संवाददाता



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सीसीएल सीएसआर के तहत संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के दूसरे दिन बुधवार को "रचनात्मक अभिव्यक्ति दिवस" उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करना तथा उनकी कल्पनाशक्ति को नई दिशा देना था। रचनात्मक अभिव्यक्ति दिवस के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न कला एवं शिल्प गतिविधियों जैसे ड्राइंग, पेंटिंग, पेपर क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग तथा सजावटी वस्तुओं के निर्माण में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगों और कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने ड्राइंग एवं पेंटिंग में प्रकृति, घर, खिलौने, कार्टून पात्र, फूल, फल, जानवर, बर्गर, गुड़िया समेत कई आकर्षक चित्र बनाकर सभी को प्रभावित किया। वहीं क्ले मॉडलिंग गतिविधि में बच्चों ने मिट्टी से सुंदर आकृतियाँ तैयार कर अपनी सृजनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। पेपर क्राफ्ट गतिविधि के तहत बच्चों ने पेपर कटिंग एवं सजावटी वस्तुएँ बनाना सीखा। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे कागजों से आकर्षक लिफाफे एवं अन्य कलात्मक सामग्री तैयार की। बच्चों की रचनात्मक सोच और उत्साह ने शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी काफी प्रभावित किया। विद्यालय की प्राचार्या आभा खन्ना ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, सौंदर्यबोध, कल्पनाशक्ति और अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होता है। साथ ही बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलता है।

## बेड़ो में चापानल मरम्मती अभियान शुरू

**बेड़ो।** गर्मी के मौसम में ग्रामीण इलाकों में बढ़ते पेयजल संकट को देखते हुए बुधवार को बेड़ो स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग परिसर से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के सौजन्य से चापानल (हैंडपंप) मरम्मती वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अभियान के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में खराब पड़े चापानलों की मरम्मत कर लोगों को स्वच्छ एवं सुचारु पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि बेड़ो प्रखंड की कुल 17 पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से चापानल मरम्मती कार्य किया जाएगा। वहीं पेयजल विभाग के विधायक प्रतिनिधि रईफुद्दीन मिर्दाहा ने बताया कि अभियान की शुरुआत कराँजी पंचायत से की जा रही है। इसके बाद विभागीय टीम सभी पंचायतों में पहुंचकर खराब पड़े चापानलों की मरम्मत करेगी। उन्होंने ग्रामीणों एवं पंचायत अध्यक्षों से अपील करते हुए कहा कि गांवों में यदि कोई चापानल खराब पड़ा हो तो इसकी सूचना कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रोफेसर करमा उरांव, उप प्रमुख मुदस्सिर हक अथवा विधायक प्रतिनिधि रईफुद्दीन मिर्दाहा को दें।

# पूर्व विधायक माधव लाल सिंह को विधानसभा में दी गई अंतिम सलामी



- **उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह का बुधवार को रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे अविभाजित बिहार एवं झारखंड सरकार में मंत्री भी रह चुके थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है। दोपहर लगभग दो बजे उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए झारखंड विधानसभा लाया गया, जहां पोर्टिको संख्या-1 में उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय माधव लाल सिंह झारखंड की राजनीति के एक अनुभवी और जनप्रिय नेता थे, जो सदैव जनता के बीच सक्रिय रहते थे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। अध्यक्ष के मुख्यालय से बाहर रहने के कारण विधानसभा के प्रभारी सचिव रंजीत कुमार ने उनकी ओर से भी पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विधानसभा के प्रभारी सचिव रंजीत कुमार, विधानसभा सचिवालय के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा दिवंगत नेता के परिजन उपस्थित रहे।

## दृष्टिपात

### पिपरवार में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का कोल रेड अभियान, अवैध कोयला बरामद

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र में अवैध कोयला चोरी एवं तस्करी के विरुद्ध केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह पिपरवार एरिया के डब्ल्यूबी-13 (ओसीपी) के समीप विशेष कोल रेड अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई प्रातः लगभग 7:15 बजे से 8:30 बजे के बीच सहायक समादेष्टा हर्ष लवानिया के नेतृत्व एवं निगरानी में संपन्न हुई। अभियान के दौरान निरीक्षक/कार्य संतोष विन्हा, विजिलेंस जवान विवेक झा (सीआईडब्ल्यू) सहित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 10 जवान मौजूद रहे। छापेमारी के दौरान वजन पुल हाउस-08 में काटा बाबू की उपस्थिति में बरामद सामग्री का वजन कराया गया। जांच के दौरान कुल 2.310 टन अवैध कोयला बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 2252.25 आंकी गई है। बरामद कोयले को आवश्यक कार्रवाई हेतु सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारियों ने बताया कि कमांडेंट अमित कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा में पिपरवार क्षेत्र में लगातार कोल रेड अभियान चलाया जा रहा है। लगातार हो रही छापेमारी और सख्त कार्रवाई के कारण कोयला चोरी एवं तस्करी में संलिप्त असामाजिक तत्वों में भय का माहौल व्याप्त है। सीआईएसएफ द्वारा अब आधुनिक तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है।

### डीएवी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहा साकेत



**खलारी।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में डीएवी खलारी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के कला एवं वाणिज्य संकाय में शत-प्रतिशत छात्र सफल रहे, जबकि विज्ञान संकाय का परिणाम 99 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय के छात्र साकेत कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वाणिज्य संकाय में रेहाना खातून ने 87 प्रतिशत तथा कला संकाय में निखिल कुमार ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### माधव लाल सिंह का राजनीतिक व सामाजिक जीवन अतुलनीय व अनुकरणीय : डॉ लंबोदर



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गोमिया के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि माधव सिंह का निधन सिर्फ गोमिया ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड भर के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका राजनीतिक और सामाजिक जीवन अतुलनीय व अनुकरणीय है। उनका संपूर्ण जीवन सादगी, बेबाक व ईमानदारीपूर्ण व व्यवहार कुशलता से भरा था। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### नशा से लोगों को बचाना है उद्देश्य: डालसा




**रांची।** न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में बुधवार को को अनगड़ा प्रखंड के कुच्चु पंचायत के बुटीगोड़ा गांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक एलएडीसी, सौरभ पाण्डे, पीएलवी बेबी सिन्हा, मालती कुमारी, मीना श्रीवास्तव, शिला देवी, सुनीता कुमारी, अघनु बेदिया, डॉ. अनिल कुमार, वार्ड सदस्य रीता देवी, पूर्व मुखिया संगीता देवी, समेत अन्य लोग उपस्थित थे। सहायक एलएडीसी, सौरभ पाण्डे ने कहा कि इस परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं और स्कूली बच्चों को नशीले पदार्थों की लत से बचाना है। समाज में शराब, हड़िया और अन्य घातक सिंथेटिक ड्रग्स के बढ़ते उपभोग को रोकना।

### टाटीसिल्वे फोरलेन रेडियल सड़क पर जल्द शुरू होगा आवागमन

**रांची।** नामकुम आरओबी से टाटीसिल्वे होते हुये रिंग रोड को मिलाने वाली रेडियल फोरलेनल रोड पर आवागमन जल्द शुरू होगा। पथ निर्माण विभाग की बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में हुई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह बात सामने आयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुये प्रधान सचिव सुनील कुमार ने अधिकारियों से जल्द से जल्द शेष बचे कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि यह फोरलेन राज्य की आधारभूत संरचना के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे रांची से पुरूलिया मार्ग पर आवगमन सुगम हो जायेगा। वहीं रांची के बहुप्रतिक्षित नया सराय रेलवे ओवर ब्रिज का काम भी जल्द पूरा करने का निर्देश पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने दिया। उन्होंने बताया कि नया विधानसभा से लोहरदगा रेलवे लाइन क्रॉसिंग के उपर होते हुये नयासराय तक आरओबी निर्माण अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि राज्य की सड़कें मजबूत हालत में हैं। सभी सड़कें मोटरेबल हैं। यदि कहीं पाइपलाइन या केबल के कारण सड़क प्रभावित हुआ हो तो बरसात के पहले उसे ठीक कराने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया। प्रधान सचिव ने कहा कि चालू योजनाओं के काम में तेजी लाने और समय पर पूरा कराने के लिए सभी एजेंसियों को बुलाकर बैठक कर ली जाये। बैठक में कहा गया कि वर्तमान परिवेश में मैटेरियल की आ रही समस्या और अन्य तकनीकी परेशानियों को दूर करने के लिए अंर्तविभागीय बैठक जल्द की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में योजनाओं की प्रगति धीमी नहीं होनी चाहिए। यह भी कहा कि सड़क और पुलों के निर्माण में राशि आड़े नहीं दी जायेगी। विभाग इसके लिए सक्षम है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां भी नयी योजनाओं की जरूरत हो प्रस्ताव बना कर विभाग को उपलब्ध करायें। प्रधान सचिव ने विशेष कर रांची की योजनाओं की समीक्षा करते हुये चापूटोली से कटहल मोड़ तक सड़क निर्माण के लिए टेंडर जल्द निकालने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देष दिया कि बरियातु रोड को जल्द से जल्द दुरूस्त किया जाये।

### कांग्रेस ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपा जिला प्रभार, संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अधिसूचना जारी कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा अधिसूचित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच जिला का आवंटन किया है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने गिरिडीह जिला के लिए आभा सिन्हा, कोडरमा जिला के लिए विजय यादव, हजारीबाग जिला के लिए राजीव रंजन प्रसाद, चतरा जिला के लिए केदार पासवान, रामगढ़ जिला के लिए शिव कुमार भगत, बोकारो ग्रामीण जिला के लिए श्री संजय पांडेय, बोकारो शहरी जिला के लिए शमशेर आलम (धनबाद), धनबाद ग्रामीण जिला के लिए राकेश किरण महतो, धनबाद शहरी जिला के लिए शकील अख्तर अंसारी, रांची महानगर जिला के लिए धर्मराज राम, रांची ग्रामीण जिला के लिए रियाज अंसारी, लोहरदगा जिला के लिए अलोक कुमार दूबे, खूंटी जिला के लिए चैतु उरांव, गुमला जिला के लिए शमशेर आलम (रांची), सिमडेगा जिला के लिए डॉ0 अजय नाथ शाहदेव, पलामू जिला के लिए विनय सिन्हा दीपू, लातेहार जिला के लिए निरंजन पासवान, पूर्वी सिंहभूम जिला के लिए शशि भूषण राय, सरायकेला-खरसावां जिला के लिए बेलस तिर्की, देवघर जिला के लिए रविन्द्र झा, जामताड़ा जिला के लिए बादल पत्रलेख, साहेबगंज जिला के लिए मुन्नम संजय, पाकुड़ जिला के लिए जमील अख्तर को प्रभार सौंपा है।

### आईआईएम रांची को एम्बा एक्रेडिटेशन का मिला प्रमाण पत्र




रांची। आईआईएम रांची ने एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल करते हुए मैड्रिड, स्पेन में आयोजित एम्बा एंड बीजीए ग्लोबल डीन्स एंड डायरेक्टर्स कॉन्फ्रेंस 2026 के दौरान एसोसिएशन ऑफ एमबीए की प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त की। यह प्रमाण पत्र एम्बा एंड बीजीए के सीईओ एंड्रयू मेन विल्सन द्वारा संस्थान के प्रो. रविश कृष्णनकुट्टी को प्रदान किया गया। इस मान्यता के साथ आईआईएम रांची अब दुनिया के शीर्ष 2% बिजनेस स्कूलों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, पाठ्यक्रम, शोध, नेतृत्व विकास और उद्योग से जुड़ाव में उत्कृष्टता को दर्शाती है। एम्बा मान्यता को वैश्विक स्तर पर प्रबंधन शिक्षा की सबसे प्रतिष्ठित मान्यताओं में से एक माना जाता है, जिससे संस्थान को 75 से अधिक देशों के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह सफलता आईआईएम रांची की बढ़ती वैश्विक पहचान और शैक्षणिक उत्कृष्टता को और मजबूत करती है।

### सीसीएल मुख्यालय में राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन की हुई समीक्षा



रांची। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के उच्चस्तरीय निरीक्षण दल द्वारा सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के रांची स्थित मुख्यालय में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन एवं प्रगामी प्रयोग की व्यापक समीक्षा की गई। यह निरीक्षण डॉ. माणिक चंद्र पंडित, आर्थिक सलाहकार एवं राजभाषा प्रभारी, कोयला मंत्रालय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। निरीक्षण दल में सहायक निदेशक (राजभाषा) श्री विशाल एवं वरिष्ठ प्रबंधक (हिंदी) दिलीप कुमार सिंह शामिल थे। निरीक्षण के दौरान सीसीएल मुख्यालय सहित विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में हिंदी के उपयोग, राजभाषा नीति के अनुपालन तथा हिंदी प्रोत्साहन गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया गया।

### वैज्ञानिक पद्धति आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# वनोत्पाद से बढ़ेगा स्वरोजगार, रुकेगा किसानों का पलायन : शिल्पी नेहा

नवीन मेल संवाददाता




लापुंग। लापुंग प्रखंड स्थित स्टेडियम में सिद्धों कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफ़ेड) द्वारा आयोजित वैज्ञानिक पद्धति आधारित एक दिवसीय क्षेत्रीय लाह खेती प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड की मालगो, बोकरोन्दा एवं ककरिया पंचायतों के कुल 377 किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से लाह खेती का प्रशिक्षण दिया गया तथा आवश्यक टूलकिट का वितरण किया गया। साथ ही आगामी जून–जुलाई माह में प्रत्येक किसान को 5-5 किलो की दर से कुसुमी एवं रंगीनी लाह बीहन शत-प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। झारखंड सरकार की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों एवं वनोत्पादों से समृद्ध राज्य है। लाह, इमली, चिरौंजी, महुआ, मधु, करंज बीज, कुसुम बीज, साल बीज, हरड़ा-बहेड़ा, आँवला तथा विभिन्न औषधीय पौधों की घरेलू ही नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी व्यापक मांग है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में वनोत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर एमपीसीएस (MPCS) के माध्यम से वनोपजों की पहचान कर परिष्करण इकाइयों की स्थापना, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन प्रबंधन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीण उत्पादकों को घरेलू बाजार से लेकर वैश्विक बाजार तक लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सके। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि राज्य से होने वाले पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी तथा ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।उन्होंने कहा कि लापुंग प्रखंड भले ही रांची जिले के पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता हो, लेकिन यहाँ की भौगोलिक एवं प्राकृतिक परिस्थितियाँ लाह उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। उनका संकल्प है कि आने वाले समय में लापुंग को राज्य के प्रमुख लाह उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो और क्षेत्र आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, गुणवत्तापूर्ण लाह बीहन एवं आवश्यक टूलकिट का वितरण किया जा रहा है। किसानों से अपील है कि वे इन योजनाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएँ। उन्होंने किसानों को अल नीनो (El Nino) से उत्पन्न संभावित परिस्थितियों के प्रति सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि वैज्ञानिकों के अनुसार इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने की संभावना है।

### लघु एवं कुटीर उद्योग योजनाओं की हुई समीक्षा

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर गया दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड तथा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना, स्वरोजगार के अवसरों का सृजन करना तथा स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को मुख्यधारा से जोड़ना रहा। बैठक में प्रभारी विकास आयुक्त राँची संजय भगत, प्रभारी डीपीएम जेएसएलपीएस अभिषेक चांद सहित जेएसएलपीएस के विभिन्न डोमेन प्रबंधक, जिले के 18 प्रखंडों के BPM तथा मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही राज्यभर में लघु उद्योगों की स्थापना, क्लस्टर विकास, हस्तशिल्प संवर्धन एवं महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। जेएसएलपीएस एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं एवं वंचित वर्गों के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि समीक्षा बैठकों के माध्यम से योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुँच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि JSLPS के साथ बेहतर समन्वय से ग्रामीण आजीविका में सकारात्मक एवं व्यापक बदलाव आएगा।

### संत जगत ज्ञान एमएम स्कूल के टॉपर्स ने बढ़ाया विद्यालय का मान

**बेड़ो।** सीबीएसई से संबद्ध संत जगत ज्ञान एम.एम. पब्लिक स्कूल, पुरियो बेड़ो के इंटरमीडिएट विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सफलता का जश्न मनाया। विद्यालय की छात्रा सुहानी सिन्हा ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दिव्या भारती ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। आर्या मिश्रा ने 83 प्रतिशत तथा आलिया अफरीन ने 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

**विरोध** | सोलर प्लांट के सुरक्षाकर्मियों का धरना छठे दिन भी जारी, विधायक पहुंचे समर्थन में

# समाधान नहीं होने पर विस में मुद्दा उठाने की चेतावनी

- **विधायक ने कहा-मजदूरों की मांगें पूरी तरह जायज हैं और उनके साथ अन्याय नहीं होना चाहिए**



**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र स्थित सोलर प्लांट में कार्यरत सुरक्षाकर्मियों का अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जारी अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को छठे दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत मजदूरों ने वेतन वृद्धि, कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था तथा श्रमिक हितों से जुड़ी अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रखा।

धरना स्थल पर स्थानीय विधायक कुमार उज्जवल दास पहुंचे और आंदोलनरत मजदूरों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। मजदूरों ने विधायक को बताया कि लंबे समय से वेतन वृद्धि नहीं होने, कार्य परिस्थितियों में सुधार नहीं होने तथा अन्य सुविधाओं के अभाव के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। मजदूरों की समस्याओं को सुनने के बाद विधायक कुमार उज्जवल दास ने पिपरवार महाप्रबंधक एवं संबंधित कंपनी के पदाधिकारियों से वार्ता कर मजदूरों की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मजदूरों की मांगें पूरी तरह जायज हैं और उनके साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए।

**विधायक का कोट :**"मजदूर किसी भी उद्योग की रीढ़ होते हैं। उनकी समस्याओं का समय पर समाधान होना जरूरी है। यदि प्रबंधन जल्द सकारात्मक पहल नहीं करता है तो इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया जाएगा। मजदूरों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है तथा किसी भी श्रमिक के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कंपनी प्रबंधन से श्रमिकों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान निकालने की अपील की।धरना स्थल पर मजदूरों ने भी अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। मजदूरों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर प्रबंधन का ध्यान आकर्षित करते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। इस अवसर पर विधायक के साथ पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि धनराज भोक्ता, सांसद प्रतिनिधि दिलीप अंबस्ट, विधायक प्रतिनिधि सुखी गंझु, पिपरवार मंडल अध्यक्ष रामलाल महतो, भाजपा युवा मोर्चा के शिवम साहू, गोलू केसरी, वासुदेव गंजू, नीरज गंजू, अश्वनी डराड एवं विजय लाल सहित कई लोग उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से करण महतो, अवध ठाकुर, कृष्णा महतो, एवं मनोज महतो सहित बड़ी संख्या में मजदूर शामिल रहे।

### सीबीएसई 12वीं परीक्षा में विद्या मंदिर का शत-प्रतिशत परिणाम

# मानसी 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनी विद्यालय टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की बहन मानशी ने कला संकाय में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। विज्ञान संकाय में बहन जान्हवी झा ने 76.2 प्रतिशत, बहन पुष्पा कुमारी ने 72.4 प्रतिशत, बहन सौम्या मिश्रा ने 72 प्रतिशत तथा बहन रिया गुप्ता ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

वहीं कला संकाय में बहन कुमारी मानशी के अलावा बहन ज्योति कुमारी ने 66.2 प्रतिशत, बहन प्रीति कुमारी ने 63 प्रतिशत, बहन मनिता कुमारी ने 62 प्रतिशत तथा बहन श्रेयांशी कुमारी ने 62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बहनों की शानदार परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय, सचिव चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष झा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि छात्राओं की यह शानदार सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को देते हुए सभी सफल छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बोर्ड की मासिक बैठक में विकास के विजन पर लगी मुहर

**रामगढ़।** छावनी परिषद के सभागार में हुई, बोर्ड की मासिक बैठक में विकास के विजन तैयार किया गया। बोर्ड अध्यक्ष सह ब्रिगिडेयर साजेश बाबू पी.जी. पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट की अध्यक्षता व संचालन सीईओ विवेक सिंह ने किया।मंगलवार को,नए सीईओ कीयह पहली बोर्ड बैठक थी। जिसमें शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं में सुधार को लेकर। कई बड़े और दूरगामी फैसले लिए गए।बैठक के दौरान कुल 18 मुख्य एजेंडा और 3 टेबल एजेंडा पर विस्तार से चर्चा की गई। बोर्ड ने सर्वसम्मति से मासिक आय-व्यय व्योरा पास किया। ऑनलाइन प्राप्त चार नए मकानों के नक्शों और दो म्यूटेशन के मामलों को भी पारित किया गया।स्वच्छ जलापूर्ति के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में नए मोटर लगाने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।इसके अलावे वाटर सप्लाई फेस- 2, को व्यवस्थित करने का प्रस्ताव लाया गया। शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से सार्वजनिक छावनी अस्पताल का कायाकल्प करने का निर्णय लिया गया है। अस्पताल को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर अपग्रेड किया जाएगा।

## दृष्टिपात

### उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को लेकर बिजली विभाग का विशेष शिविर आज

**बरही।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर बिजली विभाग द्वारा आज गुरुवार को बरही विद्युत अनुमंडल कार्यालय, न्यू कॉलोनी परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। सहायक विद्युत अभियंता सौरभ लिंडा ने बताया कि शिविर में स्मार्ट मीटर, बिजली बिल, मोबाइल नंबर अपडेट सहित बिजली विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे तथा यथासंभव ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर अब तक बिजली उपभोक्ता खाते से लिंक नहीं हुआ है, वे शिविर में पहुंचकर इसे अपडेट करा सकते हैं। इसके अलावा स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने साथ संबंधित आवश्यक दस्तावेज जैसे बिजली बिल, मोबाइल नंबर एवं स्मार्ट मीटर का विवरण अथवा उसका फोटो अवश्य लेकर आएं, ताकि समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जा सके।

### भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्यों ने नवनियुक्त थाना प्रभारियों से की मुलाकात



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के भारत जकात मांझी परगना महल के जिला अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू , महेन्द्र मुर्मू व दिनेश बास्के ने बरकट्ठा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी आशिष कुमार भगत और गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार से बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। वहीं दोनों थाना प्रभारी को बुके देकर स्वागत किया। रामजी बेसरा ने उम्मीद जताई कि बरकट्ठा और गोरहर के नए थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहेगी और किसी प्रकार का अपराधिक प्रतिनिधियों पर लगाम लगाया जाएगा।

### ठनका गिरने से महिला का निधन, मुखिया सुमन कुमार ने किया सहयोग

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम झुरझुरी में बारिश के दौरान ठनका के गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मंगलवार को झुरझुरी सुंदर बांध टोला निवासी नसरीन खातून 35 वर्ष पति इम्तियाज अंसारी अपने घर के समीप बकरी बांधने गई थी। इसी बीच बकरी बांधकर लौटते समय ठनका की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मुखिया सुमन कुमार और प्रशासन के सहयोग से शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मुखिया सुमन कुमार ने आपदा प्रबंधन के तहत प्रशासनिक अधिकारियों से मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि देने की मांग की है।

### बरही चौक के नामकरण को लेकर सियासी जंग तेज

## अबुआ संथाल समाज ने "दिशोम गुरु चौक" नामकरण की उठाई मांग



**बरही।** प्रदेश के प्रमुख चौराहों में शुमार बरही चौक के नामकरण को लेकर एक बार फिर राजनीतिक और सामाजिक बहस तेज हो गई है। मंगलवार को आदिवासी समाज की ओर से उपायुक्त को आवेदन देकर बरही चौक का नाम "दिशोम गुरु चौक" रखने की मांग की गई। इसके बाद विभिन्न संगठनों और सामाजिक समूहों के बीच बयानबाजी शुरू हो गई है। इधर एआईएमआईएम तथा कुछ समाजसेवियों ने इस मांग का विरोध किया है। एआईएमआईएम नेता सूरज दास ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड के सर्वमान्य नेता हैं, लेकिन वे एक राजनीतिक दल विशेष से भी जुड़े रहे हैं। ऐसे में उनके नाम पर बरही चौक का नामकरण किया जाना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में तत्कालीन उपायुक्त नैन्सी सहाय को अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के मुखिया, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं प्रबुद्धजनों द्वारा संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर बरही चौक का नाम संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेदकर के नाम पर रखने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेदकर किसी एक जाति या वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे देश की धरोहर हैं। इसलिए चौक का नाम उनके नाम पर रखा जाना हम सबों के लिए गौरव होगा। अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के बरही विधानसभा अध्यक्ष मो. कयूम अंसारी सहित कई अन्य लोगों ने भी इस मांग का समर्थन किया है।

### भारी वर्षा एवं वज्रपात से पशुओं की मृत्यु मामले में टीम ने किया निरीक्षण

# प्रशासनिक अधिकारियों ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** भारी वर्षा एवं वज्रपात के कारण गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा गांव में पशुओं की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज के निर्देश पर मंगलवार को जिला एवं प्रखंड स्तर की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में अंचल अधिकारी गोला, अंचल निरीक्षक गोला, पशुपालन विभाग के चिकित्सकों की टीम, थाना प्रभारी बरलंगा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। टीम ने गांव पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की तथा घटना से हुई क्षति का विस्तृत आकलन किया।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 12 मई 2026 को हुई भारी वर्षा एवं वज्रपात की घटना में 13 किसानों के कुल 26 पशुओं की मृत्यु हुई है। मृत पशुओं में 7 गाय एवं 19 बैल शामिल हैं। अधिकारियों ने पशुपालकों से घटना की जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। पशुपालन विभाग की टीम द्वारा मृत पशुओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। टीम ने बताया कि पीड़ितों को नियमानुसार मुआवजा भुगतान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उपायुक्त ऋतुराज ने संबंधित अधिकारियों को मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने, प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने तथा आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम एवं वज्रपात के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें तथा अनावश्यक रूप से खुले स्थानों में जाने से बचें।

### डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# विज्ञान में स्वीटी और वाणिज्य में कोमल बनीं विद्यालय टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के विद्यार्थियों ने 2025-26 सत्र की इंटर विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय में स्वीटी कुमारी ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया, वहीं वाणिज्य संकाय में कोमल केसरी ने 80 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में तमन्ना आफरीन ने 87 प्रतिशत तथा बुशरा नूरी ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं वाणिज्य संकाय में मौली कुमारी ने 76.4 प्रतिशत और ध्रुव गुप्ता ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष दोनों संकायों में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिभा का सम्मान अति आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को धैर्य, निष्ठा और लक्ष्य निर्धारण को जीवन का मूल मंत्र बनाने की सलाह दी। साथ ही बड़ों का सम्मान करने एवं अहंकार त्यागकर अपने लक्ष्य की ओर समर्पित भाव से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्य ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को भी दिया।

### पेयजल समस्याओं के समाधान को लेकर लगा शिविर

**मांडू।** मंगलवार को मांडू प्रखंड अंतर्गत पुंडी पंचायत सचिवालय में पेयजल समस्याओं के समाधान को लेकर शिविर आयोजित किया गया।उक्त शिविर रामगढ़ जिला उपायुक्त ऋतुराज के निर्देशानुसार पर जिले में पेयजल एवं जिला पूर्ति योजनाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर विभिन्न पंचायतों में विशेष शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अभियंता दीपक कुमार राजवंशी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अर्जुन महली, मुखिया रोपण देवी, पंचायत सचिव संगीता कुमारी, सुरेश महतो, तापेश्वर महतो सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे। अभियंता दीपक कुमार राजवंशी ने बताया कि शिविर के बाद अधिकारियों एवं कर्मियों ने वार्डों का निरीक्षण कर पेयजल समस्याओं का जायजा लिया।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**बरही।** कोल्हूआकला पंचायत के तिलैया बस्ती में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान पिंकी देवी (25 वर्ष), पति दिनेश रविदास, के रूप में हुई है। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।वमृतका के पिता तुलसी दास, निवासी बंडासिंगा (थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग), ने बरही थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी पुत्री की शादी वर्ष 2010 में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के समय सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। मृतका की एक 14 वर्षीय पुत्री प्रीति कुमारी तथा एक 5 वर्षीय दत्तक पुत्र अभिषेक कुमार है।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि पिछले कुछ वर्षों से मृतका के पति द्वारा मोटरसाइकिल एवं एक लाख रुपये नकद की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर पति सहित ससुराल पक्ष के लोग लगातार प्रताड़ित करते थे। इस मामले को लेकर कई बार पंचायत भी हुई तथा बरही महिला थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

परिजनों के अनुसार 12 मई की रात एक बार फिर उनकी बेटी के साथ मारपीट की गई। इसकी जानकारी मृतका ने फोन पर अपने पिता को दी थी। देर रात करीब एक बजे नतिनी ने फोन पर मृतका की मौत की सूचना दी। पिता का आरोप है कि पति दिनेश रविदास, ससुर सहदेव राम, सास कबूतरी देवी, देवर सुरेश राम तथा गोतनी पूजा देवी ने मिलकर मारपीट कर उनकी पुत्री की गला दबाकर हत्या की गई है ।

### राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**रामगढ़।** बुधवार को सीबीएसई बोर्ड की कक्षा बारहवी का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के बच्चों नें उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की विज्ञान संकाय मे कल्याणी कुमारी नें 82.2% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही चांदनी कुमारी और शिवम सिंह ने 82% अंक लाकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, मोहम्मद इरशाद ने 80% के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया आसिफ ने 79.2% अंकों के चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में संजना कुमारी ने 82.4% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, चांदनी ठक्कर ने 81% अंक लाकर द्वितीय जबकि मंजू मरांडी ने 77% अंक प्राप्त क़र तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कला संकाय में प्रीति कुमारी ने 86.8 % अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान इशिका पटेल ने 85% अंक लाकर द्वितीय स्थान एवम नेहा कुमारी ने 83.2% अंक प्राप्त क़र तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुजीत कुमार मोहंती ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य कामना करते हुए कहा कि सही अनुशासन एवं कड़ी मेहनत से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहे है। विद्यालय के चेयरमेन श्री बी. एन साह सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी, प्रबंधन समिति के सदस्य श्री संजय कुमार एवं श्री अजय कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय विजैया में बच्चों की मिली विधिक जानकारी

**बरही।** झालसा के 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पीएम श्री प्लस टू उवि विजैया में विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी दी गई । कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) हजारीबाग द्वारा आयोजित किया गया । जिसकी मॉनिटरिंग डीएलएसए सचिव रवि प्रकाश तिवारी द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम में पीएलवी सिकंदर कुमार दास, सुनील कुमार वर्मा, मो. अरमान हुसैन, नीरज कुमार पासवान, भानुमति कुमारी एवं डालसा द्वारा नामित पैनल अधिवक्ता बासुदेव राणा उपस्थित रहे। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य मो फारुख आलम सहित शिक्षक वेद प्रकाश, निर्मल कुमार, कुलदीप राणा व कई ग्रामीण भी शामिल हुए। इस दौरान घरेलू हिंसा, डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, पोक्सो एक्ट, मोटर व्हीकल कानून, बाल श्रम एवं बाल कल्याण समिति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

### अपराध नियंत्रण और बकरीद पर्व को लेकर एसपी ने की समीक्षा बैठक

# मादक पदार्थ कारोबार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग/बरही ।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था, लंबित मामलों के निष्पादन तथा आगामी बकरीद पर्व की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में बरही थाना क्षेत्र के चर्चित बैंक लूटकांड का सफल उद्भेदन करने वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया ।

एसपी ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को आगे भी प्रोत्साहित किया जाएगा।महिला प्रताड़ना, महिला हिंसा एवं एससी-एसटी अत्याचार से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं वर्ष 2025 से पूर्व लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटाने को कहा गया।

बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पूर्व की सांप्रदायिक घटनाओं की समीक्षा कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सीसीए, थाना हाजिरी एवं गुंडा पंजी की कार्रवाई करने को कहा गया।

इसके साथ हीं लंबित वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की-जब्ती मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने, साइबर अपराध मामलों में तेजी लाने तथा अवैध मादक पदार्थ कारोबार पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया।

### रामगढ़ जिले के 16 निजी विद्यालयों में नामांकन के लिए 15 मई को विशेष कैंप

**रामगढ़।** झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(सी ) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिले के 16 गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षा की रिक्त सीटों पर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 15.05.2026 को विद्यालय स्तर पर विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों का निजी विद्यालयों में निःशुल्क नामांकन सुनिश्चित करना। अभिभावक ऑनलाइन पोर्टल डब्लूडब्लूडब्लू. आरटीईरामगढ़. इन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यदि ऑनलाइन आवेदन में कठिनाई हो, तो वांछित दस्तावेजों की हार्ड कॉपी प्रखंड या जिला कार्यालय में जमा की जा सकती है। सभी प्रखंडों के बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी को संबंधित विद्यालयों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

### उर्वरक के उपयोग को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 40 किसान शामिल

# तकनीकी रूप से खेती कर आत्मनिर्भर बनें किसान : वैज्ञानिक डॉ. मुनेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरही।** "मेरा गां व मेरा गौरव" कार्यक्रम के तह त भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा द्वारा संतुलित उर्वरक के उपयोग़ को लेकर किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्य क्र म हजारीबाग सदर प्रखंड के ग्राम मंडई खुर्द में संपन्न हुआ। जिसमें करीब 40 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक डॉ. टी.एन. श्रीनिवास राव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। वहीं परिसर प्रभारी डॉ. एस.के. महतो तथा नोडल पदाधिकारी डॉ. बी.एन. मंडल के संरक्षण में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. रायमनी हेम्ब्रम ने भी कार्यक्रम के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मुनेश्वर कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान डॉ. श्रीनिवास राघवन ए., डॉ. मनोज चौधरी, डॉ. कृष्ण प्रकाश, डॉ. रंजीत सिंह एवं डॉ. संतोष कुमार सहित वैज्ञानिकों की टीम ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने किसानों को जैव उर्वरकों के उपयोग, प्राकृतिक खेती, बीज उपचार, साइनोबैक्टीरिया (नील-हरित शैवाल) तथा मिट्टी परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग के महत्व के बारे में बताया। साथ ही जल एवं पोषक तत्व प्रबंधन के समन्वित उपयोग से फसल उत्पादन और लाभ बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मुनेश्वर कुमार तिवारी ने किसानों को कहा कि घरेलू खाद और तकनीकी रूप खेती से करने से किसानों को लाभ मिल सकता है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रतिभा का परचमः सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के चार छात्र 'लाल लाडली' में चयन



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट के चार प्रतिभाशाली भैया आयुष कुमार महतो, रामानंद कुमार, सचिन कुमार एवं तेजस्व कश्यप का चयन सीसीएल की प्रतिष्ठित 'लाल-लाडली' योजना में हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। सीसीएल की 'लाल-लाडली' योजना कोल कमांड एरिया के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए संचालित एक निःशुल्क आवासीय कोचिंग योजना है। यह योजना सीसीएल द्वारा सीएसआर के तहत संचालित की जाती है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का चयन किया जाता है। चयनित विद्यार्थियों को आईआईटी की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग, प्लस टू की शिक्षा हेतु डीएवी गाँधी नगर, रांची में अध्ययन की सुविधा तथा छात्रावास एवं भोजन की व्यवस्था प्रदान की जाती है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय में आयोजित वंदना सभा में सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय के सचिव चंद्रशेखर चौधरी एवं प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा सम्मानित किया गया।

### आंधी, तूफान व ओलावृष्टि से नुकसान, कई घरों का एस्बेस्टस उड़ा, मुआवजे की मांग



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम घंघरी में आई तेज आंधी तूफान व ओलावृष्टि से काफी नुकसान पहुंचा है। ग्राम घंघरी निवासी राजबली मियां पिता स्व भोला मियां के एस्बेस्टस सीट की छत आंधी में उड़ गया , जिससे उनके समक्ष रहने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत गृहस्वामी ने बरकट्ठा अंचल अधिकारी एवं बीडीओ को आवेदन देकर मुआवजा देने की मांग किया है। वहीं आंधी तूफान और ओलावृष्टि से बिजली आपूर्ति सेवा भी प्रभावित हुआ है।

### कुण्दुरमुण्डा में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों और विधायक की बैठक, विधायक ने कहा

# फॉरेस्ट क्लीयरेंस की प्रक्रिया पूरी कर जल्द बनेगी सड़क

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** प्रखंड के कुण्दुरमुण्डा गांव में लंबे समय से बंद पड़ी सड़क के निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनागड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में हो रही देरी और वन विभाग की ओर से फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं मिलने की समस्या को विस्तार से रखा।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार लिखित शिकायत की गई। इसके अलावा प्रशासनिक स्तर पर आवेदन देकर अधिकारियों के साथ बैठक भी की गई, लेकिन आज तक किसी प्रकार की ठोस पहल नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बंद रहने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, बच्चों को स्कूल जाने और किसानों को बाजार तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।इस दौरान विधायक नमन विक्सल कोनागड़ी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे शुरू से ही इस सड़क निर्माण को लेकर गंभीर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर कई बार संबंधित विभागों एवं वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत की गई है। हाल ही में वन विभाग और आरसीडी विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक भी हुई है, जिसमें समाधान की दिशा में सकारात्मक चर्चा हुई।विधायक ने कहा कि ग्राम सभा से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलते ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस की प्रक्रिया पूरी कर सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब इस समस्या का समाधान अवश्य होगा और ग्रामीणों को जल्द बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी।बैठक में विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष ज्वलंत बेक, अमृत जैनुल अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### खाली पेट स्कूल पहुंची छात्रा को संस्कृत याद नहीं करने पर 150 उठक-बैठक की सजा

- **दर्द और सूजन से बिस्तर पर पड़ी मासूम**



जलडेगा( शिक्षा के मंदिर में अनुशासन के नाम पर एक छात्रा को ऐसी सजा दी गई कि अब वह दर्द से कराहते हुए स्कूल जाने से भी डर रही है। मामला राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय टीनगिना का है, जहां क्लास 7 की छात्रा सपना कुमारी को संस्कृत विषय याद नहीं कर पाने पर कथित तौर पर 200 बार उठक-बैठक करने की सजा दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सपना कुमारी, पिता ललित तुरी, सोमवार को स्कूल गई थी। मॉर्निंग स्कूल होने के कारण घर में सुबह नाश्ता नहीं बन पाया था और छात्रा खाली पेट ही स्कूल पहुंची थी। इसी दौरान संस्कृत विषय का पाठ याद नहीं कर पाने पर विद्यालय के शिक्षक ललित नाग ने उसे उठक-बैठक करने की सजा दी।परिजनों का आरोप है कि छात्रा को 200 बार उठक-बैठक करने को कहा गया। हालांकि सपना करीब 150 बार ही उठक-बैठक कर पाई। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। रात होते-होते दोनों जांघों में तेज दर्द और सूजन आ गई। परिवार वालों का कहना है कि जांघ पूरी तरह टाइट हो गया है, जिसके कारण छात्रा चलने-फिरने में भी परेशानी महसूस कर रही है। घटना के बाद से वह स्कूल नहीं जा पा रही है। परिजन आर्थिक रूप से कमजोर बताए जा रहे हैं। छात्रा की मां कसीला देवी ने कहा कि उनका परिवार बांस कारीगरी और मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह बच्चों को पढ़ा रहा है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि अगर स्कूलों में बच्चों को इस तरह की सजा दी जाएगी तो बच्चे पढ़ाई से डरने लगेंगे और स्कूल जाना बंद कर देंगे। "हम लोग गरीब हैं, मेहनत मजदूरी करके बच्चों को पढ़ा रहे हैं। लेकिन अगर स्कूल में बच्चों के साथ ऐसा होगा तो बच्चे पढ़ने कैसे जाएंगे?" फिलहाल परिवार स्थानीय स्तर पर घर में ही छात्रा का इलाज करवा रहा है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं अभिभावकों ने स्कूलों में बच्चों के साथ मानवीय व्यवहार करने और शारीरिक दंड पर रोक लगाने की मांग की है।मामले को जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्कूली बच्चों को शारीरिक दंड देना नियमों का उल्लंघन है। सरकार बच्चों को स्कूल तक लाने और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे में शिक्षकों का दायित्व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, न कि उन्हें शारीरिक रूप से दंडित करना। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर दोषी शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।मामले को जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्कूली बच्चों को शारीरिक दंड देना नियमों का उल्लंघन है। सरकार बच्चों को स्कूल तक लाने और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे में शिक्षकों का दायित्व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, न कि उन्हें शारीरिक रूप से दंडित करना।

### बानो में विधायक ने किया कार्यालय का उद्घाटन, कहा

# जनता की समस्याओं का समाधान करना रहेगी पहली प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** तोरपा विधायक ने बुधवार को बानो प्रखंड कार्यालय परिसर में विधायक प्रतिनिधि कार्यालय कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, महिला कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जगदीश बागे, विद्युत विभाग प्रतिनिधि तनवीर हुसैन, प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, केंद्रीय समिति सदस्य धर्मदास तोपनो तथा सिम्हातु मुखिया लोरेंस बागे सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रखंड कार्यालय पहुंचने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने विधायक का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विधायक प्रतिनिधि कार्यालय खुलने से क्षेत्र की जनता को अपनी समस्याएं रखने में सुविधा होगी तथा उनके समाधान में तेजी आएगी। विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है। यह कार्यालय जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद सेतु का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, स्वास्थ्य सुविधा एवं ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा। विधायक ने हुरदा पीएचसी को जल्द एंबुलेंस उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में लाह उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करने की बात कही।कार्यक्रम के अंत में विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

### सेवा, समर्पण और संवेदना का संगम बना निःशुल्क मेडिकल कैंप

**सिमडेगा।** सिमडेगा के सलडेगा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में राज हॉस्पिटल सिमडेगा के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैंप का दूसरा दिन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। पूरे कार्यक्रम में सेवा और मानव कल्याण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. भानु प्रताप साहू के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप एवं विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।

### लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** रेफरल अस्पताल में चिकित्सक की कथित लापरवाही को लेकर मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. सुन्दर मोहन समद ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।जानकारी के अनुसार, सिमडेगा खैरन टोली निवासी लगभग 62 वर्षीय मोहम्मद इमरान की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें पहले सिमडेगा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए राउरकेला रेफर कर दिया गया। परिजन एम्बुलेंस से उन्हें राउरकेला ले जा रहे थे, तभी पंडरीपानी के पास उनकी हालत और खराब हो गई। इसके बाद परिजन उन्हें ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोप है कि चिकित्सक को सूचना देने के बावजूद समय पर डॉक्टर नहीं पहुंचे, जिसके कारण मरीज की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे तथा संबंधित चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग करने लगे।बैठक में ग्रामीणों ने अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सक उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने की मांग उठाई। झामुमो जिलाध्यक्ष ने भी अस्पताल में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में टोंगरी टोली भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने उठाई आवाज

**सिमडेगा।** शहर के वार्ड नंबर-5 स्थित टोंगरी टोली ग्राम में बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को पूरे मामले से अवगत कराया।ग्रामीणों ने बताया कि राजगृह सिंह कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए विद्युतीकरण कार्य के बाद ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिससे ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आग की चपेट में आने से कई घरों में लगे बिजली मीटर भी जल गए। घटना के बाद से गांव के लोग अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं, लेकिन अब तक कंपनी की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने विभाग से जल्द नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने तथा लापरवाही बरतने वाली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।इस दौरान ग्रामीणों ने विद्युत कार्यपालक अभियंता, सिमडेगा के नाम एक आवेदन भी सौंपा, जिसमें शीघ्र बिजली बहाल करने की मांग की गई।मौके पर भाजपा जिला पदाधिकारी कृष्णा महतो, रीतेश कुमार, राजदेव कुमार महतो, बीरबल कुमार, शंकर महतो, हेमंत डुंगडुंग, क्रिस्टोफर डुंगडुंग, डोरोसिया डुंगडुंग, प्रकाश डुंगडुंग, रोहित डुंगडुंग, पूर्णिमा डुंगडुंग, राजा पांडे, रोहित महतो, किशोर डुंगडुंग, सुनीता देवी, दिव्या डुंगडुंग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### तस्करी के लिए मवेशी लदी पिकअप को पुलिस ने किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिले में मवेशी तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस की लगातार कार्रवाई और निगरानी के बावजूद आए दिन तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में ठेठईटांगर थाना पुलिस ने बुधवार को मवेशी लदी एक पिकअप वाहन जब्त किया है।जानकारी के अनुसार ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के पंडरीपानी लाइन होटल के पास एक संदिग्ध पिकअप वाहन खड़ा था। इसी दौरान गश्ती पर निकली पुलिस टीम वहां पहुंची। पुलिस वाहन को देखते ही पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। चालक के अचानक भागने पर पुलिस को शक हुआ, जिसके बाद वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पिकअप में पांच भैंस लदे पाए गए।पुलिस ने मवेशी सहित पिकअप वाहन को जब्त कर थाना लाया है। मामले में वाहन चालक और तस्करी से जुड़े लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### दूध लदी पिकअप को टेलर ने मारी टक्कर, चालक बाल-बाल बचा

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दूध लदी पिकअप वाहन को तेज रफ्तार टेलर ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार सिमडेगा से पैकेट दूध लेकर एक पिकअप वाहन ठेठईटांगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान ठेठईटांगर चौक के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टेलर ने पिकअप को जोरदार धक्का मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप असंतुलित होकर सड़क किनारे उतर गई। हालांकि चालक को गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बच गया। घटना के बाद टेलर चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन पुलिस बल एवं स्थानीय युवकों की मदद से उसे बाड़ा पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिया गया।

### बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में छात्राओं को दी गई एचपीवी वैक्सीन

बानो :प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को 14 वर्ष से कम आयु की छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन दी गई। चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार की उपस्थिति में बांकी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बानो की छात्राओं का टीकाकरण किया गया।इस अवसर पर डॉ. मनोरंजन कुमार ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन लेना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करती है और भविष्य में कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक होती है।उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्राओं को वैक्सीन से संबंधित जानकारी भी दी। मौके पर शशिप्रभा,

### अचानक बस रोकने से एंबुलेंस से टक्कर पांच लोग घायल, गर्भवती महिला सुरक्षित

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के फरसाबेड़ा के पास बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बताया गया कि एक यात्री बस ने अचानक सड़क पर ब्रेक लगा दिया, जिसके कारण पीछे से आ रही 108 एंबुलेंस बस से टकरा गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि एंबुलेंस में सवार गर्भवती महिला बाल-बाल बच गईं।जानकारी के अनुसार बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गर्भवती महिला एलिना सुरीन को प्रसव के लिए 108 एंबुलेंस से सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। इसी दौरान फरसाबेड़ा के पास आगे चल रही यात्री बस ने अचानक वाहन रोक दिया। पीछे से आ रही एंबुलेंस चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और एंबुलेंस बस से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एंबुलेंस का दरवाजा जाम हो गया।

### कंप्यूटर सहायक एवं एमटीएस कर्मियों का मानदेय एक वर्ष से लंबित, बीडीओ को सौंपा आवेदन

**बानो।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर सहायक एवं एमटीएस कर्मियों ने विगत एक वर्ष से मानदेय भुगतान लंबित रहने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से कर्मियों ने बताया कि मार्च 2025 के बाद से अब तक उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है,जिसके कारण उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल, सिमडेगा का 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिमडेगा।** सीबीएसई कक्षा 12 परीक्षा परिणाम 2026 में डीएवी पब्लिक स्कूल, सिमडेगा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल है।कॉमर्स संकाय में मुस्कान अग्रवाल ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी जैन ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने बिजनेस स्टडीज विषय में 100 में 100 अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। वहीं लबीब रज़ा ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय के सभी 23 विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे और विद्यालय ने 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया।विज्ञान संकाय में देव कुमार ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रियंका कुमारी ने 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा खनक जैन ने 82.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।आर्ट्स संकाय में एंजेल मिंज ने 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेरियन लकड़ा ने 69.80 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा आयुष कुमार ने 66.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दृष्टिपात

### डॉन बॉस्को स्कूल कोलेबिरा में विद्यार्थी संसद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




**कोलेबिरा।** कोलेबिरा के जामटोली स्थित में बुधवार को विद्यार्थी संसद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सर जस्टिन की अगुवाई में किया गया। समारोह का उद्घाटन विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर फा. जोन, उप प्राचार्य फा. कुलदीप खलखो एवं हाउस को-ऑर्डिनेटर शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया।समारोह में विद्यालय के विभिन्न पदों के लिए चयनित विद्यार्थियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आशुतोष गुप्ता को हेड बॉय, अंशु प्रिया को हेड गर्ल, रेहान मियां को सहायक हेड बॉय तथा हीरामणि कुमारी को सहायक हेड गर्ल बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों के मंत्री, हाउस कैप्टन एवं क्लास मॉनिटर के रूप में कई विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण किया।इस अवसर पर फा. जोन ने कहा कि एक अच्छे नेता का कर्तव्य अनुशासन में रहकर सेवा करना है।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर बीमार महिला को मिली बेहतर स्वास्थ्य सुविधा



**सिमडेगा।** जिले के बानो प्रखंड अंतर्गत कनारोआ पंचायत के जामबेड़ा गांव निवासी सिलवंती सिंदुरिया को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराकर मानवता की मिसाल पेश की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम के सहयोग से बीमार महिला को बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में भर्ती कराया गया।बताया गया कि सिलवंती पिछले दस दिनों से अस्वस्थ थीं। सूचना मिलने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पीएलवी अशोक तिवारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि मरीज की जांच कर उपचार शुरू कर दिया गया है तथा जल्द स्वास्थ्य में सुधार होने की उम्मीद है।

### बानो रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज, 19 जून को चक्का जाम की चेतावनी

**बानो।** बानो रेलवे स्टेशन में विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने स्टेशन प्रबंधक मंजीत कुमार के माध्यम से डीआरएम रांची को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मौर्य एक्सप्रेस 15027/15028, भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस 18403/18404 तथा जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस 18105/18106 के बानो रेलवे स्टेशन में ठहराव की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि 16 जून तक रेल प्रशासन द्वारा ट्रेनों के ठहराव को लेकर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 19 जून को सुबह आठ बजे से बानो रेलवे स्टेशन में रेल चक्का जाम किया जाएगा।ज्ञापन की प्रतिलिपि आरपीएफ ओसी, सरकारी रेल थाना ओसी, उपायुक्त सिमडेगा एवं एसडीएम सिमडेगा को भी सौंपी गई है।

### ओहदार रणबहादुर सिंह की प्रतिमा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत रण बहादुर सिंह चौक स्थित स्वतंत्रता सेनानी ओहदार रणबहादुर सिंह की प्रतिमा के समीप बुधवार को भोगता समाज विकास संघ भवर पहाड़ गढ़, कोलेबिरा की ओर से 22वां मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कोलेबिरा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी सुजान मुंडा सहित गणमान्य लोगों ने ओहदार रणबहादुर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर भोक्ता समाज विकास संघ के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह ने कहा कि ओहदार रणबहादुर सिंह केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि समाज हित में कार्य करने वाले एक महान समाजसेवी भी थे। उन्होंने सामाजिक एकता, संगठन और समाज को मजबूत बनाने पर हमेशा विशेष जोर दिया।कार्यक्रम के दौरान भोक्ता समाज के लोगों ने पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात सभी लोगों ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।मौके पर रमेश सोनी, हेमंत प्रसाद, अशोक इंदवार, देवनंदन खेरवार, दिलेश्वर सिंह, जनेश्वर बिल्हौर, तपेश्वर सिंह, अभिमन्यु सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार, रणधीर प्रसाद सिंह, सरदार बलदेव सिंह, फिरनाथ सिंह एवं बालेश्वर सिंह रामकिशुन सिंह सहित बड़ी संख्या में भोक्ता समाज एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित थे।

### कोलेबिरा में खेत से मृत जंगली भालू बरामद, वन विभाग ने कराया पोस्टमार्टम



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत नवाटोली पंचायत के रायटोली गांव में खेत में एक जंगली भालू का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत भालू को अपने कब्जे में लेकर ब्लॉक परिसर स्थित एक्सचेंज के समीप नर्सरी परिसर में लाई। इसके बाद पशु चिकित्सक की देखरेख में भालू का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के दौरान भालू के शरीर पर जख्म के निशान पाए गए। पशु चिकित्सक ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों की विस्तृत जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।मौके पर वनपाल मनोज कच्छप, प्रधान वनरक्षी हेमंत कुमार, एरनियस लुगुन सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# रिजल्ट : सीबीएसई 12वीं परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा का शानदार प्रदर्शन

## विज्ञान संकाय में 96 प्रतिशत एवं वाणिज्य संकाय में 80 प्रतिशत छात्र हुए सफल




नवीन मेल संवाददाता

**पिपरवार ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही पिपरवार क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय से कुल 39 विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में हिस्सा लिया था। घोषित परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96 प्रतिशत सफलता हासिल की। वहीं वाणिज्य संकाय में 80 प्रतिशत छात्र सफल घोषित किए गए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता को उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को लगातार प्रेरित करते हुए परीक्षा की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विद्यालय के प्राचार्य साहिल ठाकरान ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास जारी रहेगा।

प्राचार्य ने कहा कि परीक्षा परिणाम केवल अंकों का नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की लगन, आत्मविश्वास और सतत प्रयास का परिचायक होता है। उन्होंने असफल विद्यार्थियों को भी निराश न होकर आगे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय के सकारात्मक वातावरण को दिया।

## ए ला एंगलाइज स्कूल का इंटरमीडिएट रिजल्ट शत-प्रतिशत, साइंस में कौशल तो कॉमर्स में अंकित बने टॉपर



**भुरकुंडा।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा का सीबीएसई 12वीं परीक्षा का परिणाम शानदार रहा। स्कूल का ओवरऑल रिजल्ट 100 प्रतिशत फर्स्ट क्लास रहा। साइंस और कॉमर्स दोनों संकायों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। साइंस संकाय में कौशल कुमार ने 464 अंक (92.8 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं माही कुमारी सोनी ने 428 अंक (85.6 प्रतिशत) के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंशु राज 390 अंक (78 प्रतिशत), आर्यन कुमार 374 अंक (74.8 प्रतिशत) और शिवांशु शेखर 373 अंक (74.6 प्रतिशत) अंक लाकर टॉप फाइव में शामिल रहे।

साइंस संकाय में कुल 24 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 16 छात्र और 8 छात्राएं थीं। विषयवार टॉपर में इंग्लिश में शीतल बेबी ने 94 अंक, फिजिक्स में कौशल कुमार ने 94 अंक, केमिस्ट्री में कौशल कुमार ने 91 अंक, आईपी में माही कुमारी ने 96 अंक, मैथ्स में कौशल कुमार ने 90 अंक, बायोलॉजी में हर्ष कुमार भुइयां ने 62 अंक तथा पीएचई में कौशल कुमार ने 99 अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय में अंकित कुमार सिंह ने 410 अंक (82 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मनीषा डे और पियूष करमाली ने 356-356 अंक (71.2 प्रतिशत) प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में कुल 6 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 4 छात्र और 2 छात्राएं थीं। विषयवार टॉपर में अंकित कुमार सिंह इंग्लिश में 89 अंक, इकोनॉमिक्स में 81 अंक, बिजनेस स्टडीज में 73 अंक, पीएचई में 86 अंक, आईपी में ने 81 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं अकाउंट में पियूष, अंकित एवं मनीषा ने 46-46 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार एवं सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर सहित समस्त विद्यालय परिवार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## साहिबगंज एसएनसीयू की बड़ी सफलता

**साहिबगंज।** साहिबगंज सदर अस्पताल स्थित स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) ने चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अत्यंत कम वजन के एक नवजात को 55 दिनों की गहन चिकित्सा और देखभाल के बाद स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दी गई। जन्म के समय बच्चे का वजन मात्र 780 ग्राम था, जिसके कारण उसके बचने की संभावना बेहद कम मानी जा रही थी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़**

**-: शुद्धि पत्र :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 09/2026–27 जिसकी PR 379568 (Building)25-26*D में प्रकाशित है। यह निविदा अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है :–

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, रामगढ़

PR 379691 (Building)26-27*D



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, CHAS**
**Reg. Office : Chas Block Road, ITI More, Chas, (Bokaro), Pin- 827013,**
**Email ID- esechas011@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed Tender in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (Price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar nature of civil works and having financial soundness status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of Work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ including GST @ 18 % (Non-refundable) (In Rs.) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01) | 81/PR/JBVNL/ 2026-27 | Sinking of 200/165 mm dia HYDT deep bore well with allied work related to water supply system at 33/11 KV P/S/S, Sahubahiyar under Electric Supply Division, Loyabad. | 3,71,100=00 | 7,500=00` | 885=00 | 60 Days |
| 02) | 82/PR/JBVNL/ 2026-27 | Sinking of 200/165 mm dia HYDT deep bore well with allied work related to water supply system at 33/11 KV P/S/S, Tilatand (Katras) under Electric Supply Division, Loyabad. | 3,82,300=00 | 7,700=00 | 885=00 | 60 Days |

| | |
|---|---|
| Last date and time for sale of BOQ/ Tender documents | 04/06/2026 up to 5.00 PM |
| Last date and time for physical submission of tender documents | 05/06/2026 up to 02:30 PM |
| Date and time for opening of tender Part-I (Technical and Commercial) | 05/06/2026 at 3:00 PM |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Part) | Further communicated |
| Tendering Officer and address for communication | Electrical Superintending Engineer, ESC-Chas |

1. Tender documents with BOQ including term & conditions, specification etc. can be purchased on mentioned cost either in cash or in shape of Demand Draft from the office of the undersigned during office hours up to last date of sale of BOQ/Tender documents.
2. Demand Draft from any nationalized/Scheduled bank of India towards requisite amount of Earnest money and/or cost of BOQ may be made in favour of **Accounts Officer, Electric Supply Circle, Chas,** payable at **Chas**.
3. The tenders will be received through offline tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Chas

PR 379686 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D


## श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सीबीएसई 12वीं परीक्षा में साइंस में रोहिणी और कॉमर्स में कौशिकी बनी टॉपर



**भुरकुंडा।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में रोहिणी कौशल 89 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल की साइंस टॉपर रही। इसी तरह कौशिकी सिंह 85.2 प्रतिशत अंक के साथ कॉमर्स की टॉपर बनी। साइंस में माही कुमारी 87.6, रिशु गुप्ता 87, टिया सिंह 84.4, बेबो भारती 84.4, वैभव कश्यप साव 84.4, आयुष कुमार 84, शुभम कुमार 83.6, समृद्धि कुमारी 82.4, अजमेर खान 81.8 प्रतिशत के साथ साइंस के टॉप टेन में रहे। कॉमर्स में इशांत कुमार सिंह ने 83.8 प्रतिशत, मनीष कुमार ब्राहिल ने 79.4 प्रतिशत, आदित्य कुमार ने 79 प्रतिशत, विद्या यादव ने 73.2 प्रतिशत अंक के साथ कॉमर्स के टॉप फाइव में शामिल रहे। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि बच्चों को उनके परिश्रम का फल सफलता के रूप में मिला है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से स्कूल एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विद्यार्थियों की सफलता पर अंकित विश्वकर्मा, सोहैल अहमद, संतोष कुमार, कुमुल कुमार, मंजू कुमारी, सोनम खातून, रीतिका, आयुष मजूमदार, अरविंद दुबे आदि शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पांच भट्ठियां ध्वस्त

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में अवैध शराब निर्माण और कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस एवं उत्पाद विभाग ने बुधवार को संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम लातार्सिका में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान जंगलों और गांव के आसपास संचालित अवैध महुआ शराब की पांच भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान करीब 4000 लीटर जावा महुआ और कच्ची शराब को मौके पर ही नष्ट किया गया। जानकारी के अनुसार, प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि लातार्सिका गांव के जंगल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर महुआ शराब तैयार की जा रही है। सूचना के आधार पर मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार और उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक निर्भय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। इसके बाद पुलिस बल और उत्पाद विभाग के कर्मियों ने इलाके में छापेमारी अभियान चलाया।

# कोलियरी रोडसेल समिति ने मांगों को लेकर कोयला उत्पादन ठप किया

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोलियरी रोडसेल समिति ने बुधवार को अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर संगम आउट सोर्सिंग माइंस पर धरना प्रदर्शन कर उत्पादन को ठप कर दिया। आंदोलन के दौरान समिति के लोगों ने भुरकुंडा कोलियरी और बीएलए कंपनी प्रबंधन को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। आगामी 16 मई को पीओ कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन, बीएलए कंपनी और समिति के बीच त्रिपक्षीय वार्ता आहूत की गई है। सुबह 10 बजे से समिति के लोग संगम आउट सोर्सिंग माइंस पहुंचकर उत्पादन कार्य को पूरी तरह ठप कर दिया। इस दौरान समिति के लोगो ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलन के करीब पांच घण्टे के बाद समिति ने वहां पहुंचे भुरकुंडा कोलियरी के मैनेजर अजय कुमार सिंह, अविनाश चंद्रा और बीएलए कंपनी के मैनेजर सुरेंद्र कुमार को पांच सूत्री माँग पत्र सौंपा। जिसमे भुरकुंडा संगम खुली खदान से उत्पादित होने वाले कोयले का 75 प्रतिशत कोयला रोडसेल में देने, विगत 40-45 वर्षो से लोकल सेल में काम करने वाले बेरोजगार मजदूरों, नोजवानों को अविलंब लोकल सेल चालू कर रोजगार मुहैया कराने, भुरकुंडा खुली खदान में उत्खनन कार्य कर रही बीएलए आउट सोर्सिंग कंपनी के सभी कार्यो में कुशल, अकुशल मजदूरों की बहाली समिति के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने, भुरकुंडा कोलियरी से प्रभावित चारो राजस्व ग्राम देवरिया, कुरसे, दुंदुआ और बलकुदरा के रैयतों, विस्थापितों व प्रभावितों को चिन्हित कर अविलंब नॉकरी देने व बकाया का भुगतान करने, भुरकुंडा कोलियरी के प्रभावित गांव के रैयतों, विस्थापितों व स्थानीय लोगो को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। आंदोलन स्थल में तय हुआ कि समिति के मांगो को लेकर आगामी 16 मई को पीओ कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन, बीएलए कंपनी और समिति के बीच त्रिपक्षीय वार्ता की जायेगी। इस अवसर पर सेल समिति ने कहा कि जब तक लोकल सेल के लिये कोयला का ऑफर नही भेजा जायेगा तब तक कोयला का उत्पादन नही होने दिया जायेगा। साथ ही बलकुदरा माइंस का कोयला का सम्प्रेषण अन्यंत्र नही होने दिया जायेगा।

## मजदूर हितों के लिए हमेशा सक्रिय रहे रामनाथ शर्मा, शोकसभा में दी गई श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की ओर से बुधवार को संगम सीएसपी कंटाघर के समीप मजदूर प्रतिनिधि रामनाथ शर्मा के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान समिति से जुड़े मजदूरों और सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और श्रद्धासुमन अर्पित किए। बताया गया कि रामनाथ शर्मा का निधन मंगलवार को उनके पैतृक गांव वैशाली में हो गया। वे पिछले चार वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही रोड सेल समिति के मजदूरों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई।शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि रामनाथ शर्मा मजदूरों के अधिकार और हितों की लड़ाई में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते थे। अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और कर्मठ कार्यशैली के कारण वे मजदूरों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन को मजदूर समाज और समिति के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। रामनाथ शर्मा अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्री-दामाद सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दुख की इस घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। शोकसभा में गिरधारी गोप, रेवती रमन शर्मा, रविंद्र सिंह, मुनिया देवी, द्रौपदी देवी, ज्योति तिर्की, विकास सोरेन, बबन पांडेय, प्रेम कुमार, नाजिर सहित बड़ी संख्या में मजदूर एवं समिति सदस्य मौजूद थे।

## अधूरी सड़क बनी मुसीबत, हाइवा फंसने से चार घंटे ठप रहा आवागमन



**भुरकुंडा।** मतकमा चौक से चिकोर, पाली, सांकी होते हुए चुटुपालू तक बन रही महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना का निर्माण कार्य अधूरा रहने से बुधवार को पाली दुमुहान गढ़ा में भारी यातायात बाधित हो गया। डायवर्सन में एक हाइवा फंस जाने से सड़क पर लंबा जाम लग गया और ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। जाम के कारण कई स्कूली बच्चे विद्यालय तक नहीं पहुंच सके। जानकारी के अनुसार, कोड़ी क्रेशर से चिप्स लेकर आ रही हाइवा गाड़ी संख्या बीआर 02 जीडी 7846 डायवर्सन में फंस गई, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और सभी वाहनों का परिचालन रोक दिया। मामले की सूचना मिलने पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने तत्काल जिला उपायुक्त ऋतुराज से बात कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। इसके बाद विधायक स्वयं जाम स्थल पहुंचे और ग्रामीणों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। करीब चार घंटे चली बातचीत के बाद केके बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड इंजीनियर्स एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी ने लिखित आश्वासन दिया कि निर्माणाधीन माइनर ब्रिज का कार्य 30 जून 26 तक पूरा कर लिया जाएगा। लिखित आश्वासन मिलने के बाद डायवर्सन में फंसी हाइवा को हटाया गया और यातायात पुनः बहाल कराया गया। मौके पर पतरातु बीडीओ मनोज गुप्ता, एमवीआई मोनू मिरनाल, विपुल उरांव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
Email-eedwsd.gumla@gmail.com

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2026–27**

**DMFT Head**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 19.05.2026 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर) |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 20.05.2026 को 4.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5. | निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय | :– | 20.05.2026 को 4.30 बजे अपराह्न। |
| 6. | निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सं0–2, गुमला। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला। |

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण बिपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Toilet complex for Boys and Girls in Luchutpat Government School at Village - Luchutpat, Panchayat - Majhgaon, Block-Dumri in District - Gumla under D.W. & S. Division, Gumla for the year 2026-27. | 5,35,264.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 01 माह |

निविदा की नियम एवं शर्ते :– कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।
:– प्राक्कलित राशि आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR 379751 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला आपूर्ति शाखा)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 की अवधि के लिए राँची जिला के ग्रामीण क्षेत्र के लिए 18 (अट्ठारह) एवं अनुभाजन क्षेत्र अवस्थित 12 (बारह) कुल 30 (तीस) तथा 02 (दो) रात्री दाल–भात केन्द्रों के संचालकों को न्यूनतम दर पर आपूर्ति करने के इच्छुक एवं अहर्त्ता रखने वाले विक्रेताओं से दिनांक 15.06.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक कृशि उत्पादन बाजार समिति, पण्डरा, राँची के अद्यतन् दर चावल (मध्यम) 3400.00 रुपये प्रति क्वींटल, चना 6500.00 रुपये प्रति क्वींटल एवं सोयाबीन बड़ी 8000.00 रुपये प्रति क्वींटल से न्यूनतम दर पर निविदा आमंत्रित किया जाता है।

**तकनीकि बीड के लिए अहर्त्ताएँ**

1. निविदादाता का व्यवसाय स्थल राँची जिला अंतर्गत होना चाहिए। व्यापार स्थल प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. स्थानीय अंचल अधिकारी या उच्चाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करें।
3. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी या उच्चाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करें।
4. निविदादाता का वाणिज्य कर विभाग से GST निबंधन का प्रमाण पत्र।
5. अद्यतन् GST रिटर्न की प्रति।
6. उद्यम निबंधन MMSME प्रमाण पत्र।
7. निविदादाता का प्रतिवर्ष डेढ़ (1.5) करोड़ रुपये का टर्न ओवर होने संबंधी कागजात।
8. निविदादाता का विगत 03 (तीन) वर्ष का अद्यतन आयकर रिटर्न की विवरणी।
9. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा सभी केन्द्रों तक एक माह के लिए माह प्रारंभ होने के दो दिन पूर्व सभी केन्द्रों पर निर्धारित मात्रा में चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी पहुँचाना आवश्यक होगा, से संबंधित शपथ पत्र।
10. निविदादाता District Supply Officer, Ranchi के पदनाम से राँची में भुगतेय 2,00,000/– (दो लाख) रुपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करायेंगे। निविदा में सफल व्यक्ति का बैंक ड्राफ्ट जमानत राशि के रूप में कार्यवधि तक रखा जायेगा। सामग्री की आपूर्ति प्रारंभ होने से कार्यवधि तक किसी प्रकार की अनियमितता का दोषी पाये जाने पर इसे जब्त किया जा सकेंगा। सफल निविदादाता को छोड़कर अन्य निविदादाताओं का बैंक ड्राफ्ट निविदा निष्पादन के उपरांत लौटा दिया जायेंगा।
11. चावल/चना/सोयाबीन बड़ी उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। गुणवत्ता के संबंध में निविदा समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं निम्न गुणवत्ता वाले निविदादाता को वित्तीय बीड में भाग लेने से बंचित किया जा सकेगा। सभी सामग्री का नमूना सील्ड पारदर्शी फलास्क/बोतल में लाना होगा जिसपर निविदादाता का नाम एवं पता चिपका होना चाहिए। आपूर्तिकर्त्ता के रूप में चयनित होने के उपरांत इससे भिन्न सामग्री की आपूर्ति केन्द्रों द्वारा स्वीकार नहीं की जायेगी।
12. निविदादाता को जिले में कार्यरत दाल–भात केन्द्रों पर सामग्रियों को पहुँचाकर उपलब्ध कराना होगा।

**वित्तीय बीड**

1. निविदादता का नाम एवं पता –
2. फोटो
2. निविदा दर प्रति क्वींटल

A. चावल –
B. चना –
B. हस्ताक्षर
C. सोयाबीन बड़ी –

⇦ फोटो
⇦ हस्ताक्षर

**सामान्य निर्देश :–**

1. तकनीकी बीड़ एवं वित्तीय बीड़ अलग–अलग लिफाफ में रखकर दोनों को एक बड़े लिफाफ में मुहरबंद कर उपायुक्त, राँची के पदनाम से दिनांक 15.06.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक जिला आपूर्ति कार्यालय, राँची में जमा किया जा सकता है। निर्धारित समय के उपरांत कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा उसी दिन 04:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।
2. उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची को बगैर कारण बताये निविदा को रद्द करने/निविदा समय में परिवर्तन करने/सामग्री की आपूर्ति एक या एक से अधिक आपूर्तिकर्त्ताओं के बीच आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची।

PR.NO.379706 District(26-27):D

**विचार प्रवाह**

मैं प्रार्थनागृह में प्रार्थना में बैठी थी- मैं अपने जीवन में आपनेवाली किसी परिस्थिति में विषय में सोच रही थी, जिसने मुझे आशंका से भर दिया था। मैं जानती थी कि ईश्वर की इच्छा नहीं है कि मैं उस अनुभव से बचूं। उस क्षण भी वह मेरी ओर बढ़ रहा था। अचानक प्रभु ने मुझे वह प्रार्थना बतायी जो उन्हें स्वीकार्य होगी, और मैंने तुरंत कहा- मेरे जीवन की किसी भी परिस्थिति को न बदलें, मुझे बदलें।- **स्वामी विवेकानंद जी**

**राष्ट्रीय नवीन मेल**

# पेपर आउट होते गए ज्यों-ज्यों घोटालों की दवा की

नौकरी और बड़े संस्थानों में एडमिशन के लिए छल,बल,धन के साथ अब तकनीक का भी इस्तेमाल हो रहा है। सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र आउट होने की खबर जंगल की आग से भी तेज इंटरनेट पर आग लगा रही है और इसका दागदार इतिहास बता रहा है कि सरकारें इसे रोकने का जितना प्रयास करती दिखती है उससे ज्यादा तेज गति से हेराफेरी के नए तरीके आजमा कर एडमिशन या नौकरी दिलाने वाले गिरोह आगे निकल जाते हैं। पेपर आउट कराने या हेराफेरी का इतिहास रांची से भी जुड़ा है जब यूपीएससी के प्रश्नपत्र मिशन के एक प्रतिष्ठित प्रेस से लीक हो गए थे। इसी प्रकार बिहार का कुख्यात सरगना रंजीत कितनों को डॉक्टर-इंजीनियर बनाने के बाद पकड़ा गया था।इसमें एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए नेताओं-अधिकारियों की मिलीभगत के बिना ऐसे घोटाले संभव नहीं हैं और जितने मामले प्रकाश में आते हैं उससे ज्यादा या तो बिना शोर मचाए निकल जाते हैं,निकाल दिए जाते हैं या दबा दिए जाते हैं क्योंकि इसमें सिर्फ पैसा कमाने की बात नहीं होती बल्कि प्रभावशाली लोगों के परिजन को पिछले दरवाजे से साहब बनाने की भी बात होती है । झारखंड का कुख्यात जेपीएससी घोटाला एक बार नहीं कई बार हुआ आरोप लगे जांच हुई मामला कोर्ट में गया पर गाय पर लेख लिखकर कई नेता-अधिकारी पुत्र-पुत्री प्रोमोशन पाकर बड़े-बड़े पदों पर पहुंच गए और शायद रिटायर भी हो जाएंगे,ये मामले कुछ पीड़ितों द्वारा उठाए गए, मीडिया में चर्चा हुई कुछ लोग जेल के अंदर-बाहर गए पर सिलसिला रुका नहीं। विधानसभा में नियुक्ति घोटालों में भी गति बाधित होती रही क्योंकि यहां भी बड़े लोगों की भागीदारी या हिस्सेदारी थी नतीजा कुछ निकलेगा पक्का नहीं है । कुछ दिन पहले रांची के पंडरा इलाके में ऐसी ही एक परीक्षा में हाईटेक गिरोह पकड़ा गया जिसका शोर सोशल मीडिया से उठा था। राजस्थान में नीट की परीक्षा के 720 में से 600 नंबर के प्रश्नपत्र एक कोचिंग संस्थान के माध्यम से लीक होने की खबर सोशल मीडिया में उड़ी और कुछ लोग पकड़े गए। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने प्रश्नपत्र लीक होने की आशंकाओं के बीच तीन मई को आयोजित नीट- यूजी परीक्षा को जिस तरह से रद्द किया है, उससे इसकी गंभीरता का पता चलता है, जो नीट-यूजी जो देश की सबसे प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक है और पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है। लाखों छात्र-छात्राएं चिकित्सा के क्षेत्र में प्रवेश पाने का सपना लिए शामिल होते हैं। अभिभावकों की मेहनत की पूंजी और उम्मीदों का भी इसमें निवेश होता है। इस बार 22 लाख से अधिक छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थे, जो फिलहाल ठगा महसूस कर रहे हैं।यह कोई पहली बार नहीं है, जब इस तरह का मामला सामने आया हो। 2024 में भी नीट-यूजी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने की वजह से विवादों के घेरे में आ गई थी। तब, सर्वोच्च न्यायालय ने पूरी परीक्षा को निरस्त करने से तो इंकार कर दिया था, पर कुछ केंद्रों पर एक हजार से अधिक बच्चों की दोबारा परीक्षा हुई थी।बात सिर्फ नीट की नहीं है, पिछले कुछ वर्षों में रेलवे, शिक्षक व पुलिस भर्ती और नेट जैसी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की भी खबरें आती रही हैं। कई संगठित गिरोहों का पता चला, कई बार परीक्षा केंद्रों की तरफ से बेईमानी, तो कई बार सर्वर से छेड़छाड़ के मामले भी सामने आए। ऐसी स्थितियां न आएं, इसलिए सरकार ने दो वर्ष पहले सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 पारित किया था, जिसमें दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का प्रावधान भी था। ऐसे सख्त कानून के बावजूद अगर पेपर लीक को रोका नहीं जा पा रहा, तो यह स्थिति नीति नियंताओं के लिए गंभीर विश्लेषण की मांग करती है। ताजा नीट-यूजी परीक्षा मामले में राजस्थान और दूसरे राज्यों से पेपर लीक संबंधी सूचना मिलते ही एनटीए ने परीक्षा रद्द करने की घोषणा कर दी और केंद्र ने भी अविलंब इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है। लेकिन देखा गया है कि पेपर लीक मामलों में शुरुआती सख्ती के बावजूद बाद में कार्रवाई धीमी पड़ जाती है, जिससे मूल समस्या जस की तस बनी रहती है।यह भी विचारणीय है कि अगर पेपर लीक का समानांतर उद्योग इतना मजबूत हो गया है, तो इसकी जड़ में केवल लालच नहीं, बल्कि वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी व्यवस्था भी है, जिसमें सीमित सीटों के लिए करोड़ों युवा संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में इस समस्या को व्यापक संदर्भों में देखने की भी जरूरत है। एनटीए जल्द ही परीक्षा की नई तिथि घोषित करेगी, पर युवाओं का भरोसा लौटाने के लिए उसे कुछ ठोस कदम तो उठाने ही होंगे, ताकि दोबारा इस तरह के मामले सामने न आएं। हताश विधार्थी आत्महत्या तक करते हैं तो समाज और सरकार को स्थायी समाधान ढूंढना चाहिए।

**इंडिया**



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

# एक सार्वभौमिक गीतकार शैलेंद्र

**पुस्तक की बात**



खुदेजा खान


> यह केवल एक पुस्तक नहीं यह संवेदना, स्मृतियों, संघर्षों और कला-सौंदर्य का बहुमूल्य हस्तलिखित इतिहास है। यह शैलेंद्र के जीवन को केवल बताती नहीं उसे पुनर्जीवित करती है

पुस्तक 'फिर भी रहेंगी निशानियां' कवि-गीतकार शैलेंद्र पर केंद्रित लेख संग्रह को पढ़ते हुए एहसास होता है कि शैलेंद्र उन रचनाकारों में थे जिन्होंने भारतीय फिल्म संगीत और हिंदी काव्य परंपरा में जनजीवन की सहज संवेदनाओं को गीतों में ढाल कर उन्हें अमर बना दिया। उनका लेखन केवल मनोरंजन जगत में ही नहीं, सामाजिक चेतना, मानवीय करुणा तथा जीवन दर्शन का सशक्त दस्तावेज बनकर उभरता है। एक व्यक्ति पर जब चौबीस अलग-अलग व्यक्ति विशेष अपना दृष्टिपात करते हैं तो कितनी भाव - भंगिमाएं और कितनी छवियां अपनी छटा बिखेरती हैं यहां मैं उन सभी कवि /लेखक/ साहित्यकार/ संपादक/ पत्रकार/संस्कृति धर्मियों के लेखों के उन महत्वपूर्ण अंशो को रखना चाहूंगी जिन्होंने शैलेंद्र पर पूरे मनोयोग से खूब डूबकर लिखा। इनका समग्र रूप से पठन पुनः शैलेंद्र को पुनर्जीवित कर देता है।

सर्वप्रथम इस पुस्तक की प्रस्तावना में अजय श्रीवास्तवा 'अजेय' लिखते हैं -यह केवल एक पुस्तक नहीं यह संवेदना, स्मृतियों, संघर्षों और कला-सौंदर्य का बहुमूल्य हस्तलिखित इतिहास है। यह शैलेंद्र के जीवन को केवल बताती नहीं उसे पुनर्जीवित करती है। उसकी सुनवाई करती है और पाठक के मन में एक धीमी सी गूंज छोड़ देती है। उनके गीतों में छुपा सत्य, उनका श्रमिक वर्ग के प्रति प्रेम, उनकी सादगी, उनकी नैतिक दृढ़ता और उनकी कलात्मक ऊंचाई यह सब पाठक को जीवन के प्रति एक नई दृष्टि देती है। शैलेंद्र के पुत्र दिनेश शैलेंद्र अपनी 'शुभकामना' में विचार व्यक्त करते हैं -"पिताजी का रहन-सहन इतना सरल और अनगढ़ था कि बचपन में, मैं कभी समझ ही नहीं पाया कि उनके भीतर कितना विराट व्यक्तित्व छुपा है उनकी मृत्यु के समय मैं लगभग 10 वर्ष का रहा होऊंगा। उस दिन जब हमारे घर पर राज कपूर, शंकर- जय किशन जैसी फिल्मी हस्तियां एक-एक कर आने लगी तब पहली बार मेरे भीतर कोई हलचल हुई। क्या पिताजी वाकई इतने बड़े व्यक्ति थे? यह प्रश्नचिन्ह मुझे लगता है शैलेंद्र के व्यक्तित्व के सामने लगाने की आवश्यकता न तब थी न अब है क्योंकि जिस तरह का जीवन उन्होंने जिया और सृजन किया वह सब हमारे समक्ष है और रहेगा।

पुस्तक का संपादन समकालीन, सुपरिचित वरिष्ठ कवि, लेखक ब्रज श्रीवास्तव ने किया है। संपादकीय में अपने विचार कुछ तरह प्रकट करते हैं- यह संकलन मेरे लिए केवल एक पुस्तक नहीं एक स्मरण यात्रा है उन गीतों तक, उन संवेदनाओं तक और उन मानवीय क्षणों तक जो शैलेंद्र ने हमें सौंपीं। यदि यह यात्रा किसी पाठक के भीतर एक छोटी सी भी गर्माहट छोड़ जाए तो यह प्रयास सफल समझूंगा। शैलेंद्र की स्मृति हमारे साथ रहे- उजास की तरह.... उफान की तरह... विश्वास की तरह।

प्रसिद्ध कवि नागार्जुन की कविता 'गीतों के जादूगर का मैं छंदों से तर्पण करता हूं' शैलेंद्र के प्रति उनकी आसक्ति और प्रशंसा दर्शाती है।





कला मर्मज्ञ कवयित्री/ लेखिका दीप्ति कुशवाह जब शैलेंद्र पर अपनी कलम चलाती हैं तो सचमुच गीत में धड़कती हुई मिट्टी, शैलेंद्र की लोक चेतना के रेशे-रेशे को बुनकर एक खादी की चादर बना देती हैं।उनके लेख से कुछ उद्धरण प्रस्तुत कर रही हूं -'शैलेंद्र को समझना दरअसल उस मिट्टी को छूना है जो थाली में परोसी गई रोटी की भाप में समाई होती है' ।उनके गीतों में वह गांव बोलता है जिसे सभ्यताओं ने पिछड़ा कह दिया पर जो अपनी पीठ पर पूरा देश ढोता है। शैलेंद्र के शब्दों में अभिजात्य नहीं, मिट्टी की गूंज है। चूल्हे की आंच, कुएं की बाल्टी, मटकी का रिसाव इन सब की ध्वनियां उनके गीतों में जाकर आत्मा बन जाती है। गीतों की यह बुनावट उन्हें उस विरल परंपरा से जोड़ती है जहां गीत किसी कौशल का रूप नहीं बल्कि जीवन की जरूरत का अंग होते हैं। शैलेंद्र के गीतों में गांव कभी सीधे नाम से नहीं आता। वह धूप की तरह फैलता है और कभी-कभी तो आंख की कोर में अटका कोई दृश्य बन जाता है जिसे हम देख नहीं सकते सिर्फ महसूस करते है। वह विरल कवि हैं जिन्होंने सिनेमा के चमचमाती पर्दे पर गांव के टप्पर को ससम्मान खड़ा कर दिया। दरअसल शैलेंद्र ने गीतों के माध्यम से वह किया जो फिल्म के संवाद नहीं कर सकते थे। उनका गांव पर्दे पर नहीं कलाकार की सांसों में बसता था।वह प्रेमिका की मुस्कान में नहीं उसकी चुप आंखों में पलता था। उनकी कलम सिनेमा में लोक की आत्मा का प्रवेश द्वार बनीं।

कवि शैलेंद्र का एक नया रूप उद्घाटित करते हुए वैज्ञानिक चेतना से लैस कवि शरद कोकास, शैलेंद्र के कवि पक्ष को उद्घाटित करते हैं। कविताएं जो वास्तव में शैलेंद्र के गीतों का मूल आधार थीं यह वही शैलेंद्र है जो 'तू जिंदा है तो जिंदगी की जीत पर यक़ीन कर' और 'हर जोर जुल्म की टक्कर में हड़ताल हमारा नारा है'जैसे गीत रचते हैं। जिन्होंने चेतना को उद्वेलित करने वाली अनेक कविताएं लिखी हैं और जिनके लिखे फिल्मी गीत भी किसी साहित्यिक रचना से कम नहीं हैं। प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, कवि, डॉ. सुधीर सक्सेना अपनी तीक्ष्ण दृष्टि से विश्लेषण करते हुए शैलेंद्र को कविराज या पुश्किन की तरह याद करते हैं। हिंदी सिनेमा की विविधवर्णी और विस्तृत दुनिया में वह सबसे सरल और सहज गीतकार हैं। शब्दों में बेहद अपने, लहजे में बेहद आत्मीय, उनके शब्दों में गजब की सादगी और रवानी है। उन्होंने जज्बातों को, ख्वाबों और उम्मीदों को शब्दों में इस खूबसूरती से पिरोया कि वे सिने-रसिकों के कंठहार बन गए। उनके गीत समाज में वृंद गान की तरह सोहे। मजदूरों,किसानों से लेकर श्रेष्ठीजनों और प्रेमी युगलों ने उन्हें गुनगुनाया। वह सन 1955 में 'श्री 420' में कही अपनी बात 'हम न रहेंगे तुम न रहोगे फिर भी रहेंगी निशानियां' को सही साबित कर गए। दूरदर्शन के वृत्त चित्रों से लंबे समय से जुड़े चर्चित, प्रतिष्ठित व अनुभवी, वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल शैलेंद्र को हमारा कबीर कहते हैं। इनका लिखा विस्तृत लेख जानकारी से भरपूर है। एक तरह से शैलेंद्र की संक्षिप्त जीवनी।आधुनिक युग के कबीर शैलेंद्र जिंदगी के जीवन दर्शन को बड़ी आसानी से एकदम सरल अंदाज में बयां कर जाते हैं। वैसा भारत तो क्या संसार की किसी भी भाषा के कवि ने नहीं किया यह बात मैं पूरे भरोसे से कह सकता हूं। जीवन दर्शन, हक़ के लिए लड़ने का जज्बा, रिश्तों की गहराई, प्रेम का अलौकिक स्वरूप और लोक भाषा का जो मिश्रण शैलेंद्र की रचनाओं में देखने को मिलता है वह उन्हें साहित्य के शिखर पर पहुंचा देता है। अफसोस की बात है कि समाज के एक बड़े वर्ग ने शैलेंद्र को सिर्फ़ फिल्मी गीतकार समझा। उन्होंने फिल्म के परदे से इतर जो लिखा वह बेजोड़ और विलक्षण है। आप एक बार उनकी कुछ गैर फिल्मी रचनाएं पढ़ तो लीजिए शैलेंद्र अपने दौर की व्यवस्था के खिलाफ क्रांति की मुद्रा में हैं।अपने सफ़र में शैलेंद्र विचार की ऊंचाई और भाव की गहराई का अद्भुत सम्मिश्रण हैं। वह सच्चे अर्थ में आधुनिक युग के कबीर थे।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)**

# नाजुक वक्त में गौर तलब है पीएम की सलाह

**देश की बात**



मनोज अग्रवाल

हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने हैदराबाद के संबोधन में देशवासियों को ऊर्जा संकट के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा संयमित उपयोग कर कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक किया है। पीएम की इस सात सूत्री अपील में न सिर्फ आम जन के बीच संकट की हालत में मनोबल और विश्वास बने रहने की प्रेरणा है साथ ही संकट से निपटने का मूलमंत्र भी है। सरकार वैश्विक संकट के इस दौर में नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच बनकर डटी रही आयातित तेल पर भारी दाम वृद्धि को सरकार ने 24 से 30 रुपए प्रति लीटर भार वहन किया है पैट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपए से घटित कर तीन रूपये लीटर कर दिया जबकि डीजल पर उत्पाद शुल्क खत्म कर दिया है। आपको पता है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है। जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है पूर्व तक यह अनुमान था कि होरमुज मार्ग का विवाद जल्द सुलझ जाएगा और स्थिति पूर्ववत सामान्य हो जाएगी लेकिन अब ऐसा नहीं है। आपको बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण संकीर्ण मार्ग है, जिससे भारत अपनी 90 फ़ीसदी से अधिक एलपीजी और लगभग 40 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। ऐसी विषम परिस्थितियों में, जब दुनिया भर में ईंधन की भारी कमी और कीमतों में आग लगने का अंदेशा था, भारत सरकार ने दूरदर्शिता, कूटनीतिक कुशलता और त्वरित रणनीतिक निर्णयों से देश में ऊर्जा की सुव्यवस्था बनाए रखी बल्कि आम जनता पर बढ़ी कीमतों का भार भी नहीं बढने दिया। संकट का संकेत मिलते ही भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को क्रियान्वित करते हुए न केवल वैकल्पिक स्त्रोत तलाशे बल्कि घरेलू संसाधनों को भी मजबूत किया। स्पेन मिस्त्र श्रीलंका दक्षिण कोरिया फिलीपींस जापान पाकिस्तान बांग्लादेश आदि में वहां की सरकारों ने ईंधन राशनिंग, वर्क फ्रॉम होम, फ्यूल पास, स्कूल बंद जैसे अनेक प्रतिबंध भरे कदम उठाए लेकिन भारत सरकार की सूझ-बूझ और प्लानिंग के चलते ईंधन राशनिंग नहीं हुई, स्कूल बसों, वाहनों व परिवहन यातायात की गाड़ियों को मांग के अनुरूप फ्यूल मिलते रहने से कोई स्कूल बंदी नहीं हुई और न ही कोई दफ्तर बन्द करने पड़े। तमाम दफ्तर सामान्य तौर पर कार्यरत रहे जिससे कोई वर्क-फ्रॉम-होम निर्देश पारित करने की नौबत नहीं आने पायी। देश भर में खुदरा ईंधन की स्थिर आपूर्ति बनाये रखी गयी।यह सब त्वरित सरकारी हस्तक्षेप से संभव हो पाया है। एलपीजी और घरेलू आपूर्ति संरक्षण व्यवधान के 8 दिनों के भीतर सरकार ने एलपीजी नियंत्रण आदेश जारी किया रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया गया। घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000 टन प्रति दिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया जो लगभग 50 फीसद की वृद्धि है। 9 दिनों के भीतर प्राकृतिक गैस आपूर्ति विनियमन आदेश जारी किया गया। पीएनजी घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी सार्वजनिक परिवहन को 100 फीसद आवंटन के साथ संरक्षित किया गया। सरकार द्वारा सार्वजनिक आपूर्ति बनाए रखने के लिए औद्योगिक आवंटन को भी सुचारू और युक्तिसंगत बनाए रखा। भारत सरकार द्वारा रूस, संयुक्त राज्य अमरीका, पश्चिम बंगाल, अफ्रीका, अटलांटिक बेसिन से त्वरित संपर्क स्थापित कर ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था की गयी। भारत में एलपीजी की मांग लगभग 90,000 टन की प्रतिदिन की है जिसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल के माध्यम से 70 से 75000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। भारत में घरेलू उत्पादन बढ़कर 54000 टन प्रतिदिन होने से शेष आयात की आवश्यकता घटकर 20,000 टन प्रतिदिन की रह गयी है। सरकार द्वारा आठ लाख टन कार्गो पहले ही सुरक्षित किए जा चुके हैं जिससे आज हमारे पास चालीस दिनों का अग्रिम भंडार उपलब्ध है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

## सूखी आंखों का गीला दर्शन



सुरेश मिश्रा 'उरतृप्त'

सेकंड क्लास के स्लीपर कोच में प्रवेश करते ही ऐसा लगता है मानो हम भारतीय रेल के डिब्बे में नहीं, बल्कि कलयुग के उस चिड़ियाघर में आ गए हैं जहाँ पिंजरे के अंदर और बाहर, दोनों तरफ जानवर ही रहते हैं। यहाँ की हवा में पसीने, अचार और गरीबी की एक ऐसी त्रिकोणीय गंध होती है जिसे सूंघते ही नासिका छिद्रों को मोक्ष प्राप्त हो जाता है। बर्थ पर बैठे यात्री ऐसे चौकन्ने रहते हैं मानो उन्होंने अटैची में कोहिनूर हीरा छिपा रखा हो, जबकि हकीकत में उसमें सिर्फ फटी हुई बनियानें और घर से लाया गया कड़ा पराठा होता है। तभी डिब्बे के दरवाजे पर एक ऐसा प्राणी प्रकट होता है जिसकी देह पर कपड़े कम और इतिहास के घाव ज्यादा होते हैं। वह खंजरी बजाता है और आवाज लगाता है- "ए बाबू! हमार पेट नाहीं, ई तौ कुआँ होय, जेमा जेत्ता डालौ सब कम लागै। दे दऽ माई, तोहार लड़का जुग-जुग जिए!" उसकी आवाज में वह मिठास है जो केवल उन लोगों के पास होती है जिन्होंने चीनी खरीदने की औकात बहुत पहले खो दी है। वह खंजरी ऐसे बजाता है जैसे ट्रेन के पहिए उसके ताल पर ही घूम रहे हों और यात्री अपनी जेबें ऐसे दबाते हैं मानो वह भिखारी नहीं, आयकर विभाग का कोई छापा मार दस्ता हो। थोड़ी देर में एक दूसरा कलाकार अवतरित होता है, जो पूरी तरह से भगवान के नाम पर डराता है। उसने गले में भगवानों की एक पूरी कैबिनेट लटका रखी है। वह अवधी और भोजपुरी के मिश्रण में श्राप और आशीर्वाद का ऐसा कॉकटेल परोसता है कि नास्तिक भी डर के मारे जेब में हाथ डाल देता है। "अरे साहेब, हमका का देखत हौ? हम तौ तोहरे पाप काटै आए अही। जे देई ओकरो भला, जे ना देई ओकरो बिटिया का बियाह न होई!" यह सुनते ही शादी के लायक बच्चों के माात-पिताओं के माथे पर पसीना आ जाता है। वह एक अंधे भिखारी का हाथ पकड़े है, जो दरअसल इतना अंधा है कि वह सुंदर लड़कियों के सामने आते ही अपनी आँखों की पुतलियां कुछ ज्यादा ही तेजी से नचाने लगता है। उसकी लाठी की खटखटाहट ट्रेन के शोर को चुनौती देती है। लोग उसे पैसे नहीं देते, बल्कि अपने पापों का एक छोटा सा किश्त चुकाते हैं।

**राष्ट्रीय नवीन मेल**

**धर्म-अध्यात्म**

## अपने अंदर क्षमा की धारा निरंतर प्रवाहित रखें



स्वामी चिन्मयानंद

वह अपने एक संकल्प के पूरे होने पर दूसरा बड़ा संकल्प लेता है। इस प्रकार वह अपने को विशाल बनाता रहता है और अधिक कुशलता अर्जित करता रहता है। कठिनाइयों के समय भी दृढ़ सत्यनिष्ठ बने रहने वाले पुरुष भी कभी, कभी ढीले पड़ जाते हैं और अपनी प्राप्त की हुई ऊंचाई से नीचे गिर जाते हैं। इस पतन का कारण प्रायः उनके मन में छिपा कोई भय होता है जो किसी प्रकार उनके अंदर प्रविष्ट हो गया है। उसका विश्लेषण सावधानी से करने पर ज्ञात होगा कि उसके उत्पन्न होने का कारण हमारे विचारों की अस्पष्टता है, क्षणिक निराशाओं पर विजय पाने की क्षमता का अभाव है और आस-पास के लोगों के कुछ कार्यों या आलोचनाओं के प्रति तटस्थ न रह पाना है। दुर्बल क्षणों में कोई घटना भी हमारे मन के ऊपर भारी बोझ डाल सकती है। चिन्ता का यह बोझ और उससे होने वाले विक्षेप सत्यनिष्ठ व्यक्ति में अवश्य आ जाते हैं। उसे मानसिक सन्तुलन रख कर अपनी गति बनाये रखना कठिन हो जाता है। हम अपने अन्दर क्षमा की धारा निरन्तर प्रवाहित रखें। उसकी तेज धारा में हमारे आत्मघाती विक्षेप बहे चले जायेंगे। महान उपलब्धियों के लिए अपने आपको सुसज्जित रखने वाला व्यक्ति क्षमाशील ही नहीं वरन दूसरे के अपराधों को भूल जाने वाला होना चाहिए। उसके साथ काम करने वाले बेईमानों और उपद्रवियों को भी क्षमा करना होगा। सब लोगों के अन्दर कार्य करने की सच्ची प्रेरणा न होगी। प्रेरणा होने पर भी सब लोगों में पर्याप्त कुशलता न होगी अथवा उनमें अपने लक्ष्य के प्रति स्थायी निष्ठा न होगी। उन्हे क्षमा कर दें। यदि वे सदा पूर्ववत बुरे ही बने रहते हैं तो उन्हें भूल जाएं। कवि रावर्ट ब्राउनिंग कहते हैं।


-पुस्तक अवश्य करें से साभार

**फेसबुक वॉल से**





**एक्स से**





# साधारण जीवन के असाधारण अर्थ : जब आदतें बन जाएं राष्ट्रधर्म

**अलग बात**



आरके जैन 'अरिजीत'

अंतरराष्ट्रीय राजनीति के क्षितिज पर जब अस्थिरता और संघर्ष की परछाइयाँ लगातार घनी होती जा रही हैं, तब ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता अब सिर्फ अर्थव्यवस्था का मुद्दा नहीं रह गया, बल्कि देशों के अस्तित्व से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुका है। ईरान-इज़राइल-अमेरिका के बीच बढ़ते संघर्ष ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ जैसे रणनीतिक मार्ग को अनिश्चितता की स्थिति में डाल दिया है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति की रीढ़ डगमगा गई है। भारत जैसे आयात-निर्भर देश इस दबाव को विशेष रूप से झेल रहे हैं। ऐसे संवेदनशील समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूसरा आह्वान केवल एक सरकारी संदेश नहीं, बल्कि पूरे समाज को सचेत करने वाली गूंज है, जो यह स्पष्ट करता है कि आने वाले समय की दिशा केवल नीतियों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी और अनुशासन से तय होगी। अब समय केवल संसाधन बचाने का नहीं, बल्कि जीवनशैली बदलने का संकेत दे रहा है। प्रधानमंत्री का यह संदेश साफ करता है कि आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए कामकाज और आदतों में बदलाव जरूरी होगा। वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देना, बैठकों को डिजिटल माध्यम तक सीमित रखना और अनावश्यक यात्राओं से बचना सीधे ऊर्जा खपत को नियंत्रित करने का प्रयास है। जो काम बिना सफर के हो सकते हैं, वे अब केवल सुविधा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित का विषय हैं। यह सोच बताती है कि आधुनिकता केवल तेज रफ्तार में नहीं, बल्कि समझदारी भरे निर्णयों में भी दिखाई देती है। जब करोड़ों लोग अपनी आदतें बदलते हैं, तो उसका असर दुनिया के बाजारों और ऊर्जा संतुलन तक महसूस होता है। शहरों की सड़कों पर दौड़ती वाहनों की लंबी कतारें अब केवल भीड़ का दृश्य नहीं, बल्कि बढ़ती ईंधन निर्भरता की चेतावनी बन चुकी हैं। ऐसे समय में कार पूलिंग और सार्वजनिक परिवहन को अपनाने का संदेश साधारण सलाह नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी को मजबूत करने वाला कदम है। जब कई लोग एक ही वाहन से सफर करते हैं, तो सिर्फ पेट्रोल की बचत नहीं होती, बल्कि धुआं और ट्रैफिक का दबाव भी कम होता है। सड़कों की रफ्तार संतुलित होती है, प्रदूषण घटता है और समय की बर्बादी भी कम होती है। यह बदलाव उस नई नागरिक सोच की ओर इशारा करता है, जहाँ व्यक्तिगत आराम से ऊपर सामूहिक हित और पर्यावरण संरक्षण को भी महत्व दिया जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था पर सबसे गहरा असर उन आदतों का पड़ता है, जिन्हें समाज वर्षों से समृद्धि का प्रतीक मानता आया है। सोना भी ऐसी ही परंपरा है, जिसने भारतीय मानसिकता में सुरक्षा, प्रतिष्ठा और गौरव का स्थान बना रखा है। लेकिन जब यही आकर्षण विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ाने लगे, तब सोच बदलना जरूरी हो जाता है। एक वर्ष तक अनावश्यक सोने की खरीद से बचने की अपील केवल आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है। यह विचार बताता है कि असली समृद्धि तिजोरियों की चमक में नहीं, बल्कि आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता में बसती है। जब व्यक्तिगत प्रदर्शन और पुरानी परंपराएं राष्ट्रीय हितों पर बोझ बनने लगें, तब संयम सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म बन जाता है। आज आर्थिक मजबूती केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि नागरिकों की उपभोग आदतों से भी तय हो रही है। विदेशी यात्राओं, डेस्टिनेशन वेडिंग और आयातित वस्तुओं पर बढ़ता खर्च अब निजी पसंद से आगे बढ़कर राष्ट्रीय संसाधनों पर असर डालने लगा है। ऐसे समय में विदेशी निर्भरता घटाने और स्थानीय विकल्प अपनाने का संदेश महत्वपूर्ण हो जाता है। 'लोकल फॉर वोकल' अब केवल नारा नहीं, बल्कि आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की मजबूत रणनीति बन चुका है। जब लोग देश के उत्पादों, उद्योगों और पर्यटन को प्राथमिकता देते हैं, तो विदेशी मुद्रा बचने के साथ स्थानीय बाजार, रोजगार और उत्पादन को भी नई गति मिलती है। यही सोच आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव बन सकती है। राष्ट्र पर आने वाले बड़े संकट अक्सर युद्धभूमि में नहीं, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की आदतों में जीते या हारे जाते हैं। यही कारण है कि इस आह्वान में रसोई के तेल से लेकर खेतों में उर्वरकों के उपयोग तक, हर छोटी बात को राष्ट्रीय जिम्मेदारी से जोड़ा गया है। संदेश स्पष्ट है कि केवल सरकारी नीतियां नहीं, बल्कि नागरिकों का अनुशासन भी देश की ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा तय करता है। जब हर घर बचत को संस्कार और संयम को कर्तव्य बना लेता है, तब उसका प्रभाव पूरे राष्ट्र की स्थिरता पर दिखाई देता है। यह सोच आम नागरिक को मात्र उपभोक्ता नहीं, बल्कि संसाधनों का सजग प्रहरी बना देती है। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और विरोध के शोर के बावजूद इस आह्वान की गंभीरता कम नहीं होती। सरकार का कहना है कि फिलहाल ऊर्जा भंडार पर्याप्त हैं, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताओं को अनदेखा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। यही कारण है कि यह पहल भय नहीं, बल्कि समय रहते तैयारी मजबूत करने के उद्देश्य से लाई गई है। इस सोच में नागरिकों को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी माना गया है। यह मॉडल बताता है कि किसी देश की वास्तविक ताकत केवल सरकारों में नहीं, बल्कि जनता की सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता में छिपी होती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

झूठ न झूठा सा लगे, सत्य यहां संदिग्ध।
सारे ग्राहक नामजद, खुद अपने में बिद्ध।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बंगाल सरकार ने अनधिकृत टोल प्लाजा को बंद करने का दिया आदेश

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्यभर में तृणमूल कांग्रेस की पिछली सरकार के दौरान सक्रिय सभी अनधिकृत टोल गेटों और ड्रॉप गेटों को तत्काल बंद करने का आदेश जारी किया है।

पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में स्थित वे सभी टोल गेट, ड्रॉप गेट, बैरिकेड वाले ढांचे और चालू टोल संग्रह केंद्र, जहां से वाहनों का आवागमन होता है और जिन्हें पश्चिम बंगाल सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित/अधिकृत नहीं किया गया है, तत्काल प्रभाव से बंद किए जाएंगे। मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा जारी आदेश में यह कहा गया है। आदेश में जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में स्थित ऐसे अनधिकृत टोल संग्रह केंद्रों की पहचान करें, उन्हें तुरंत हटवाएं और उचित प्राधिकरण के बिना उनकी पुनः स्थापना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। मुख्य सचिव के आदेश में कहा गया है, "ऐसे अनधिकृत केंद्रों पर किसी भी प्रकार का शुल्क, प्रभार या कर तत्काल प्रभाव से बंद किया जाएगा।" जिला मजिस्ट्रेटों को यह भी सलाह दी गई है कि वे टोल वसूलने के लिए वैध अधिकार प्राप्त सभी अधिकृत टोल संग्रह केंद्रों की सूची तुरंत प्राप्त करें। "कानूनी और अवैध दोनों ही तरह के अधिकृत टोल वसूलने के बिंदुओं की एक सूची तैयार करके 15/05/26 को दोपहर 12 बजे तक अवर सचिव को अवश्य प्रस्तुत की जाए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और इसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी।"

### तृणमूल कांग्रेस के दौरान बिना रसीद वाले टोल बनाए गए थे

ऐसे अनधिकृत टोल गेट मुख्य रूप से राज्य राजमार्गों पर तेजी से फैल गए थे और इन्हें सत्ताधारी दल के नेता चला रहे थे। ट्रक ऑपरेटरों, बस ऑपरेटरों और यहां तक कि निजी वाहनों में यात्रा कर रहे यात्रियों ने भी इन टोल गेटों पर रोके जाने और बिना रसीद के अनधिकृत तरीके से शुल्क वसूलने की शिकायतें की थीं। हालांकि, प्रशासन ने इस समस्या को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया और इन शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया। नए मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, सुवेंदु अधिकारी ने निष्पक्ष प्रशासन का वादा किया और इस तरह की जबरन वसूली गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए सभी कदम उठाए।

---

#### नीट-यूजी पेपर लीक मामला

## सीबीआई ने चार अरोपियों को हिरासत में लिया, एक महिला



**एजेंसी। मुंबई**

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले की जांच बुधवार को और तेज हो गई, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले से पूछताछ के लिए तीन संदिग्धों और पुणे से एक महिला को हिरासत में लिया। केंद्रीय एजेंसी आगे की जांच कर रही है।

अधिकारियों ने बताया कि तीनों संदिग्धों से इस समय अहिल्यानगर के पुलिस अधीक्षक के दफ़्तर में पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी जिन तीन लोगों से पूछताछ कर रही है, उनमें आरोपी धनंजय लोखंडे भी शामिल हो सकता है। देश भर में हुए परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच के सिलसिले में मुंबई से आई सीबीआई की एक टीम मंगलवार से ही अहिल्यानगर में डेरा डाले हुए है। जांचकर्ता उन कई अन्य लोगों की संभावित भूमिका की भी जांच कर रहे हैं, जो जांच के दौरान एजेंसी की नजर में आए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि इस पूछताछ का मकसद यह पता लगाना है कि लीक हुए 'नीट' परीक्षा पेपर को कथित तौर पर फैलाने और बांटने में इन तीनों संदिग्धों की असल भूमिका क्या थी। अहिल्यानगर में सीबीआई की यह कार्रवाई शुभम खैरनार के कथित खुलासों के बाद हुई। खैरनार को इस मामले में पहले नासिक से गिरफ्तार किया गया था।

# 12वीं में 85.20 प्रतिशत छात्र पास, लड़कियों का प्रदर्शन बेहतर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए छात्रों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को इंटरमीडिएट (12वीं) बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। ऐसे में जो छात्र-छात्राएं बोर्ड परिणाम जारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वे अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के अलावा डिजीलॉकर पोर्टल और उमंग ऐप पर भी जाकर अपना रिजल्ट चेक करने के साथ स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीबीएसई की ओर से जारी नतीजों के मुताबिक, इस वर्ष परीक्षा में कुल 85.20 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जिसमें लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारते हुए लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में लड़कियों का कुल पास प्रतिशत 88.86 फीसदी और लड़कों का 82.13 फीसदी दर्ज किया गया है।

### परीक्षा में 17 हजार छात्रों ने हासिल किए 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी करने के साथ ही 90 प्रतिशत व उससे अधिक और 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों का आंकड़ा भी जारी कर दिया है। एक लाख से अधिक छात्र इस श्रेणी में शामिल हुए हैं। हालांकि, इसके साथ ही सीबीएसई ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि बोर्ड इस वर्ष भी कोई मेरिट सूची जारी नहीं करेगा। बोर्ड के मुताबिक, इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी बड़ी रही। 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 94028 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए। यह संख्या कुल सफल विद्यार्थियों का 5.32 प्रतिशत है। वहीं, 17 हजार 113 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए। यह संख्या कुल सफल विद्यार्थियों का 0.97 प्रतिशत रही।विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों में से भी कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे 276 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 48 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता दर्ज कर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। बोर्ड के अनुसार, विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की सफलता दर 90 प्रतिशत से अधिक रही, जो समावेशी शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

---

#### अफगानिस्तान हिंदुत्व की लड़ाई लड़ रहा

## तालिबान पर भड़का पाकिस्तान बोला- भारत जैसा हाल करेंगे

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान को युद्ध की चेतावनी दी है। उन्होंने अफगान तालिबान को भारत का प्रॉक्सी बताया और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को पनाह देने का आरोप लगाया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अगर तालिबान नहीं मानता है तो पाकिस्तान उसी तरह जवाब देगा जैसा उसने पिछले साल भारत के खिलाफ दिया था। पाकिस्तान का दावा है कि उसने पिछले साल मई में हुए संघर्ष के दौरान भारत को जबरदस्त शिकस्त दी थी, हालांकि वह अपने दावे के समर्थन में आज तक एक भी सबूत पेश नहीं किया है। वहीं, भारत ने पूरी दुनिया को दिखाया है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कैसे पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेसों को बर्बाद किया था।

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहाः "अगर वे तैयार नहीं हैं, तो हमने दिल्ली के साथ जो किया, वही हम काबुल के साथ भी करेंगे।" उन्होंने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान असल में भारतीय नीति का एक जरिया बन गया है। आसिफ ने कहा, "इस समय, अफगानिस्तान भारत का प्रॉक्सी बन गया है।" उन्होंने आगे जोड़ाः "काबुल हमारे खिलाफ हिंदुत्व की लड़ाई लड़ रहा है।" पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि "इस समय दिल्ली और काबुल में कोई फर्क नहीं है।"

आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने तुर्की, सऊदी अरब और कतर जैसे कूटनीतिक चैनलों के जरिए अफगानिस्तान से बातचीत करने की बार-बार कोशिश की, लेकिन उन कोशिशों का कोई नतीजा नहीं निकला। उन्होंने कहा, "कतर में बातचीत के दौरान, अफगानिस्तान हर बात पर सहमत हो गया था, लेकिन बाद में उसने गारंटी देने से मना कर दिया।" उन्होंने कहाकि काबुल जुबानी तौर पर सहमत होने को तैयार था, लेकिन लिखित में नहीं।

## 26 को असम विधान सभा में पेश होगा यूसीसी बिल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गये। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आज से आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है तथा मंत्रियों के विभागों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने 26 मई को सदन में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है। हालांकि, जनजातीय समुदायों तथा सभी प्रकार की धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। प्रस्तावित यूसीसी में मुख्य रूप से विवाह की न्यूनतम आयु, संपत्ति अधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप तथा बहुविवाह जैसे विषय शामिल होंगे।

#### पूरी पीढ़ी को बर्बाद नहीं होने दे सकते

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पोर्नोग्राफी वाले मोबाइल ऐप्स को हटाने का दिया आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली हाईकोर्ट ने गूगल और एप्पल से कहा कि वे अपने प्लेटफॉर्म पर मौजूद उन तमाम मोबाइल ऐप्स को हटाएं, जिनका इस्तेमाल पोर्नोग्राफी, वेश्यावृत्ति, ड्रग्स और दूसरे गैरकानूनी कामों के लिए हो रहा है। ये ऐप्स गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने कहा कि हम देश की पूरी पीढ़ी को बर्बाद होते नहीं देख सकते। गूगल और एप्पल की जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे तमाम ऐप्स को हटाएं। कोर्ट ने कहा कि इन ऐप्स की पहुंच बहुत बड़ी है और इनका असर सीधे समाज, खासतौर पर, युवाओं पर पड़ता है, इसलिए कंपनियों को पूरी सावधानी और निगरानी बरतनी होगी। ये भी सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे गैरकानूनी ऐप्स गूगल प्ले स्टोर और एप्पल एप स्टोर पर अपलोड ही न हो। उन्होंने कहा कि आईटी रूल्स, 2021 के तहत इन कंपनियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने प्लेटफॉर्म पर गैरकानूनी और आपत्तिजनक कंटेंट को फैलने से रोकें। दिल्ली हाईकोर्ट ने यह आदेश रुबिका थापा नाम की महिला की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में दावा किया गया है कि गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर कई ऐसे ऐप मौजूद हैं, जो पोर्नोग्राफी, वेश्यावृत्ति, मानव तस्करी, और ड्रग्स जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

---

## बंगाल स्कूल जॉब केस : जिला अधिकारियों को 'दागी' शिक्षकों की सूची तैयार करने का निर्देश

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों को पत्र जारी कर उन्हें अपने-अपने जिलों में 'दागी' उम्मीदवारों की सूची संकलित करने का निर्देश दिया है, जिन्होंने विभिन्न सरकारी स्कूलों में नकद रिश्वत लेकर शिक्षण और गैर-शिक्षण पद प्राप्त किए हैं। विभाग के सूत्रों के अनुसार, ऐसे 'दागी' उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के अलावा, जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) को यह गणना करने के लिए भी कहा गया है कि इन उम्मीदवारों को अपनी सेवा अवधि के दौरान प्राप्त वेतन और उस पर अर्जित ब्याज के रूप में राज्य सरकार को कितनी राशि वापस करनी होगी। दागी उम्मीदवारों की पहचान उन लोगों के रूप में की गई है जिन्होंने नकद भुगतान करके भर्ती परीक्षाओं में खाली या अधूरी उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने के बाद या रैंक में ऊपर चढ़कर या पैनल से बाहर नामांकन के माध्यम से स्कूलों में नौकरी हासिल की।

शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया, "सबसे पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2024 में और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 2025 में भर्ती प्रक्रिया में घोर अनियमितताओं के कारण पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग द्वारा गठित लगभग 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की पूरी सूची को रद्द कर दिया था।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अखिलेश के सौतेले भाई की मौत

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कार्डियक अरेस्ट बताया गया

**एजेंसी। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव (38) की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। प्रतीक यादव की बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया।



ww रिपोर्ट के मुताबिक, पहली चोट छाती के सामने दाहिने निप्पल के नीचे 14×7 सेंटीमीटर की थी, जिसका रंग बीच में लाल-भूरा और किनारों पर हरा-पीला पाया गया। दूसरी चोट दाहिने हाथ के पिछले हिस्से पर 19×12 सेंटीमीटर की थी। तीसरी चोट दाहिने फोरआर्म पर कोहनी से कलाई तक 24×8 सेंटीमीटर की पाई गई।

इसके अलावा चौथी चोट दाहिने फोरआर्म पर 6×4 सेंटीमीटर, पांचवीं चोट दाहिनी कोहनी के पीछे 12×6 सेंटीमीटर और छठी चोट बाएं हाथ की कलाई पर 3×2 सेंटीमीटर की दर्ज की गई। सभी चोटों के नीचे खून जमने के निशान पाए गए।

## नीट यूजी पेपर लीक केसः संसदीय समिति में उठेगा मुद्दा, छात्रों ने एनटीए का किया घेराव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 के पेपर लीक और अनियमितताओं का मामला लगातार गहराता जा रहा है। जांच एजेंसियों की पड़ताल में अब राजस्थान के बाद केरल से जुड़े तथ्य सामने आ चुके हैं। वहीं, इस मुद्दे को संसद की स्थायी समिति में उठाने की भी तैयारी कर ली गई है। दूसरी ओर, दिल्ली में नाराज छात्रों ने बुधवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग की। बता दें कि एमबीबीएस जैसे मेडिकल कोर्स में दाखिले के लिए ली जाने वाली नीट की परीक्षा रद्द कर दी गई है।

---

#### पीएम की अपील का दिखा असर

## उज्जैन में एक ही बस से सिंहस्थ कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

**एजेंसी। भोपाल/उज्जैन**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचत की अपील और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद उज्जैन जिला प्रशासन ने भी पेट्रोल-डीजल बचाने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। बुधवार को सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आला अधिकारी अपनी अलग-अलग लग्जरी गाड़ियों के बजाय एक ही 'ट्रैवलर बस' (अर्बेनिया वाहन) में सवार होकर निकले।

प्रधानमंत्री मोदी की अपील के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी आगामी आदेश तक अपने काफिले में सुरक्षा की दृष्टि से न्यूनतम वाहन रखने का निर्णय लिया है। साथ ही सभी मंत्रीगणों को भी यात्रा के समय न्यूनतम वाहनों का उपयोग करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने प्रदेशवासियों से भी आग्रह है कि वे सार्वजनिक परिवहन को अपनाएं। उज्जैन संभागायुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्र, उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी, तहसीलदार आलोक चोरे, जल संसाधन विभाग के ईई मयंक सिंह, योगेश बिरला, अवनेंद्र सिंह, ट्रैफिक डीएसपी दिलीप सिंह परिहार सहित 15 अधिकारी एक साथ अर्बेनिया वाहन में बैठकर सिंहस्थ मेले के लिए बनाए जा रहे।

### साइकिल से औरंगाबाद कोर्ट पहुंचे जिला जज

**औरंगाबाद।** 10 और 11 मई, 2026 को पीएम मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचाने की अपील की और इसका असर बिहार में दिखने लगा। 13 मई, 2026 दिन बुधवार को औरंगाबाद के प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार साइकिल से कोर्ट पहुंचे । इस दौरान उनके जितने बॉडीगार्ड थे वह भी साइकिल से ही जिला जज के साथ कोर्ट पहुंचे। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल रहा है.औरंगाबाद के जिला जज राजीव रंजन कुमार ने साइकिल से कोर्ट जाने का यह कदम पीएम मोदी की अपील के सपोर्ट में उठाया। जिला जज ने अपने दानी बिगहा स्थित सरकारी आवास से पुरानी जीटी रोड, समाहरणालय के मुख्य द्वार होते लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय कर व्यवहार न्यायालय पहुंचे। साइकिल से कोर्ट जाकर जिला जज राजीव रंजन कुमार ने लोगों को मैसेज दिया कि ईंधन बचाने की जिम्मेदारी केवल जनता की नहीं, बल्कि न्यायाधीशों की भी है. सोशल मीडिया पर जज साहब की खूब तारीफ हो रही है।

---

# दृष्टिपात

### नोएडा हिंसक प्रदर्शन मामले में दो आरोपियों पर लगा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून



**नोएडा।** नोएडा में 13 अप्रैल को हुए हिंसक श्रमिक प्रदर्शन मामले में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों की भूमिका प्रदर्शन को हिंसक बनाने, भीड़ को भड़काने और अराजकता फैलाने में अहम रही। इस कार्रवाई के बाद जिले में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है। पुलिस के अनुसार, जिन दो आरोपियों पर एनएसए लगाया गया है उनमें सत्यम वर्मा और आकृति शामिल हैं। दोनों को मजदूर बिगुल दस्ता का सक्रिय सदस्य बताया गया है। जांच एजेंसियों का कहना है कि श्रमिक आंदोलन के दौरान इन दोनों ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का इस्तेमाल कर बड़ी संख्या में लोगों को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए उकसाया था।

### सोनिया गांधी अस्पताल से घर लौटीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी बुधवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच के बाद घर लौट आईं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में बताया कि सोनिया गांधी ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच कराने के बाद अब घर पहुंच चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 24 मार्च को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय फेफड़ों से संबंधित समस्या के चलते डॉक्टर अरूप बसु की देखरेख में उनका इलाज किया गया था।



### नॉर्वे के अखबार ने पीएम मोदी को बताया दुनिया का सबसे लोकप्रिय राजनेता



**नई दिल्ली।** नॉर्वे के प्रमुख बिजनेस दा-गन्स नैरीस्लिव (डीएन) ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय राजनेता बताया है। साथ ही नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों को मशविरा दिया है कि उन्हें पीएम मोदी से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। 18 मई को प्रधानमंत्री मोदी नॉर्वे की यात्रा पर जाएंगे। भारत के प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किंग हैरल्ड करेंगे। वे भारतीय व्यापार को नहीं रफ्तार देंगे, भारतीय प्रवासी समुदाय से मिलेंगे और भारत-नॉर्डिक प्रधानमंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। नॉर्वे के इस समाचारपत्र ने लिखा, "नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों को ध्यान से सुनना चाहिए। उन्हें अपने भारतीय समकक्ष से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है।"18 मई को पीएम मोदी की नॉर्वे यात्रा से कुछ दिन पहले प्रकाशित लेख में कहा गया था कि, "जहां नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों की घरेलू लोकप्रियता मुश्किल से 30 प्रतिशत तक पहुंचती है, वहीं पीएम मोदी की लोकप्रियता लगभग 70 प्रतिशत है। किसी भी बड़े देश का नेता अपने देश में पीएम मोदी जितना लोकप्रिय नहीं है।"लेख में कहा गया, "पीएम मोदी भारत में 12 वर्षों से अधिक समय से सत्ता में हैं। यदि वे फिर से चुनाव लड़ने का निर्णय लेते हैं, तो सभी संकेत बताते हैं कि वे दोबारा निर्वाचित होंगे।

### मणिपुर में उग्रवादी हमला, कांगपोकपी में 3 कुकी पादरियों की हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को बड़ा उग्रवादी हमला हुआ, जिसमें कुकी समुदाय के तीन चर्च नेताओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, अज्ञात हथियारबंद उग्रवादियों ने जिले के पहाड़ी इलाके में स्थित टाइगर रोड पर दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। हमले में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इंफाल के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों वाहनों में सवार लोग कांगपोकपी-चुराचांदपुर (लमका) मार्ग से लौट रहे थे, तभी उग्रवादियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। मृतकों की पहचान वुमथांग, पादरी पाओगौलेन और पादरी कैगौलुन के रूप में हुई है। कई अन्य लोग इस हमले में घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (केएसओ) ने दावा किया कि सभी मृतक कुकी समुदाय के बैपटिस्ट चर्च से जुड़े नेता थे। संगठन ने सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि नागा उग्रवादी समूह ने इन वाहनों को निशाना बनाया। केएसओ के मुताबिक, चर्च नेता लमका में आयोजित यूबीसी कन्वेंशन में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। संगठन ने यह भी दावा किया कि हमले में चार नेताओं की मौत हुई है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। केएसओ ने मामले की तुरंत निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और पूरे इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया है ताकि हमलावरों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### तमिलनाडु सरकार ने ज्योतिषी रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल की नियुक्ति रद्द की

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के राजनीतिक सलाहकार के रूप में राज्य सरकार द्वारा विशेष अधिकारी नियुक्त किए गए रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल के भारी विरोध के बाद उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गई है। मुख्यमंत्री विजय के निजी ज्योतिषी माने जाने वाले रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल को हाल ही में तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) ने पार्टी प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया था। इसके बाद विजय के मुख्यमंत्री पद संभालने के पश्चात तमिलनाडु सरकार ने उन्हें मुख्यमंत्री के राजनीतिक प्रभाग में विशेष अधिकारी के रूप में नियुक्त किया। इस नियुक्ति का टीवीके सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और विदुथलाई चिरुथैगल काची सहित कई दलों ने कड़ा विरोध किया। आज विधानसभा में हुए विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भी डीएमडीके, वीसीके, कम्युनिस्ट दलों, मानवतावादी जनता पार्टी और मानवतावादी लोकतांत्रिक पार्टी समेत कई दलों ने सरकारी पद पर ज्योतिषी की नियुक्ति का विरोध जताया।

### ड्राइवर की हत्या के मामले में आंध्र प्रदेश के एमएलसी की जमानत अर्जी खारिज की

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधान परिषद सदस्य अनंत बाबू को बड़ा झटका लगा है। राजमहेंद्रवरम की विशेष अदालत ने दलित ड्राइवर विधि सुब्रह्मण्यम हत्याकांड मामले में उनकी जमानत रद्द कर दी है। अनंत बाबू पर गवाहों को धमकाने और बयान बदलने के लिए पैसे का लालच देने के गंभीर आरोप लगे हैं। अनंत बाबू (जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली हुई थी) को 24 अप्रैल को राजमहेंद्रवरम में गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तारी उस समय हुई जब वे जमानत रद्द करने की याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत से बाहर निकले। फिलहाल उन्हें राजमहेंद्रवरम सेंट्रल जेल में रखा गया है। इस मामले में 20 अप्रैल को काकीनाडा के सरपवरम पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। हत्या मामले के चार प्रमुख गवाहों ने शिकायत की थी कि अनंत बाबू ने उन्हें बयान बदलने के लिए बड़ी रकम देने की पेशकश की।

# विराट कोहली ने रोहित और धोनी को पछाड़ा, आईपीएल में किंग बने

**एजेंसी । रायपुर**

विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए वह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में उतरे। यह विराट कोहली के आईपीएल करियर का 279वां मुकाबला है। 2008 में विराट ने आरसीबी के लिए आईपीएल डेब्यू किया था। तब से वह इसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं।

आईपीएल 2026 के शुरू होने से पहले सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड सीएसके महेंद्र सिंह धोनी के नाम था। उनके बाद मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और फिर विराट कोहली थी। इंजरी की वजह से धोनी अभी तक इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे। रोहित शर्मा भी हैमस्ट्रिंग की इंजरी के कारण 5 मैचों में बाहर बैठे। इसकी वजह से विराट कोहली दोनों से आगे निकल गए। रोहित और धोनी के अभी 278-278 मैच हैं।



### विराट सबसे सफल बल्लेबाज भी

विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इसी सीजन उन्होंने अपने 9000 रन पूरे किए। लिस्ट में दूसरे नंबर के रोहित शर्मा के 7289 रन हैं। यह दिखाता है कि विराट कोहली का आईपीएल में डॉमिनेंस कैसा है। वह एक सीजन में सबसे ज्यादा 974 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। लीग में सबसे ज्यादा शतक और अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड भी विराट कोहली के नाम ही दर्ज है।

### विराट कोहली ने सिर्फ 4 मैच नहीं खेले

आरसीबी का आईपीएल केकेआर के खिलाफ मुकाबला 283वां मैच है। विराट कोहली ने लीग में अपनी टीम के लिए सिर्फ 4 मैच नहीं खेले हैं। 2008 के पहले सीजन में वह एक मैच नहीं खेले थे। 2017 में इंजरी की वजह से तीन मैचों में विराट को बाहर बैठना पड़ा था।

## प्रियंश्री के शतक से रातू रोड क्रिकेट क्लब की बड़ी जीत

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** आरडीसीए विमेंस क्रिकेट लीग 2025-26 के तहत गोलचक्कर मैदान में खेले गए मुकाबले में रातू रोड क्रिकेट क्लब ने कुशमाही क्रिकेट एकेडमी को 246 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में रातू रोड की बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रातू रोड क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 313 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रियंश्री ने शानदार शतक लगाते हुए 102 रन बनाए। वहीं मानशी ने 60, कोमल ने 47 और प्रियांशी ने 29 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। कुशमाही क्रिकेट एकेडमी की ओर से सान्वी ने 48 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। 314 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुशमाही क्रिकेट एकेडमी की टीम 30 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 67 रन ही बना सकी।

टीम की ओर से आर्या ने सबसे अधिक 10 रन बनाए। रातू रोड क्रिकेट क्लब की ओर से मानशी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15 रन देकर 2 विकेट झटके। इस एकतरफा जीत के साथ रातू रोड क्रिकेट क्लब ने लीग में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

## थाईलैंड ओपन : सिंधु, श्रीकांत जीते, आयुष बाहर

**बैंकॉक ।** थाईलैंड ओपन में बुधवार का दिन भारत के लिए मिला-जुला रहा। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने जहां दूसरे राउंड में आसानी से अपनी जगह बनाई, वहीं उभरते हुए स्टार आयुष शेट्टी को पहले राउंड से ही बाहर होना पड़ा। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु ने चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को महज 33 मिनट में 21-9, 21-12 से हरा दिया। छठी सीड सिंधु ने शुरू से ही रैलियों पर नियंत्रण रखा और तेज प्लेसमेंट के साथ आक्रामक कोर्ट कवरेज को मिलाकर सीजन की अपनी सबसे तेज जीत में से एक हासिल की।

## झारखंड टी20 लीग 2026 की ट्रॉफी का होगा भव्य अनावरण, शामिल होंगे ईशान किशन

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) राज्य में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करने जा रहा है। झारखंड टी20 लीग 2026 के लिए आधिकारिक ट्रॉफी लॉन्च समारोह का आयोजन 14 मई 2026 को रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में किया जाएगा। यह विशेष समारोह झारखंड क्रिकेट के विजन, जुनून और भविष्य का उत्सव होगा, जिसमें झारखंड टी20 लीग की आधिकारिक ट्रॉफी का अनावरण किया जाएगा। साथ ही लीग के माध्यम से राज्य में विश्वस्तरीय क्रिकेट मंच तैयार करने की रूपरेखा भी प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम की खास बात यह होगी कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और झारखंड के स्टार खिलाड़ी ईशान किशन अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। उनकी मौजूदगी लीग की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और झारखंड को राष्ट्रीय क्रिकेट मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जेएससीए की ओर से सभी मीडिया प्रतिनिधियों को 14 मई 2026 को दोपहर 3:30 बजे रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित किया गया है।



## कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले मुक्केबाज मनोज कुमार ने बीएफआई के नए नियम पर उठाए सवाल

**एजेंसी । नई दिल्ली**



कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीत चुके मुक्केबाज मनोज कुमार ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के नए एथलीट मूल्यांकन नियम की पारदर्शिता पर सवाल उठाया है। इस नए सिस्टम के तहत 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2026 एशियन गेम्स के लिए मुक्केबाजों का चयन होना है। बॉक्सर मूल्यांकन के बारे में फेडरेशन के नए नोटिफिकेशन पर प्रतिक्रिया देते हुए मनोज ने मॉनिटरिंग प्रोसेस से पुराने खिलाड़ियों, अर्जुन अवॉर्डी, द्रोणाचार्य अवॉर्डी और ओलंपियन के न होने पर सवाल उठाए। मनोज कुमार ने एक्स पर लिखा, "पूरी चयन प्रक्रिया सिर्फ हेड कोच, जज और फेडरेशन तक ही सीमित है। पुराने अर्जुन अवॉर्डी, द्रोणाचार्य अवॉर्डी, ओलंपियन और सीनियर खिलाड़ियों को ऑब्जर्वर या चयन मॉनिटर के तौर पर क्यों शामिल नहीं किया गया? ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह और कॉमनवेल्थ गेम्स स्वर्ण पदक विजेता अखिल कुमार जैसे अनुभवी नामों की मौजूदगी से यह प्रक्रिया और बेहतर हो सकती थी। उन्होंने कहा कि जब चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों के लिए पारदर्शिता और भरोसे की बात आती है, तो विजेंदर सिंह और अखिल कुमार जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी जरूर पक्की होनी चाहिए थी। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने पहले 13 से 15 मई तक एनएस एनआईएस पटियाला में होने वाले एलीट नेशनल कैंपर्स के लिए एक बदले हुए मूल्यांकन नियम की घोषणा की थी। नए सिस्टम के तहत, मूल्यांकन '5-जज स्कोरिंग सिस्टम' के आधार पर किया जाएगा। ऐसा बेहतर परिणाम के लिए किया गया है। मुक्केबाजी प्रतियोगिता के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के हिसाब से हर स्पैरिंग बाउट के खत्म होने के तुरंत बाद स्कोर की घोषणा की जाएगी। बीएफआई ने यह भी कहा कि पहले अपनाया गया मार्किंग सिस्टम मौजूदा मूल्यांकन में लागू नहीं होगा। बीएफआई ने रविवार को मुक्केबाजों पर स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग टेस्ट किए थे, जिन्हें अब रद्द कर दिया जाएगा। स्पोर्ट्स साइंस टेस्ट, भार प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन और अटेंडेंस में पहले मिले स्कोर वापस ले लिए जाएंगे और उन्हें रद्द माना जाएगा। बीएफआई के सचिव प्रमोद कुमार ने कहा, "कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और दूसरी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए मुक्केबाजों का चयन एनएस एनआईएस में चल रहे एलीट नेशनल कैंपर्स का 13 मई से 15 मई तक किया जाएगा। इसमें मूल्यांकन नए नियम के आधार पर होगा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम नेशंस कप से पहले ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी

**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने घोषणा की है कि भारतीय महिला हॉकी टीम आने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 की तैयारियों के लिए 21 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप का आयोजन 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होने वाला है। भारतीय महिला हॉकी टीम 26 से 30 मई तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। पहले दो मैच 26 और 27 मई को खेले जाएंगे, जबकि बाकी दो मैच 29 और 30 मई को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद, टीम न्यूजीलैंड जाएगी, जहां टीम नेशंस कप से पहले अभ्यास मैच खेलेगी। साल की शुरुआत में भारतीय टीम ने अर्जेंटीना का दौरा किया था। दौरे पर भारतीय टीम 4 मैच खेली थी जिसमें से 2 में जीत दर्ज किया था। इस यादगार दौरे के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा रही है।

## अवलाश शर्मा की शानदार पारी से साई मोरहाबादी की एकतरफा जीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** तीसरा संस्करण गौरव सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के तहत रेलवे युवा खेल मैदान में खेले गए मुकाबले में साई मोरहाबादी ने दांगी क्रिकेट अकादमी को 9 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में साई मोरहाबादी के खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभागों में दमदार प्रदर्शन किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दांगी क्रिकेट अकादमी की टीम 19.2 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अमन यादव ने सर्वाधिक 57 रन बनाए, जबकि लक्ष्य कुमार ने 22 रन का योगदान दिया। साई मोरहाबादी की ओर से प्रियांश ने 21 रन देकर 2 विकेट और सागर केआर ठाकुर ने 13 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। 142 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साई मोरहाबादी की टीम ने केवल 13.5 ओवर में 1 विकेट खोकर 143 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत के नायक अवलाश शर्मा रहे, जिन्होंने नाबाद 77 रन की शानदार पारी खेली। आदित्य राज ने भी नाबाद 40 रन बनाकर उनका अच्छा साथ निभाया, जबकि राजवीर सिंह ने 25 रन का योगदान दिया। दांगी क्रिकेट अकादमी की ओर से समक्ष ने एकमात्र विकेट लेते हुए 25 रन खर्च किए। इस शानदार जीत के साथ साई मोरहाबादी ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की और खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट का समापन महिलाओं की फाइनल रैंकिंग घोषित

**एजेंसी । गोंडा**

सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 2026 में महिलाओं की कुश्ती प्रतियोगिताओं का समापन हो गया है, जिसके साथ 10 अलग-अलग भार वर्गों की पहलवानों ने अपनी घरेलू रैंकिंग सुनिश्चित की। नंदिनीनगर महाविद्यालय में आयोजित यह टूर्नामेंट उन एथलीट्स के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी मंच साबित हुआ, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते थे। विशेष रूप से उन खिलाड़ियों के लिए, जिन्हें इस सीजन की शुरुआत में हुए सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला था। कई उभरती हुई पहलवानों ने अलग-अलग वर्गों में अपनी छाप छोड़ी। अंकुश (50 किलोग्राम), निशु (53 किलोग्राम), निशा (55 किलोग्राम), रीना (57 किलोग्राम), सीटो (59 किलोग्राम), वैष्णवी दिलीप पाटिल (62 किलोग्राम), अंजली (65 किलोग्राम), अंशु राजकुमार (68 किलोग्राम), बिपाशा (72 किलोग्राम) और इतिशा चौधरी (76 किलोग्राम) ने अपने-अपने वर्गों में गोल्ड मेडल जीते।

## पाकिस्तान पर जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों को बड़ा फायदा

**एजेंसी । दुबई**

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग



बांग्लादेश ने ढाका में खेले गए पहले टेस्ट में पाकिस्तान को 104 रन से हराया था। अपने घर में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में बांग्लादेश की यह पहली जीत थी। बांग्लादेश के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया और इसका फायदा उन्हें बुधवार को जारी आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में हुआ है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने पहली पारी में शतक लगाया था, जबकि दूसरी पारी में 87 रन की पारी खेली थी। दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले शांतो मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे थे। शांतो को उनकी शानदार बल्लेबाजी का परिणाम जीत के साथ ही आईसीसी रैंकिंग में भी मिला। वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की श्रेष्ठ रैंकिंग है। विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने पहली पारी में 71 और दूसरी पारी में 22 रन बनाए थे। रहीम 2 पायदान उपर चढ़कर 26वें स्थान पर आ गए हैं। मोमिनुल हक, जिन्होंने 91 और 56 रन की पारी खेली थी, 12 पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों में इंग्लैंड के जो रूट पहले, इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ चौथे, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पांचवें, श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस छठे, दक्षिण अफ्रीका के टेंबा बवुमा सातवें, भारत के यशस्वी जायसवाल आठवें, भारत के शुभमन गिल नौवें और श्रीलंका के दिनेश चांदीमल दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी की टेस्ट रैंकिंग में भारत के जसप्रीत बुमराह पहले, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क दूसरे, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस चौथे, पाकिस्तान के नोमान अली पांचवें, दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन छठे, ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बोलैंड सातवें, दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा आठवें, ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड नौवें और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन दसवें स्थान पर हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## उबर, अदाणी समूह के साथ मिलकर भारत में अपना पहला डेटा सेंटर लॉन्च करेगी

**एजेंसी । अहमदाबाद**



कैब सर्विस कंपनी उबर भारत में अदाणी ग्रुप के साथ मिलकर पहला डेटा सेंटर स्थापित करेगी। इसकी वजह देश का कंपनी के लिए बड़े इनोवेशन हब के रूप में उभरना है। यह जानकारी उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही ने बुधवार को दी। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी से मुलाकात के बाद डेवलपमेंट के बारे में जानकारी साझा करते हुए, उबर के सीईओ ने कहा कि भारत तेजी से वैश्विक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के लिए एक अग्रणी इनोवेशन केंद्र बन रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आज सुबह अहमदाबाद में गौतम अदाणी से मिलकर बहुत अच्छा लगा और अदाणी समूह के साथ हमारी मौजूदा साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर मिला। उन्होंने आगे कहा, "जैसे-जैसे भारत उबर के लिए एक प्रमुख इनोवेशन केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है, हम अपनी तकनीक का परीक्षण और तैनाती करने के लिए अदाणी समूह के साथ देश में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर रहे हैं। प्रस्तावित डेटा सेंटर से भारत में उबर के बढ़ते टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कार्यों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। भारत कंपनी के लिए न केवल मोबिलिटी सेवाओं में, बल्कि इंजीनियरिंग और उत्पाद विकास में भी एक महत्वपूर्ण बाजार बन गया है।

### पिछले एक दशक में पेंशन व्यवस्था में आया बड़ा बदलाव

## डिजिटल सुधारों से प्रक्रिया हुई आसान : डॉ जितेंद्र सिंह

**एजेंसी । नई दिल्ली**




केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि पिछले एक दशक में भारत की पेंशन व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। अब यह केवल प्रक्रिया-आधारित सिस्टम नहीं रहा, बल्कि तकनीक-आधारित, नागरिक-केंद्रित और बिना परेशानी वाला तंत्र बन गया है, जिसमें पेंशनर्स की गरिमा, पारदर्शिता और आसान जीवन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित 16वीं अखिल भारतीय पेंशन अदालत को संबोधित करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि पेंशनर्स को सिर्फ सरकारी सहायता पाने वाले लाभार्थी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अनुभवी नागरिक हैं। उनका अनुभव, विशेषज्ञता और संस्थागत समझ देश की एक बड़ी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार लगातार पेंशन प्रशासन को सरल, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की दिशा में काम कर रही है।

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 16वीं पेंशन अदालत में 37 मंत्रालयों और विभागों से जुड़े 985 लंबे समय से लंबित पेंशन मामलों को उठाया गया, जो 15 अप्रैल 2026 तक 45 दिनों से अधिक समय से लंबित थे। अब तक इनमें से 728 मामलों का समाधान किया जा चुका है, जो कुल शिकायतों का लगभग 74 प्रतिशत है। कार्यवाही के दौरान 16 मंत्रालयों और विभागों से जुड़े 26 महत्वपूर्ण मामलों को जितेंद्र सिंह के सामने प्रस्तुत किया गया। इनमें 12 मामले रक्षा मंत्रालय, 8 मामले गृह मंत्रालय और 2 मामले रेलवे मंत्रालय से संबंधित थे, जबकि बाकी अन्य मंत्रालयों और विभागों से जुड़े थे।

पेंशन अदालत में 8 पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशन पाने वाले लोग व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए। इनमें महाराष्ट्र के अकोला और उत्तराखंड के हल्द्वानी से आए लाभार्थी भी शामिल थे।

वहीं, देश के अलग-अलग हिस्सों से 18 अन्य लोगों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया। इनमें हिमाचल प्रदेश के मंडी, राजस्थान के बीकानेर, कोलकाता और तमिलनाडु के इरोड जैसे शहर शामिल रहे, जिससे इस पहल की देश भर में बढ़ती पहुंच दिखाई देती है।

## गिरावट से उबरा भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स में 50 अंकों की बढ़त

**एजेंसी । मुंबई**



वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए, जिससे लगातार चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया। इस दौरान, सेंसेक्स 49.74 अंक या 0.07 प्रतिशत बढ़कर 74,608.98 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी 50 33.05 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 23,412.60 पर बंद हुआ। दिन के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 74,439.34 पर खुलकर 75,191.57 का इंट्रा-डे हाई और 74,134.48 लो बनाया, जबकि 50 शेयरों वाला निफ्टी 50 23,362.45 पर खुलकर 23,582.95 का दिन का हाई और 23,262.55 का लो बनाया। व्यापक बाजारों ने प्रमुख बेंचमार्कों से बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.77 प्रतिशत तो निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.31 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली।

वहीं, सेक्टरवार देखें तो सबसे ज्यादा निफ्टी आईटी में 1.13 प्रतिशत, निफ्टी ऑटो में 0.97 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा, निफ्टी बैंक और निफ्टी रियल्टी और निफ्टी मीडिया में भी गिरावट दर्ज की गई। वहीं निफ्टी मेटल में सबसे ज्यादा 3.18 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

## ईरान से युद्ध जारी रहने पर बढ़ सकती हैं ईंधन की कीमतें : आरबीआई गवर्नर

**एजेंसी । नई दिल्ली**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि अगर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष लंबा चलता है, तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतों के चलते भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी भारत की महंगाई नियंत्रण नीति के लिए चुनौती बन रही है, जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक को नीतिगत कदम उठाने पड़ सकते हैं। आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति बैठक 5 जून को होने वाली है, जिसमें ब्याज दरों पर फैसला लिया जाएगा। फिलहाल आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गवर्नर ने संकेत दिया कि अगर पश्चिम एशिया संकट जारी रहता है, तो खुदरा ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी 'सिर्फ समय की बात' हो सकती है। इससे परिवहन लागत और महंगाई दोनों बढ़ने की आशंका है। अप्रैल 2026 की बैठक में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया था और तटस्थ रुख बनाए रखा था।

### एयर इंडिया ने जून से 3 महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द किया

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व संकट के कारण जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयर इंडिया ने जून की शुरुआत से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित करने का फैसला किया है। यह जानकारी रिपोर्ट्स में दी गई। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दिल्ली से जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कमी की गई है उनमें शिकागो और नेवार्क, सिंगापुर और शंघाई जैसे प्रमुख गंतव्य शामिल हैं।

## ब्लैक बॉक्स ने सफलतापूर्वक पूरी की ब्राजील की 2एस इनोवैस टेक्नोलॉजिक्स एसए के अधिग्रहण की प्रक्रिया

**एजेंसी । मुंबई**




ब्लैक बॉक्स लिमिटेड ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने ब्राजील की प्रमुख डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी 2एस इनोवैस टेक्नोलॉजिकस एसए के अधिग्रहण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। ब्लैक बॉक्स, जो एस्सार ग्रुप की टेक्नोलॉजी शाखा है और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर समाधान देने वाली वैश्विक कंपनी मानी जाती है, ने कहा कि यह अधिग्रहण उसकी वैश्विक विस्तार रणनीति में एक बड़ा कदम है। साथ ही, यह 2030 तक 2 अरब डॉलर वार्षिक राजस्व हासिल करने के दीर्घकालिक लक्ष्य को आगे बढ़ाएगा। इस अधिग्रहण की प्रभावी तारीख 1 मई 2026 मानी गई है। साल 1992 में स्थापित और ब्राजील के साओ पाउलो मुख्यालय वाली 2एस इनोवैस टेक्नोलॉजिकस एंड-टू-एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी कंसल्टिंग और रणनीति, एंटरप्राइज और डेटा सेंटर नेटवर्किंग, क्लाउड और हाइब्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर, साइबर सिक्योरिटी ऑपरेशंस, सिस्टम इंटीग्रेशन, मैनेज्ड सर्विसेज और लाइफसाइकिल ऑप्टिमाइजेशन जैसे क्षेत्रों में काम करती है।

यह कंपनी मिशन-क्रिटिकल नेटवर्किंग, हाइपरस्केल डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर, सहयोग और सुरक्षा समाधान देने में मजबूत पकड़ रखती है।

## हुसैनाबाद डिग्री महाविद्यालय में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** डिग्री महाविद्यालय हुसैनाबाद (झरहा) में मंगलवार को स्नातक सेमेस्टर-दो हिन्दी विषय की परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. रामकुमार प्रसाद ने बताया कि परीक्षा में कुल 721 परीक्षार्थियों में 688 उपस्थित हुए, जबकि 33 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र का फोटो से मिलान करने के बाद ही उत्तर पुस्तिका पर हस्ताक्षर कराया गया। गर्मी को देखते हुए सभी कमरों के पास पेयजल के लिए आरो की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम भी तैनात रही। वहीं सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन को लेकर आवश्यक इंतजाम किए गए थे। मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर चंदन पांडेय, प्रोफेसर शब्या सिंह सहित कई शिक्षक एवं वीक्षक मौजूद रहे।

# नाली निर्माण में गड़बड़ी पर भड़के नगर पंचायत अध्यक्ष

## घटिया सामग्री मिलने पर कनीय अभियंता को लगाई फटकार, 58 लाख से बन रही है नाली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन में अनुमंडल पदाधिकारी आवास से नवीनगर मुख्य सड़क तक बन रही नाली निर्माण योजना का मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती एवं उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। करीब 720 मीटर लंबी इस नाली का निर्माण 58 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान निर्माण



कार्य में अनियमितता और घटिया सामग्री के उपयोग का मामला सामने आया, जिस पर अध्यक्ष ने मौके पर कनीय अभियंता को बुलाकर कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण में पाया गया कि निर्माण कार्य में बालू की जगह डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा था, जबकि दिखावे के लिए ऊपर से बालू डाला गया था। वहीं 10 एमएम रॉड के स्थान पर 8 एमएम रॉड का उपयोग किया जा रहा था। वहीं कनीय अभियंता आशीष सिंह ने निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने का भरोसा दिलाया।

### घटिया निर्माण कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा

नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कनीय अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लूट और अनियमितता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें ईमानदारी से कार्य करने की जिम्मेदारी दी है और किसी भी हाल में घटिया निर्माण कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले संवेदकों को नगर पंचायत की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

## कस्तूरबा विद्यालय कुंदा में मेधावी छात्राओं का सम्मान

**कुंदा (चतरा)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने शानदार परिणाम देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष मनोज कुमार साहू एवं प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती शामिल हुए। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंच संचालन शिक्षक पवन कुमार ने किया। समारोह में दसवीं की तीन तथा बारहवीं की चार टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया गया। दसवीं वर्ग से रूनु कुमारी, अंजु कुमारी और उषा कुमारी को सम्मानित किया गया।

## मंईयां सम्मान योजना सत्यापन को लेकर अंचल कार्यालय में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद (पलामू)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन कार्य को लेकर इन दिनों हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में भारी भीड़ उमड़ रही है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लाभुक सत्यापन के लिए कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिससे वहां अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। जानकारी के अनुसार कई क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा लाभुकों को सीधे अंचल कार्यालय भेजा जा रहा है, खासकर उन मामलों में जहां लाभुकों के सत्यापन फॉर्म नहीं मिल पा रहे हैं। इसके कारण कार्यालय परिसर में लंबी कतारें लग रही हैं और कार्य प्रभावित हो रहा है। अंचल प्रशासन ने लाभुकों से अपील की है कि वे सत्यापन के लिए सीधे कार्यालय न पहुंचें। अधिकारियों ने बताया कि सभी बीएलओ को योजना से संबंधित विस्तृत सूची उपलब्ध करा दी गई है। लाभुक सूची में अपना नाम, पिता या पति के नाम से विवरण खोज सकते हैं। सूची में नाम मिलने के बाद अंतिम कॉलम में अंकित जेएमएमएसवाई सीरियल नंबर को नोट कर संबंधित बीएलओ या वार्ड पार्षद को उपलब्ध कराना होगा। इसके बाद बीएलओ या वार्ड पार्षद समेकित सूची तैयार कर अगले दिन फॉर्म प्रिंट कर लाभुकों को उपलब्ध कराएंगे। बताया गया कि वर्तमान में अंचल कार्यालय में इस कार्य के लिए केवल एक कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात है, जिससे डेटा मिलान एवं सत्यापन कार्य की गति धीमी है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

## महीनों से खराब पड़ा हैदरनगर प्रखंड कार्यालय का सोलर पैनल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय की छत पर लगा सोलर पैनल कई महीनों से खराब पड़ा है, जिससे कार्यालय का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से अधिकारी, कर्मचारी और दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कार्यालय कर्मियों ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण कार्यालय में बैठना मुश्किल हो गया है। कई विभागों में बिजली नहीं रहने से कंप्यूटर बंद पड़े हैं और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार कृषि, आपूर्ति एवं बाल विकास परियोजना सहित कई विभागों का काम प्रभावित हो रहा है। सौर ऊर्जा के माध्यम से निर्बाध



बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोलर पैनल लगाया गया था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण व्यवस्था ठप पड़ी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि संबंधित एजेंसी को खराबी की सूचना दे दी गई है, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है।

## जन समाधान दिवस पर सुनी गईं लोगों की समस्याएं

- हेल्थ कैंप में हुई नि:शुल्क जांच, नगर पंचायत ने किया त्वरित निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत छतरपुर की ओर से बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में "जन समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान हेल्थ कैंप भी लगाया गया, जिसमें लोगों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि जन समाधान दिवस जनता और नगर पंचायत के बीच सीधा संवाद




स्थापित करने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान नगर पंचायत की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, चापानल मरम्मत, श्रमिक योजना, जॉब कार्ड, सड़क-नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस सहित विभिन्न मामलों का निष्पादन किया गया। हेल्थ कैंप में डॉ. अभिषेक प्रसाद, एएनएम सविता देवी एवं एमपीडब्ल्यू आशीष कुमार ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय का सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** सीबीएसई द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम में नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया।

इस वर्ष विद्यालय से कुल 27 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें विज्ञान संकाय से 16 और कला संकाय से 11 विद्यार्थी शामिल थे। सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

विज्ञान संकाय में आर्यन गुप्ता ने 92.2 प्रतिशत, शौर्य प्रतीक ने 89 प्रतिशत तथा अशोक कुमार ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

कला संकाय में अभिषेक कुमार ने 95 प्रतिशत, सत्यम गुप्ता ने 93.8 प्रतिशत, पीयूष कुमार और ऋषभ राज ने 90-90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिवार ने शिक्षा विभाग एवं प्रबंधन के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इस उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताया।

### सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानी

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के आकांक्षी प्रखंड मयूरहंड को स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त घोषित हुए लगभग आठ वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है। इसके कारण प्रखंड कार्यालय, बैंक और हाट-बाजार आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से महिलाओं को शौचालय नहीं होने से अधिक कठिनाई झेलनी पड़ रही है।

# जंगल की सड़क पर चली जेसीबी, कोयला ढुलाई पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

- ट्रांसपोर्टिंग मार्ग काटे जाने से कारोबारी हलकान, ग्रामीणों ने जताई खुशी

**शशी पाठक**

**टंडवा (चतरा)।** मगध कोल परियोजना से एनटीपीसी पावर प्लांट तक जंगल क्षेत्र से होकर बनाई गई कोयला ट्रांसपोर्टिंग सड़क पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी से सड़क काट दी। मंगलवार को डीएफओ के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद कोयला ढुलाई पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे संबंधित कारोबारी और ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े लोग परेशान नजर आए।

जानकारी के अनुसार वन विभाग की इस कार्रवाई से वेरिएंट कंपनी को बड़ा झटका लगा है। वहीं इसका असर मगध परियोजना और एनटीपीसी प्रबंधन तक भी देखा जा रहा है। दूसरी ओर ग्रामीणों ने जंगल क्षेत्र में हो रही कोयला ढुलाई पर रोक लगाए जाने का स्वागत किया है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल और ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरने वाली इस सड़क के कारण पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा था। कोयले की धूल से आसपास के गांवों में प्रदूषण बढ़ गया था, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। ग्रामीणों ने पहले भी इसका विरोध किया था और कथित रूप से सड़क पर फसल बोकर आवाज उठाई थी, लेकिन कुछ ही घंटों में दोबारा कोयला ढुलाई शुरू करा दी गई थी।

कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब इसी रास्ते से पहले कई ट्रांसपोर्टिंग कंपनियां लंबे समय तक कोयला ढुलाई करती रहीं, तब विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार इस पूरे मामले के पीछे अंदरूनी खींचतान और दबाव की भी चर्चा है।

इधर सड़क बंद होने से कारोबारी पक्ष सक्रिय हो गया है। चर्चा है कि संबंधित लोग मामले को सुलझाने और दोबारा ढुलाई शुरू कराने के प्रयास में जुट गए हैं। हालांकि आगे क्या निर्णय होता है, यह वन विभाग की अगली कार्रवाई पर निर्भर करेगा।

## कोल ब्लॉक कंपनियों की गतिविधियों में पारदर्शिता एवं पंचायत सहभागिता सुनिश्चित करने की मांग

**लातेहार।** जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उपायुक्त, लातेहार एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी, लातेहार को पत्र सौंपकर बालूमाथ प्रखंड सहित जिले में संचालित विभिन्न कोल ब्लॉक कंपनियों की गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा पंचायत प्रतिनिधियों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई कंपनियों द्वारा सर्वे, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य गतिविधियां बिना समुचित सूचना एवं विधिवत ग्राम सभा आयोजित किए प्रारंभ करने का प्रयास किया जाता है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। पत्र में मांग की गई है कि सभी कंपनियों को निर्देशित किया जाए कि वे अपनी प्रत्येक गतिविधि जैसे सर्वे, बैठक, अधिग्रहण एवं कार्यारंभ की पूर्व सूचना संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों एवं प्रशासन को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। साथ ही यह भी मांग की गई है कि किसी भी कार्य से पूर्व विधिवत ग्राम सभा सुनिश्चित की जाए तथा पंचायत के तीनों स्तर ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद की सहभागिता सुनिश्चित हो। अनीता देवी ने कहा कि जिला स्तर पर एक समन्वय तंत्र विकसित किए जाने की आवश्यकता है, जिससे कंपनियों, प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद एवं पारदर्शिता बनी रहे तथा भविष्य में अनावश्यक विवाद एवं टकराव की स्थिति से बचा जा सके।

### महुआडांड़ में पेट्रोल-डीजल संकट गहराया, तीनों पंपों का स्टॉक खत्म

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। बुधवार को प्रखंड के तीनों पेट्रोल पंपों में ईंधन पूरी तरह समाप्त हो गया, जिसके बाद पंपों को बंद कर लाल रिबन लगा दिया गया। जानकारी के अनुसार सुबह कुछ घंटों तक ही ईंधन उपलब्ध था, लेकिन बढ़ती मांग के कारण करीब 36 हजार लीटर डीजल और पेट्रोल का स्टॉक एक ही दिन में खत्म हो गया। इसके बाद वाहन चालकों को बिना ईंधन लिए लौटना पड़ा। आसपास के कई क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में महुआडांड़ पहुंचकर पेट्रोल और डीजल खरीद रहे थे।

## पेज एक के शेष

### महिलाएं सशक्त होंगी...

और झारखंड की कला एवं संस्कृति को नई पहचान दिलाएगा। आने वाले दिनों में झारक्राफ्ट अन्य महानगरों में भी नए इंपोरियम खोलने के लिए प्रयासरत रहेगा। झारक्राफ्ट के उत्पादों की देश ही नहीं, विदेशों में भी मांग है। झारक्राफ्ट के विभिन्न प्रोडक्टस जैसे साड़ियां, डिजाइनर कुर्ती, सलवार सूट, स्कार्फ, दुपट्टा, शर्ट, कुर्ता, बंडी, शॉल और सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले रेशम के कपड़े, लेदर बैग इत्यादि विभिन्न उत्पाद ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। समारोह में उद्योग विभाग एवं झारक्राफ्ट के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### जिला अस्पतालों में...

मशीनों को बदलकर नई फुली ऑटोमेटिक मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन मशीनों की विशेषता यह होगी कि एक साथ 50 सैंपलों की जांच की जा सकेगी। बैठक के दौरान कंपनी द्वारा एक लाइव डेमो दिया गया। इसके माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार मशीन काम करती है और कैसे तत्काल रिपोर्ट देती है। बैठक में अपर मुख्य सचिव के साथ अवर सचिव धीरंजन शर्मा, मेरिल कंपनी के पदाधिकारी और सी कैड के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### पीएलएफआई के हार्डकोर...

छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने खूंटी-तिरला मार्ग स्थित निर्माणाधीन बस स्टैंड के समीप एक संदिग्ध युवक को घूमते देखा। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन कुमार उर्फ राजेश महतो उर्फ राजेश यादव बताया। गिरफ्तार उग्रवादी की निशानदेही पर पुलिस ने ग्राम काटमकुकू स्थित एक नवनिर्मित मकान में मिट्टी के अंदर छिपाकर रखे गए हथियार और अन्य सामान बरामद किए। बरामद सामानों में एक देसी पिस्टल, 7.65 बोर के दो कारतूस, पीएलएफआई के दो पर्चे, तीन मोबाइल फोन और एक छोटा बैग शामिल है। इस मामले में कर्रा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, राजेश महतो के खिलाफ रांची और खूंटी जिले के बेड़ो, कर्रा, तोरपा और खूंटी थानों में छह गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें एनआईए से जुड़ा मामला, आर्म्स एक्ट और उग्रवादी गतिविधियों से संबंधित कई कांड शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी राजेश महतो पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में लेवी वसूली में सक्रिय रहा है। उसके मोबाइल फोन से जंगी ऐप और ट्विनमी ऐप मिले हैं, जो पूर्व में गिरफ्तार कई पीएलएफआई उग्रवादियों के मोबाइल में भी पाए गए थे। इससे आशंका है कि संगठन से जुड़े सदस्य पुलिस से बचने के लिए इन ऐप के माध्यम से आपस में संपर्क करते थे। एसपी ने बताया कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी, ताकि संगठन के नेटवर्क और उसके संचालकों तक पहुंचकर उग्रवादी तंत्र को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। छापेमारी टीम में तोरपा के एसडीपीओ के अलावा पुलिस उपाधीक्षक रामप्रवेश कुमार, कर्रा थाना प्रभारी दीपक कांत कुमार, जरियागढ़ थाना प्रभारी विरेंद्र कुमार, मारंगहादा थाना प्रभारी विकास जायसवाल सहित कर्रा थाना, खूंटी थाना, तकनीकी शाखा और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### रांची की बेटी...

और अब उनका अगला लक्ष्य सिविल सर्विसेज में सफलता हासिल करना है। वहीं, भव्या के पिता राजीव रंजन ने बताया कि बेटी की पढ़ाई को प्राथमिकता देने के लिए उन्होंने निजी क्षेत्र की नौकरी तक छोड़ दी थी, ताकि उसकी शिक्षा और तैयारी पर पूरा ध्यान दे सकें। उनकी माता बिक्की गांधी शिक्षिका हैं और उन्होंने भी पढ़ाई के दौरान लगातार मार्गदर्शन दिया।

### रांची अरगोड़ा चौक...

नाम की बस अरगोड़ा चौक के पहले नो इंट्री के कारण रुकी हुई थी। उसी समय तीन अपराधी बस के पास आए। उनमें से दो अपराधी बस में चढ़कर बस चालक की कनपट्टी में हथियार सटाकर रंगदारी की मांग करने लगे। बस चालक द्वारा विरोध करने पर बस चालक को जान मारने की नीयत से फायरिंग की गई, पर बस चालक बाल-बाल बच गया। उसी समय अरगोड़ा चौक पर पुलिस गश्ती गाड़ी में उपस्थित पुलिस कर्मी एवं ट्रफिक पुलिस कर्मी दौड़कर बस की ओर आए। पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ पकड़ लिया, लेकिन दो अपराधी भागने में सफल रहे। सूचना पाकर अन्य पुलिस कर्मी भी वहां तुरंत पहुंचे। इसके बाद एसएसपी, रांची को सूचना दी गई। एसएसपी ने रांची के सिटी एसपी के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक हटिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की। साथ ही, त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। टीम ने पकड़ाए आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी पिस्टल, एक खोखा और दो मोबाइल जब्त किए हैं। इस संबंध में अरगोड़ा थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में टीम ने लगातार छापामारी कर भागे हुए दो अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं, हथियार उपलब्ध कराने वाले एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, कुंदन कुमार सोनी का आपराधिक इतिहास रहा है। वहीं, बस चालक ने कहा कि बिना किसी कारण बाइक सवार तीन युवक बस के आगे पीछे लगातार घूम रहे थे। इसी बीच उनकी थोड़ी बहुत कहासुनी हो गई। इतने पर ही एक अपराधी ने पिस्टल निकाल लिया और फायरिंग कर दी। गनीमत रही की किसी को गोली नहीं लगी।

### गिरिडीह में छह...

जो देशभर के लोगों को अपना शिकार बना रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान महेंद्र कुमार मंडल, कृष्णा कुमार मंडल, ईश्वर मंडल, पंकज कुमार मंडल, रंजीत कुमार मंडल और आदित्य कुमार मंडल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ये अपराधी आबादी वाले इलाकों से दूर घने जंगलों में इसलिए ठिकाना बनाते थे, ताकि पुलिस की आवाजाही पर दूर से नजर रखी जा सके। साथ ही, नेटवर्क सिग्नल का इस्तेमाल कर बिना किसी शोर-शराबे के ठगी को अंजाम दिया जा सके। जंगल से ऑपरेट हो रहे इस गैंग की कार्यप्रणाली बेहद शातिर थी। ये अपराधी लोगों के मोबाइल पर फर्जी एपीके फाइल का लिंक भेजते थे। जैसे ही कोई अनजान व्यक्ति उस लिंक को खोलता, जंगल में बैठे इन ठगों के पास उस व्यक्ति के मोबाइल का पूरा एक्सेस पहुंच जाता था। इसके बाद हैक किए गए मोबाइल के जरिए बैंक खातों से चंद मिनटों में खून-पसीने की कमाई साफ कर दी जाती थी। पुलिस ने इनके पास से 11 मोबाइल, 13 सिम कार्ड और 5 बाइक बरामद की हैं, जिनका इस्तेमाल ये जंगल तक पहुंचने और ठगी के उपकरणों को छिपाने में करते थे। एसपी डॉ बिमल कुमार ने कहा कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों में से कई हिस्ट्रीशीटर हैं, जो दिल्ली और गिरिडीह के विभिन्न थानों से पहले भी जेल जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद इन्होंने फिर से गिरोह बनाया और इस बार ठिकाने के रूप में जंगलों को चुना। पुलिस अब इन ठगों के बैंक खातों और अन्य संपत्तियों की भी जांच कर रही है।

### टाटानगर यार्ड के...

आशंका जताई जा रही है कि वही तेंदुआ रेलवे ट्रैक के किनारे बनी झाड़ियों के रास्ते रिहायशी क्षेत्रों तक पहुंच गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि रात के समय अकेले बाहर न निकलें और बच्चों पर विशेष नजर रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या वन विभाग को दें। इधर, रेलवे प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। टाटानगर स्टेशन यार्ड में दिन-रात शंटिंग और मालगाड़ियों की आवाजाही होती है, जिससे बड़ी संख्या में रेलकर्मी वहां कार्यरत रहते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर कर्मचारियों को रात के समय झाड़ियों और सुनसान क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है। आरपीएफ की टीम लगातार इलाके में गश्त कर रही है।

### झारखंड के पूर्व विधायक...

के मुद्दों को मजबूती से उठाया। वह बिहार सरकार और झारखंड सरकार में एक-एक बार मंत्री भी रह चुके थे। वह झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके थे। उनकी उम्र करीब 75 वर्ष थी। झारखंड की राजनीति में उनकी पहचान एक जननेता के रूप में रही। गोमिया विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे राज्य में उन्होंने कई जन आंदोलनों का नेतृत्व किया। ग्रामीण इलाकों में उनकी गहरी पकड़ थी और आम लोगों के बीच उनकी छवि एक सादगीपूर्ण और ईमानदार नेता की रही। राजनीतिक जीवन में मंत्री पद पर रहने के बावजूद, उन्होंने खुद को हमेशा एक साधारण जनसेवक के रूप में प्रस्तुत किया। स्थानीय लोग उन्हें नेता से ज्यादा अपना अभिभावक मानते थे। उनके निधन को राज्य की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। पूर्व मंत्री के निधन की खबर मिलते ही अस्पताल और उनके आवास पर समर्थकों और शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई। कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है।

### राज्यपाल, सीएम व...

उन्होंने जनसेवा एवं राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। ॐ शांति! मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख प्रकट करते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, गोमिया से पूर्व विधायक, एकीकृत बिहार सरकार एवं राज्य गठन के बाद झारखंड सरकार में मंत्री रहे आदरणीय श्री माधव लाल सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने लंबे समय तक जनसेवा और सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्व माधव बाबू का निधन सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिजनों एवं समर्थकों को यह दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें एक लोकप्रिय जननेता बताते हुए कहा कि माधव लाल सिंह का जाना राजनीति जगत के लिए एक बड़ा शून्य पैदा कर गया है। मरांडी ने कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में जनसेवा, सादगी और समर्पण का जो अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, वह प्रेरणादायी है।






# 36 साल बाद घाटी में जुटेंगे कश्मीरी पंडित, जून में होगा वैश्विक कॉन्क्लेव

**एजेंसी । वाशिंगटन**

करीब 36 साल के लंबे विस्थापन और दर्द के बाद कश्मीरी पंडित समुदाय एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौटने की ऐतिहासिक पहल करने जा रहा है। जून 2026 में पहली बार 'ग्लोबल कश्मीरी पंडित हेरिटेज टूर एंड कॉन्क्लेव' का आयोजन कश्मीर घाटी में होने जा रहा है। आयोजकों ने इसे अपने वतन से भावनात्मक पुनर्संपर्क की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम बताया है। यह कार्यक्रम 6 जून से 14 जून तक आयोजित होगा। इसका समापन 13 और 14 जून को श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में दो दिवसीय कॉन्क्लेव के साथ होगा। इस सम्मेलन की थीम 'निर्वासन से उत्कृष्टता तक- कश्मीरी पंडितों की जुझारूपन, पुनर्जागरण और वापसी की यात्रा" रखी गई है। आयोजकों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य दुनियाभर में बसे कश्मीरी पंडितों को उनकी पैतृक धरती, धार्मिक स्थलों, सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक पहचान से दोबारा जोड़ना है। कार्यक्रम के तहत एक विशेष हेरिटेज टूर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत और विदेशों से आने वाले प्रतिनिधि घाटी के मंदिरों, सांस्कृतिक धरोहर स्थलों और कश्मीरी पंडित सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि यादों, पुनर्संपर्क, पुनर्जागरण और वापसी की भावनात्मक और ऐतिहासिक यात्रा होगी। इस आयोजन को सात प्रमुख संस्थाएं मिलकर आयोजित कर रही हैं। इनमें ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा, जम्मू-कश्मीर विचार मंच, यूथ ऑल इंडिया कश्मीरी समाज, कश्मीरी पंडित एसोसिएशन मुंबई, कश्मीरी ओवरसीज एसोसिएशन यूएसए, संजीवनी शारदा केंद्र जम्मू और ऑल माइनॉरिटीज एम्प्लॉइज एसोसिएशन



ऑफ कश्मीर शामिल हैं। इसके अलावा भारत और विदेशों की 30 से अधिक संस्थाएं भी इसमें सहयोग कर रही हैं। कॉन्क्लेव में विद्वानों, उद्यमियों, नीति निर्माताओं, युवाओं, कलाकारों, सांस्कृतिक विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों

## तीन सप्ताह में नया आदेश देने का निर्देश

- **कोर्ट ने एडीएम को मामले में तीन सप्ताह के भीतर नया आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी।**
- **याचिकाकर्ता के ससुर ने विवाह का विरोध करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद एडीएम ने अतिरिक्त जांच रिपोर्ट मंगवाई**
- **9 अगस्त 2024 को एडीएम ने एफआईआर, चार्जशीट और एक लाख रुपये के लेन-देन को आधार बनाकर धर्मांतरण प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया था।**

के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। यहां सांस्कृतिक संरक्षण, राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक समरसता और कश्मीरी पंडितों की पहचान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

कार्यक्रम में राउंड टेबल चर्चा, युवा सत्र, अकादमिक पैनल b कश्मीरी भाषा, साहित्य, संगीत और अध्यात्म से जुड़े सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। अमेरिका में रहने वाले प्रसिद्ध कश्मीरी मूल के डॉक्टर सुरिंदर कौल ने कहा कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने, विरासत को बचाने और सम्मानजनक भविष्य की दिशा में सामूहिक प्रयास है। इस कॉन्क्लेव में भारत, अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को भी आमंत्रण भेजा है। इसके अलावा, मुख्यधारा के राजनीतिक नेताओं, कश्मीरी मुस्लिम और सिख समुदाय के प्रतिनिधियों, पीओजेके और वाल्मीकि समुदाय के लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि संवाद और आपसी समझ को बढ़ावा मिल सके। गौरतलब है कि 1990 के दशक की शुरुआत में कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन जम्मू-कश्मीर के इतिहास का सबसे संवेदनशील अध्याय माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने मंदिरों के पुनर्निर्माण, सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण और कश्मीरी पंडित समुदाय से जुड़ाव बढ़ाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। ऐसे समय में यह कॉन्क्लेव पहचान, वापसी, सुरक्षा और मेल-मिलाप पर चल रही बहस के बीच बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# खरीफ फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी, धान पर 72, सूरजमुखी के बीज पर बढ़ाए गये 622 रुपए



**एजेंसी । नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार ने खरीफ फसलों के वर्ष 2026-27 के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी की है। धान में 72 रुपये, ज्वार में 324 और मक्का पर 10 रुपये प्रति क्वींटर की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा सूरजमुखी के बीज पर 622 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है।

वहीं, केंद्रीय कैबिनेट ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और उन्नयन को मंजूरी दे दी है। सरकार ने एयरपोर्ट के विकास के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत निजी भागीदारी को हरी झंडी दिखाई है। इसके तहत जीएमआर नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड अगले 30 वर्षों तक एयरपोर्ट के विकास, संचालन और प्रबंधन का काम संभालेगी। कैबिनेट ने गुजरात के अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा के बीच देश की पहली सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 20,667 करोड़ रुपये है और इसे वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पत्रकार वार्ता में बताया कि सरकार ने वर्ष 2026-27 के विपणन सत्र के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि सूरजमुखी के बीज (622 रुपये प्रति क्विंटल), उसके बाद कपास (557 रुपये प्रति क्विंटल), नाइजरसीड (515 रुपये प्रति क्विंटल) और तिल (500 रुपये प्रति क्विंटल) की गई है। खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए धान (कॉमन) के एमएसपी में 72 रुपये की बढ़ोत्तरी कर इसे 2369 रुपये से 2441 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

## केंद्र सरकार ने 37,500 करोड़ की सतही कोयला गैसीकरण योजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने सतही कोयला (लिग्नाइट) गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को मंजूरी दी है।



इस योजना के तहत देश में सतही कोयला (लिग्नाइट) को गैस में बदलने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन सतही कोयले का गैसीकरण करके ऊर्जा उत्पन्न करने का है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसे बहुत बड़ा फैसला बताते हुए कहा कि भारत के पास लगभग 200 साल का कोयला भंडार है और अब इसका उपयोग गैस बनाने में किया जाएगा। इस योजना से लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की संभावना है। गैसीकरण से देश की ऊर्जा निर्भरता कम होगी और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी), यूरिया, अमोनिया और मीथेनॉल जैसे उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम होगी।


## ब्रिक्स बैठक के लिए ईरान-उज्बेकिस्तान व कजाकिस्तान के नेता पहुंचे दिल्ली

**नई दिल्ली ।** ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14-15 मई को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान के उप विदेश मंत्री अलोएव बखरोमजोन जोराबोएविच, ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी, कजाकिस्तान के प्रथम उप विदेश मंत्री येरजहान अशिकबायेव और नाइजीरिया के विदेश मंत्रालय के स्थाी सचिव डुनोमा उमर अहमद बुधवार को यहां पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अलग-अलग एक्स पोस्ट में इन अधिकारियों के आगमन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी से द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और नाइजीरिया के अधिकारियों का भी यहां आगमन पर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि ये सभी नेता ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत आए हैं।

## दवाइयां बेचकर चलाते थे खर्च : मृणाल सेन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय सिनेमा के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जिन्होंने फिल्मों को सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज का आईना बना दिया। ऐसे ही महान फिल्मकारों में एक नाम मृणाल सेन का भी शामिल है। मृणाल सेन ने अपनी फिल्मों के जरिए आम आदमी की जिंदगी, समाज की परेशानियों, राजनीति, बेरोजगारी और गरीबी को बड़े पर्दे पर दिखाया। यही वजह रही कि उन्हें भारतीय समानांतर सिनेमा का मजबूत स्तंभ माना गया। बहुत कम लोग जानते हैं कि फिल्मों की दुनिया में नाम कमाने से पहले मृणाल सेन ने दवाइयों के एजेंट के तौर पर भी काम किया था। नौकरी करते हुए भी उनका मन सिनेमा और साहित्य में ही लगा रहता था। मृणाल सेन का जन्म 14 मई 1923 को अविभाजित बंगाल के फरीदपुर में हुआ था, जो अब बांग्लादेश में है। उनके पिता दिनेशचंद्र सेन पेशे से वकील थे और स्वतंत्रता आंदोलन का समर्थन करते थे। मृणाल ने कोलकाता से फिजिक्स की पढ़ाई की। कॉलेज के दिनों में



**मृणाल ने कोलकाता से फिजिक्स की पढ़ाई की, कॉलेज के दिनों में उनका झुकाव साहित्य, थिएटर और राजनीति की तरफ बढ़ने लगा**

उनका झुकाव साहित्य, थिएटर और राजनीति की तरफ बढ़ने लगा। उन्हें किताबें पढ़ने का बेहद शौक था। एक दिन उनके हाथ लेखक रुडोल्फ अर्नहेम की किताब 'फिल्म ऐज आर्ट' लगी। इस किताब ने उनकी सोच बदल दी और यहीं से उनका सिनेमा की तरफ झुकाव बढ़ गया। इसके बाद उन्होंने फिल्मों और सिनेमा से जुड़ी कई किताबें पढ़ीं। वह घंटों लाइब्रेरी में बैठकर सिनेमा को समझने की कोशिश करते थे। मृणाल सेन के लिए फिल्मों में जगह बनाना आसान नहीं था।


# आधार नियम 2026 : बदल गई आपकी डिजिटल पहचान की पूरी प्रक्रिया, जानें क्या हैं नए प्रावधान

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** भारत में हर नागरिक के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका 'आधार' अब एक नए अवतार में हमारे सामने है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने Aadhaar (Enrolment and Update) First Amendment Regulations, 2026 लागू कर दिए हैं। इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य आधार बनवाने (एनरोलमेंट) और उसे अपडेट करने की प्रक्रिया को कहने के लिए और सरल, पारदर्शी व समावेशी बनाना है। यदि आप भी अपने आधार में बदलाव की सोच रहे हैं या परिवार के नए सदस्यों का आधार बनवाना चाहते हैं, तो इन नियमों को समझना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है।

**दस्तावेजों की सूची में विस्तार–** नए नियमों के तहत सबसे बड़ी राहत दस्तावेजों की बढ़ी हुई सूची से मिली है। अक्सर लोग पुराने या सीमित दस्तावेजों के कारण आधार केंद्रों के चक्कर काटते थे, लेकिन अब भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI )ने विकल्पों की झड़ी लगा दी है।

अब आप **ई-वोटर आईडी , ई-राशन कार्ड विवाह प्रमाण पत्र, और यहाँ तक कि तलाक**




एआई जेनरेटेड

**डिक्री** का उपयोग भी पहचान और पते के प्रमाण के रूप में कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बिजली-पानी के बिल, बैंक पासबुक, बीमा पॉलिसी और रजिस्टर्ड किराया एग्रीमेंट जैसे दस्तावेजों को भी अधिक सुव्यवस्थित तरीके से स्वीकार किया जाएगा। यह कदम डिजिटल इंडिया की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, जिससे कागजी बाधाएं कम होंगी।

**बच्चों के लिए 'एचओएफ' आधारित पंजीकरण पर जोर–** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने बच्चों के आधार को लेकर नियमों को और सख्त और स्पष्ट बनाया है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए अब परिवार के मुखिया(HoF) आधारित एनरोलमेंट को अनिवार्य किया गया है। इसका मतलब है कि बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के साथ माता-पिता या कानूनी अभिभावक के आधार और दस्तावेजों का होना अनिवार्य होगा। 5 से 18 वर्ष के किशोरों के लिए भी परिवार के मुखिया मॉडल को प्राथमिकता दी गई है, ताकि सुरक्षा और डेटा की शुद्धता बनी रहे।

**समावेशिता की ओर कदम: ट्रांसजेंडर और विशेष वर्ग के लिए राहत–**
2026 के ये नए नियम सामाजिक न्याय की दिशा में भी महत्वपूर्ण हैं। पहली बार, ट्रांसजेंडर पर्सन्स एक्ट, 2019 के तहत जारी प्रमाण पत्रों को आधार अपडेट के लिए पूर्ण वैधता दी गई है। अब इस समुदाय के व्यक्ति अपने नाम, लिंग और पते को आसानी से अपडेट करा सकेंगे। साथ ही, अनाथ बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए भी नियमों को लचीला बनाया गया है। शेल्टर होम के प्रमाण पत्र और जेल पहचान पत्र को भी अब वैध दस्तावेजों की श्रेणी में रखा गया है।

**विदेशी नागरिकों और ओसीआई कार्ड धारकों के लिए समय सीमा तय–**
सुरक्षा और डेटा प्रबंधन को देखते हुए, UIDAI ने विदेशी नागरिकों के लिए आधार की वैधता अवधि निर्धारित कर दी है:

- **OCI कार्डधारक और नेपाल/भूटान के नागरिक: इनका आधार 10 साल के लिए वैध होगा।**
- **अन्य विदेशी नागरिक: इनका आधार उनके वीजा या FRRO परमिट की अवधि तक ही सक्रिय रहेगा।**

### ध्यान देने योग्य बातें -

नियमों में बदलाव के साथ UIDAI ने स्पष्ट किया है कि कोई भी दस्तावेज तभी मान्य होगा जब:

- **1. वह वैध हो और उसकी एक्सपायरी डेट न निकली हो।**
- **2. दस्तावेज पर दी गई जानकारी आवेदन करने वाले व्यक्ति से पूरी तरह मेल खाती हो।**
- **3. जारी करने वाली संस्था ने उस दस्तावेज को रद्द न किया हो।**

यदि आपका आधार पुराना है, तो इन नए नियमों के तहत अपने दस्तावेजों को अपडेट करा लें वरना बहुत परेशानी हो सकती है।